


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 ▸ अंक 121 ▸ पृष्ठ 12 ▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

मौनी अमावस्या आज

● रीवा, बुधवार 29 जनवरी 2025 ● माघ कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2081


## संक्षिप्त खबरें

### डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर पाबंदी की तैयारी

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र सरकार ने बढ़ते प्रदूषण की वजह से मुंबई महानगर पालिका क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए उसने 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है, जो अगले 3 महीने में सुझाव देगी। रिटायर्ड आईएएस सुधीर श्रीवास्तव कमेटी को लीड करेंगे। इसमें ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, जॉइंट पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक, महानगर गैस लिमिटेड के एमडी, पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अध्यक्ष और जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सदस्य होंगे। यह कमेटी स्टडी के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट्स को भी पैनल में शामिल कर सकेगी।

मुंबई महानगर में पड़ोसी ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले के क्षेत्र भी शामिल हैं। यानी डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध को लेकर इन इलाकों में भी स्टडी होगी।

### सोलापुर में मिले जीबी सिंड्रोम के 9 नए केस

**सोलापुर, जेएनएन।** महाराष्ट्र के सोलापुर में मंगलवार को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के 9 और केस सामने आए। अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इन मरीजों में 73 पुरुष और 37 महिलाएं हैं, जबकि 17 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। एक मरीज की मौत होने की खबर है। इससे पहले 26 जनवरी को भी एक मौत हो गई थी।

सोलापुर सरकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजीव ठाकुर के मुताबिक मरीज को सांस फूलने, निचले अंगों में कमजोरी और दस्त जैसे लक्षण थे। वह 18 जनवरी से लगातार वेंटिलेटर सपोर्ट पर था।

डीन ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए क्लिनिकल पोस्टमार्टम किया गया है। जांच के लिए ब्लड सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजा गया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों से 34 वाटर सैंपल भी केमिकल और बायोलॉजिक एनालिसिस के लिए पब्लिक हेल्थ लैब भेजे गए। इनमें से सात सैंपल में पानी के दूषित होने की सूचना मिली है। सोलापुर में जीबी सिंड्रोम फैलने के कारण महाराष्ट्र सरकार अलर्ट हो गई है।

### 100 करोड़ी सिपाही की गिरफ्तारी पर दिन भर चला ड्रामा, शाम को लोकायुक्त पुलिस ने किया कोर्ट में पेश

# सौरभ-चेतन 7 दिन की रिमांड पर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापे में करोड़ों की संपत्ति बरामद होने के बाद चर्चाओं में आए परिवहन का पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को भोपाल की विशेष लोकायुक्त कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। सौरभ और चेतन को कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार शाम लोकायुक्त की टीम ने अदालत में पेश किया। अदालत ने सौरभ और चेतन का हर दिन मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश भी रिमांड पर सौंपने के दौरान दिए हैं।

लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ और चेतन का सात दिनों का पुलिस रिमांड मांगा। सौरभ और चेतन के वकीलों ने इसका विरोध किया। दोनों ने कहा कि यदि रिमांड दिया जाए तो दोनों का हर रोज मेडिकल परीक्षण होना चाहिए और ये तय होना चाहिए कि उनके साथ किसी तरह की प्रताड़ना न हो। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता अधिवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता ने तर्करखा कि जांच एजेंसियों की पूछताछ में सौरभ और चेतन की जान को खतरा हो सकता है। सभी पक्षों को सुनने के बाद विशेष लोकायुक्त न्यायाधीश रामप्रताप मिश्र ने सौरभ और चेतन को 7 दिनों की रिमांड पर लोकायुक्त पुलिस को सौंपने का फैसला सुनाया। इस मामले पर अगली सुनवाई 4 फरवरी को होगी। फिलहाल सरेंडर करने वाले सौरभ के एक अन्य साथी शरद जायसवाल को लोकायुक्त पुलिस ने अदालत में पेश नहीं किया है, उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर के मुताबिक लोकायुक्त थाने में लॉकअप और रिमांड रूम की सुविधा न होने के कारण सौरभ व चेतन को कोहेफिजा थाने में रखा गया है।



सौरभ शर्मा



चेतन सिंह गौर



**शरद जायसवाल ने भी किया सरेंडर पेज-5 पर**

#### दिन भर का घटनाक्रम: 10 बजे पेश होने से पहले ही गिरफ्तारी

- सुबह लगभग 10 बजे पेश होने से पहले ही सौरभ को किया लोकायुक्त टीम ने अरेस्ट
- 10.45 सौरभ को ले जाया गया कोहेफिजा स्थित लोकायुक्त पुलिस कार्यालय
- 11 इस मामले में न्यायमित्र अधिवक्ता सिद्धार्थ ने कोर्ट में पेश किया आवेदन
- 12 सौरभ शर्मा को पेश होना था अदालत में
- दोपहर 3 सहयोगी चेतन गौर 10 नंबर बस स्टॉप के पास से किया अरेस्ट
- 3.30 अन्य सहयोगी शरद जायसवाल ने भी लोकायुक्त थाने जाकर किया सरेंडर
- शाम 5.1 मिनट पर अदालत में सौरभ और चेतन को किया पेश
- 5. 3 पर गरफ्तारी पर बहस शुरू
- 5.26 तक जज के सामने सभी अधिवक्ताओं ने रखे अपने तर्क
- 5.27 पर न्यायाधीश रामप्रताप मिश्र डायस से अपने चैंबर में गए, फैसले का डिक्टेशन दिया
- 6.54 पर सौरभ और चेतन को सात दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने का फैसला
- 7.11 पर दोनों को लेकर अदालत से रवाना हुई लोकायुक्त पुलिस की टीम

#### अनुत्तरित सवाल, जिनके जवाब जरूरी हैं


**जागरण अभिमत**

सौरभ शर्मा लोकायुक्त छापे के दो दिन पहले ही, 16 दिसंबर को भोपाल से दुबई चला जाता है। 25 दिसंबर को उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी होने के दो दिन पहले यानि की 23दिसंबर को वह भारत लौट आता है। न तो वह अंतर्यामी है और न ही भविष्यवक्ता, इसका मतलब यह है कि उसे लोकायुक्त, ईडी और आयकर की कार्रवाई के बारे में पल-पल की जानकारी कोई और दे रहा था। अब सवाल यह है कि आखिर वह कौन है जो उसे इतनी गोपनीय जानकारियां मुहैया करा रहा था।

23 दिसंबर को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरकर वह कार से उत्तराखंड चला जाता है। एक महीने से अधिक समय तक वह वहां रहता है लेकिन किसी भी जांच एजेंसी को भनक तक नहीं लगती। यहां तक कि सोमवार 28 जनवरी को वह खुद राजधानी भोपाल की एक अदालत में सरेंडर का आवेदन देने पहुंच जाता है,

■ शेष पृष्ठ 7 पर

### आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने जसप्रीत बुमराह



**दुबई, जेएनएन।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिए चुना गया। 31 साल के बुमराह को सोमवार को आईसीसी का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया और उन्हें वर्ष की टेस्ट टीम में भी जगह मिली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक को अवॉर्ड की रेस में पीछे छोड़ा। ये सम्मान पाने वाले बुमराह पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। बुमराह से पहले भारत से राहुल द्रविड़ (2004), सचिन तेंदुलकर (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2017 और 2018) को यह पुरस्कार मिल चुका है। आईसीसी ने कहा कि वर्ष 2024 में बुमराह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के प्रारूप में विरोधी टीमों पर दबाव बनाए रखा। महिलाओं में न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमीलिया केर ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता।

### मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वालिटी की याचिका खारिज की

# प्रदेश में पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलने का रास्ता साफ

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने यूथ फार इक्वलिटी की वह याचिका मंगलवार को निरस्त कर दी, पूर्व में जिसकी सुनवाई करते हुए 87:13 का फार्मूला तैयार किया गया था। इसी के साथ राज्य में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड पद अनहोल्ड किए जाने का रास्ता भी साफ हो गया। साथ ही ओबीसी आरक्षण को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का भी अंत हो गया।



वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि महाधिवक्ता के अभिमत के कारण चार अगस्त, 2023 को हाई कोर्ट ने समस्त भर्तियों में 87:13 का फार्मूला लागू किया था। अब जबकि यूथ फॉर इक्वालिटी की याचिका खारिज हो गई है, तो आरक्षण से संबंधित विवाद भी समाप्त हो गया है। यह भर्ती प्रक्रिया को सुचारू करने की दिशा में एक अहम कदम है। इसके बाद प्रदेश में रुकी हुई सभी भर्तियां हो सकेंगी। इससे ओबीसी उम्मीदवारों को लाभ मिलेगा।

याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यह आरक्षण संविधान के प्रविधानों का उल्लंघन करता है और समानता के अधिकार को प्रभावित करता है। लेकिन हाई कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए याचिका को अस्वीकार कर दिया। हाई कोर्ट ने मंगलवार के आदेश में साफ कर दिया कि प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई समस्या नहीं है।

### जैन धर्म के महोत्सव में हादसा, सात की मौत

**बागपत, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते चले गए। हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 80 से अधिक लोग घायल हैं। गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना में खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचाया। सीएम योगी ने मामले का संज्ञान लिया है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। हादसा बागपत शहर से 20 किलोमीटर दूर बड़ौत में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था।


## सीएम ने जापान में टोयोटा के वरिष्ठ अधिकारियों से निवेश पर की चर्चा

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के पहले दिन टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने तोशियूकी नाकाहारा महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन और मासाहिरो नोगी परियोजना महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन के साथ व्यापारिक संभावनाओं और के निवेश के अवसरों पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन बताते हुए राच्य की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया। डॉ. यादव ने टोयोटा को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया और विशेष रूप से तकनीकी नौकरियों में युवाओं के प्रशिक्षण और सशक्तिकरण के लिए संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, टोयोटा के लिए अपनी सुविधाएं स्थापित करने और व्यावसायिक विस्तार के लिए एक आदर्श स्थान है। हमारी उद्योग नीतियां निवेश प्रोत्साहन और भूमि उपलब्धता और वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में सहायक हैं। टोयोटा के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिवेश ■ शेष पृष्ठ 7 पर



## बोगी के दरवाजे नहीं खुले तो प्रयाग जा रही ट्रेन पर पथराव

**जागरण, छतरपुर।** प्रयागराज जा रही ट्रेन पर प्रदेश के हरपालपुर, छतरपुर और खजुराहो रेलवे स्टेशन पर पथराव का मामला सामने आया है। महू से प्रयागराज के लिए निकली अंबेडकर नगर- प्रयागराज एक्सप्रेस देर रात हरपालपुर स्टेशन पहुंची। ट्रेन पहले से ही भरी हुई थी। जब अंदर बैठे यात्रियों ने बोगियों के दरवाजे नहीं खोले तो प्लेटफॉर्म पर खड़े लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने पथराव और तोड़फोड़ कर दी। पथराव में ट्रेन में बैठे कुछ यात्रियों को मामूली चोटें भी आई हैं। ट्रेन की कई बोगियों के दरवाजे और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। कुछ यात्रियों ने घटना का वीडियो भी बनाया। पथराव के दौरान आरपीएफ जवान मौके पर थे। इसके बाद सिविल पुलिस भी मौके पर पहुंची। समझाइश के बाद 40 मिनट देरी से ट्रेन को रवाना किया गया। रेलवे मंडल झांसी के पीआरओ मनोज सिंह ने बताया कि प्रयागराज जाने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई थी। कुछ महिलाएं और पुरुष ट्रेन के गेट खोलने को कह रहे थे। जब गेट नहीं खुले तो लोगों ने हंगामा किया। वीडियो में कुछ लोग कांच में तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं।




घटना के दौरान फौरन ही आरपीएफ मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर ट्रेन को रवाना कराया। हमने ओरछा से एक स्पेशल ट्रेन प्रयागराज के लिए चलाई है, ताकि किसी को कोई असुविधा न हो।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिया निर्देश

# आरोपी को वॉट्सऐप या ई-मेल से भेजा गया नोटिस मान्य नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने वॉट्सऐप, ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड से आरोपी को नोटिस या वारंट भेजने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्यों से कहा है कि वे पुलिस को निर्देश दें कि वह सीआरपीसी की धारा 41-ए या बीएनएसएस की धारा-35 के तहत आरोपी को नोटिस देने के लिए पारंपरिक तरीकों का उपयोग करे।



बता दें कि सीआरपीसी की धारा 41-ए या बीएनएसएस की धारा-35 के अनुसार, संज्ञेय अपराध की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी को सबसे पहले संदिग्ध को नोटिस जारी कर उसे पेश होने के लिए कहना होगा। अगर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस अधिकारी के सामने पेश होता है और जांच में सहयोग करता है, तो उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। लेकिन कुछ मामले ऐसे आए, जिनमें वॉट्सऐप या ईमेल पर नोटिस भेज दिया गया और जब आरोपी हाजिर नहीं हुआ तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

लिहाजा यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा के सुझाव को स्वीकार करते हुए जस्टिस एमएम सुंद्रेश और राजेश बिंदल की बेंच ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### यह है मामला

हरियाणा के डीजीपी कार्यालय ने 26 जनवरी 2024 को एक आदेश जारी किया था, इसमें कहा गया था कि पुलिस सीआरपीसी, 1973 की धारा 41-ए या बीएनएसएस-2023 की धारा 35 के तहत किसी भी आरोपी को वॉट्सऐप, ई-मेल, एसएमएस या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड से नोटिस जारी कर सकती है। इस आदेश को ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे लेकर कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को न्याय मित्र नियुक्त किया था।






**बदलाव** | कार्य की गुणवत्ता सुधारने के लिए ब्रिटेन की 200 कंपनियों ने लिया फैसला

# कर्मचारी करेंगे हफ्ते में सिर्फ 4 दिन काम, 3 दिन आराम

**लंदन, जेएनएन।** एक तरफ भारत में सप्ताह में 70 से 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस छिड़ी हुई है। वहीं दूसरी तरफ, ब्रिटेन की 200 कंपनियों ने ऐलान किया है कि वह अपने कर्मचारियों को सप्ताह में 3 दिन की छुट्टी देंगी। यानी इन कंपनियों में सप्ताह में चार दिन काम करने का नियम लागू किया जाएगा। अभी यहां सप्ताह में पांच दिन काम होता है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 200 कंपनियों में 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। इन कंपनियों में से ज्यादातर तकनीकी, आईटी, मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं। कंपनियों का कहना है कि सप्ताह में पांच दिन काम करने की परंपरा पुराने समय के लिए ठीक थी। तब कर्मचारियों को तनाव नहीं झेलना पड़ता था। रहना-खाना सस्ता था, इसलिए कर्मचारी कार्यस्थल के आसपास ही रहने लगते थे। अब उन्हें कार्यस्थल तक जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, क्योंकि शहर बढ़े हो गए हैं। तनाव भी बहुत बढ़ गया है, क्योंकि आज के दौर में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है। इससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम यह होता है कि कंपनियों को फायदे की जगह नुकसान होता है।



एक रिपोर्ट के अनुसार, स्पार्क मार्केट रिसर्च के एक रिसर्च से पता चलता है कि ब्रिटेन के 18 से 34 वर्ष की आयु के लगभग 78 प्रतिशत लोगों का मानना है कि आने वाले पांच सालों में 4 डे वर्क वीक सामान्य हो जाएगा। हालांकि, अमेजन और जेपी मॉर्गन चेस जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों को सप्ताह में पांच दिन काम करने के लिए कहती हैं, लेकिन उन्हें भी अपनी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए फोरडे वर्किंग पर आना पड़ेगा।

#### तनाव न हो तो ज्यादा काम संभव

अब हफ्ते में सिर्फ 4 दिन काम करने से कर्मचारियों को आराम मिलेगा और वे अपने काम में खुश भी नजर आएंगे। उनकी पारिवारिक जिंदगी की गुणवत्ता सुधरेगी तो उनका मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहेगा। साथ ही वे ज्यादा उत्साह से काम करेंगे। इससे उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। अगर किसी कर्मचारी का मानसिक स्वास्थ्य ठीक हो, वह तनाव मुक्त हो तो वह ज्यादा काम कर सकता है। इन कंपनियों को चार दिन काम के लिए प्रेरित करने वाले मनोवैज्ञानिक जो राएल का कहना है कि चार दिन का कार्य सप्ताह कर्मचारी और कंपनी दोनों के लिए फायदेमंद होता है, इसीलिए यूरोप के ज्यादातर देशों की मार्केटिंग, मीडिया और ऐड कंपनियां 4डे वीक कल्चर को अपना रही हैं। जिन कंपनियों ने इस नीति को अपनाया है, उन्हें अच्छे नतीजे देखने को मिले। कंपनियों का उत्पादन बढ़ गया।



वरुण का पंजा बेकार, इंग्लैंड सीरीज में बरकरार (पेज 11)

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज अब 13 पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कोर्स कराएगा

# मेडिकल कॉलेज में हेल्थ इंस्पेक्टर और मेडिकल रिकार्ड साइंस के दो नए सर्टिफिकेट कोर्स किए गए शुरू

## 29 जनवरी से शुरू होगी पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया

### 12वीं पास छात्र कर सकेंगे आन लाइन आवेदन

**जागरण, रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से 13 पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कोर्स किए जा सकेंगे। पाठ्यक्रम की स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार से पवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस मर्तबा दो नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं। छात्र हेल्थ इंस्पेक्टर और हास्पिटल मेडिकल रिकार्ड साइंस जैसे पाठ्यक्रम में भी प्रवेश लेकर कॅरियर सवार सकेंगे।

ज्ञात हो कि श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में सिर्फ एमबीबीएस की ही पढ़ाई नहीं होती। यहां नर्सिंग के अलावा पीजी और पैरामेडिकल पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं। पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के एि मप्र सह चिकित्सकीय परिषद से आदेश मिलने के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बुधवार से आनलाइन आवेदन कर 13 पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र आवेदन कर सकेंगे। कुल 205 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। 29 से प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी और 4 फरवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद 11 और 12 फरवरी को स्क्रूटनी के बाद काउंसलिंग और प्रवेश देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस मर्तबा पैरामेडिकल कोर्स में दो नए पाठ्यक्रम जोड़े गए हैं। इसमें हेल्थ इंस्पेक्टर और हास्पिटल मेडिकल रिकार्ड साइंस सर्टिफिकेट कोर्स भी शामिल किए गए हैं। इनमें भी छात्र प्रवेश ले सकेंगे। डिप्लोमा कोर्स दो साल का और सर्टिफिकेट कोर्स 1 वर्ष का होगा।

**29 जनवरी से शुरू होंगे प्रवेश के आवेदन :** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023-23 के लिए 29 जनवरी से प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 4 फरवरी रखी गई है। 11 और 12 फरवरी को स्क्रूटनी और काउंसलिंग, प्रवेश की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आउंसलिंग डीएनएस चौधरी हाल में आयोजित किया जाएगा। प्रवेश के लिए छात्र एमपी आनलाइन से आवेदन कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अनारक्षित वर्ग के लिए 700 रुपए और आरक्षित वर्ग के लिए 500 रुपए की फीस निर्धारित की गई है।

**शैक्षणिक योग्यता और आरक्षण :** पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञा मं कम से कम 40 फीसदी अंक के साथ 10+2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। एससी, एसटी, ओबीसी अभ्यर्थियों को इस मामले में 5 फीसदी अंकों में छूटदी जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक वर्ग में क्षैतिज रूप से 30 फीसदी सीट महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगे। 10 फीसदी सीटें शासकीय सेवारत विभागीय कर्मचारियों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम मं आरक्षित रहेंगी। इसके अलावा दिव्यांग प्रवर्ग के जिलए जो मप्र के मूल निवासी है उनके लिए 5 फीसदी सीटें आरक्षित रहेंगी।




**मेडिकल कॉलेज में संचालित पैरामेडिकल कोर्स और सीटें**

| पाठ्यक्रम का नाम | स्वीकृत पद |
|---|---|
| मेडिकल लैब टेक्नीशियन | 30 |
| एक्सरे टेक्नीशियन | 10 |
| एनेस्थीसिया टेक्नीशियन | 20 |
| माइक्रोबायलॉजी | 20 |
| कैथ लैब टेक्नीशियन | 10 |
| डायलिसिस टेक्नीशियन | 20 |
| पीएफटी टेक्नीशियन | 10 |
| ऑप्टोमैट्रिक रिफ्रेक्शन | 15 |
| आर्थो टेक्नीशियन | 20 |
| ईसीजी टेक्नीशियन | 20 |
| ओटी टेक्नीशियन | 10 |
| हेल्थ इंस्पेक्टर | 10 |
| हास्पिटल मेडिकल रिकार्ड साइंस | 10 |

इस मर्तबा दो नए सर्टिफिकेट कोर्स शामिल किए गए हैं। 13 पाठ्यक्रमों में छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। कुल 205 सीटों में छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।

**डॉ लोकेश त्रिपाठी**
**नोडल अधिकारी**
**पैरामेडिकल अनुभाग रीवा**

## खुले में कचरा फेंकने एवं डस्टबिन न रखने पर हुई चालानी कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** शहर में खुले कचरा फेकने तथा उुकानों के सामने डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अब चालानी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मंगलवार को स्वच्छता निरीक्षक द्वारा नये बसस्टैण्ड के आसपास कई दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया गया। निगमायुक्त के निर्देशानुसार खुले में कचरा फेकने वालो एवं डस्टबिन न रखने वाले तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर कार्यवाही जा रही है। मंगलवार को नगर निगम रीवा क्षेत्र अंतर्गत जोन क्र. 3 में नया बस स्टैण्ड के आसपास दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा फेकने एवं डस्टबिन न रखने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाये जाने पर डिजटली चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में कुल 8500 रूपये की चालानी की गई एवं समझाइस दी गई कि दुकानों में डस्टबिन रखे एवं लोगों को डस्टबिन में ही कचरा डालने के लिये प्रेरित करें। शहर को साफ स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक आकाश वर्मा के साथ उनकी टीम मौजूद रही।

# मार्तंड स्कूल प्रांगण में तीन दिवसीय मेगा भारत प्रदर्शनी का शुभारंभ

## सांसद ने कहा- देखने सीखने और मनन करने का अवसर देती है प्रदर्शनी



**जागरण, रीवा।** शहर के मार्तंड स्कूल प्रांगण में तीन दिवसीय मेगा भारत प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद जनार्दन मिश्रा ने किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि ज्ञान विज्ञान के माध्यम से यशस्वी भारत की कल्पना को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हो रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से प्राचीनता और आधुनिकता के ज्ञान विज्ञान का संगम हो रहा है। रीवा संसदीय क्षेत्र के युवा, किसान, बुद्धिजीवी, व्यापारी प्रदर्शनी में पहुंचकर नवाचार को देखकर अपने लिए उपयोगी संसाधनों का उपयोग कर आधुनिकता के साथ अपने कार्य क्षेत्र की गति बढ़ाने में लाभ उठाएं। यह प्रदर्शनी देखने, सीखने और मनन करने का उचित माध्यम बन चुकी है। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियों के माध्यम से हमारे विंध्य क्षेत्र के लोग अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाकर अपनी क्षमताओं में बेतहाशा वृद्धि कर सकते हैं। प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा के युवाओं का नवाचार अत्यंत ही सराहनीय है। इंजी. नरेंद्र प्रजापति ने मेगा प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन प्रदर्शनियों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को एक नया वातावरण और सृजनात्मक गुणात्मक ज्ञान की वृद्धि करने का अवसर मिलता है। पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी एवं पंचूलाल प्रजापति ने प्रदर्शनी आयोजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विविधता से परिपूर्ण ज्ञान देने का काम किया है। अतिथियों द्वारा सभी स्टाल का निरीक्षण कर विभिन्न संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकनकर सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा की गई।

**सूर्य की दिशा में घूमने वाले सोलर पैनल का प्रदर्शन :** मार्तण्ड स्कूल प्रांगण में इंजीनियरिंग कालेज रीवा के छात्रों ने सौर ऊर्जा से अधिक से अधिक बिजली पैदा करने के लिए ऐसा सोलर पैनल विकसित किया है जो सूर्य की दिशा में घूमता है। इससे स्थिर सोलर पैनल की अपेक्षा अधिक बिजली पैदा करता है। स्टाल में मौजूद छात्राओं जान्हवी पाण्डेय, आकांक्षा तिवारी, खुशी शर्मा, जया तिवारी, आलोक पाण्डेय, आर्यन पाण्डेय, यादवेन्द्र तिवारी आदि ने बताया कि 100 किलोवाट क्षमता के ये सोलर पैनल सुबह से शाम तक सूर्य की दिशा में घूमते हैं जिससे सूर्य ढलने के बाद भी सोलर पैनल में सीधा प्रकाश पड़ता है। इससे कम पैनल में भी अधिक बिजली पैदा की जा सकती है। सभी अतिथियों ने छात्रों की इस खोज की सराहना की है।

**प्रदर्शनी के शुभारंभ में ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडे, राजेंद्र त्रिपाठी, योगेद्र शुक्ला, राजगोपाल चारी, विवेक गौतम, शिवम द्विवेदी, शिवेंद्र शुक्ला, गौरव पांडे, संजीव शुक्ला एवं स्थानीय पार्षद उपस्थित रहे। स्वागत भाषण प्रदर्शनी के संचालक आनंदपाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष तिवारी ने किया। प्रदर्शनी संचालक टीम के दीपक सिंह मेहता, साक्षी सैनी, संतोष पवार, साक्षी रावत, आकृति शुक्ला, आयुष नेमा ने सहभागिता निभाई। सांसद ने राजकुमार शर्मा, प्रदर्शनी के संचालक आनंदपाल, स्नेह लता त्रिपाठी एवं आशीष तिवारी का सम्मान किया। बुधवार 29 जनवरी को दोपहर प्रदर्शनी स्थल पर प्रसिद्ध कलाकार रघुवीर शरण श्रीवास्तव, बघेली लोकगायिका सुषमा शुक्ला, वर्तिका शुक्ला, शिबू द्विवेदी एवं साथियों द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

**मेगा प्रदर्शनी में लगे हैं इन संस्थाओं के स्टाल :** यह प्रदर्शनी देश के कई राज्यों के प्रमुख संगठनों का प्रदर्शन कर रही है। इनमें केंद्रीय भंडारण निगम, नाबार्ड, ट्राइफेड, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एडीसी हस्तशिल्प, कृषि बीमा, लघु उद्योग विकास बैंक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम, कृषि महाविद्यालय, कृषि विभाग, मध्य प्रदेश एएवीएनएल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, अमूल, टी बोर्ड, भारतीय मानक ब्यूरो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिक्किम बांस मिशन, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद, डाक विभाग, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, विदेश व्यापार महानिदेशालय, केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, भारतीय स्टेट बैंक, पादप किस्मों और किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, जल शक्ति मंत्रालय, उद्यान एवं रोपण फसल निदेशक चेपॉक, चेन्नई, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय कृषि प्रबंधन संस्थान, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफइंडिया शामिल हैं। ये संस्थाएं समाज में अपने महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सामूहिक रूप से काम कर रही हैं।

आयुष्मान
में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लॅडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हर्निया • ओवेरियन सिस्ट
• डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रेक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स
• सुडोपेन कियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

महाकुम्भ मेला 2025
आवश्यक सूचना
रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी
मुख्य स्नान पर्व एवं तिथिः
मौनी अमावस्या - 29.01.2025 | बसंत पंचमी - 03.02.2025 | माघी पूर्णिमा - 12.02.2025 | महाशिवरात्रि - 26.02.2025

अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए सम्बन्धित स्टेशन पर ही पहुँचें।

| दिशा की ओर | स्टेशन |
|---|---|
| विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार, चोपन, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय), बक्सर, पटना, गया, राँची, जसीडीह, आसनसोल, हावड़ा एवं पुरी की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट, महोबा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, बीना, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, कल्याण एवं मुम्बई की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| सिराथू, फतेहपुर, कानपुर, पनकी धाम, इटावा, टूण्डला, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली, चंड़ीगढ़ एवं जम्मू की ओर | प्रयागराज जं., सूबेदारगंज |
| ऊँचाहार, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, बरेली, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, जंघई, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, गोंडा एवं बहराइच की ओर | प्रयाग जं., फाफामऊ जं. |
| ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, मऊ, भटनी, गोरखपुर, बलिया एवं छपरा की ओर | प्रयागराज रामबाग, झूँसी |

मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास - केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश - लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

नैनी जं. से निकास - केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश - केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |
| 3,4 | 4 B,A पीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1 |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास - केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश - केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1B | 1 हरा रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1,2 |
| 1A | 2 लाल रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | 3,4 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास - केवल जी.टी. रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश - केवल झलवा की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | – | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

तीर्थयात्रियों हेतु आवश्यक सुझाव
यह ज़रूर करें
- अपने साथ के छोटे बच्चों तथा वृद्धजनों की जेब में घर के किसी सदस्य का नाम, मोबाइल नंबर तथा घर का पूरा पता कागज पर लिखकर रख दें, जिससे खो जाने पर आसानी से उन्हें आपके पास पहुंचाया जा सके। इसी प्रकार अपने अटैची व बैग में भी पूरा पता लिखी हुई पर्ची अवश्य रखें।
- जेबकतरों व अराजक तत्वों से सतर्क रहें तथा अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें। यात्रा के दौरान सूटकेस, अटैची आदि सामान को सीट अथवा बर्थ से लगी हुई चेन में बांधकर उसमें ताला लगा कर रखें।
- खड़े होने तथा बैठने के स्थान व आस-पास के व्यक्तियों को सावधानी पूर्वक देख लें, कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति/सामान तो नहीं है। किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु होने पर निकटतम पुलिसकर्मी से मदद लें और उसकी सूचना तुरंत दें।
- गाड़ियों के स्टेशन से रवाना होते समय यात्रीगण अपने पहने हुए जेवरात तथा अन्य कीमती सामान के प्रति सचेत रहें।
- अपना सामान केवल कुलियों अथवा यात्री सुविधा केंद्र के कर्मियों के द्वारा ही ले जाएं तथा उनका बैज नंबर अवश्य नोट करें।
- किसी भी घटना या परेशानी के लिए तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल से सहायता प्राप्त करें।

यह बिल्कुल न करें
- किसी भी लावारिस वस्तु को न छुएं, यह बम अथवा अन्य विस्फोटक वस्तु हो सकती है। इसकी सूचना तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस/रेलवे सुरक्षा बल कर्मी अथवा 139 पर अवश्य दें।
- किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा दी गई खाने-पीने की वस्तु का उपयोग न करें इसमें ज़हर हो सकता है। खाने-पीने का सामान अधिकृत वेंडरों से ही खरीदें।
- चलती गाड़ी को रोकने के लिए अनावश्यक चेन खींचना अपराध है। ऐसा करने पर जुर्माना तथा जेल दोनों हो सकती है।
- टिकट हमेशा टिकट खिड़की, ए.टी.वी.एम. अथवा रेलकर्मी के पास उपलब्ध मोबाइल टिकटिंग मशीन से ही खरीदें, किसी अनाधिकृत व्यक्ति से नहीं।
- स्टेशन एवं ट्रेन के डिब्बे को गंदा ना करें, यह दण्डनीय अपराध है।
- ट्रेन की छत पर यात्रा न करें, क्योंकि ऊपर लगे उच्चतापीय विद्युत तारों से आपकी जान को खतरा हो सकता है।
- स्टेशन परिसर में कृपया धूम्रपान न करें, इससे आग लगने का खतरा रहता है तथा यह दण्डनीय अपराध भी है।
- जरूरत से अधिक सामान लेकर न चलें, यात्रा में कठिनाई हो सकती है।

179/25 FA

कुम्भ रेल सेवा ऐप 2025
QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें
महाकुम्भ के दौरान पाएं रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान
रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें
उत्तर मध्य रेलवे गतिशीलता ही हमारी पहचान
@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in




## चेन्नई कान्फ्रेंस में शामिल हुए डॉ राहुल मिश्रा



**रीवा।** चेन्नई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी कान्फ्रेंस एओसीआर 2025 में संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा ने प्रतिनिधित्व कर शहर और संस्थान का मान बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश विदेश के विशेषज्ञों के बीच अपने विचारों की प्रभावशाली प्रस्तुतति से उन्होंने सभी को आकर्षित किया। कान्फ्रेंस में डॉ राहुल मिश्रा की प्रस्तुति से सभी प्रभावित हुए। खूब प्रशंसा बटोरी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली इस बड़ी सफलता से उत्साहित डॉ राहुल मिश्रा ने अपनी खुशी को अनूठे अंदाज में चेन्नई और वाराणसी एयरपोर्ट पर प्रदर्शित किया। माइकल जैक्शन की शैली में नृत्य कर साझा किया। उनके इस उत्साह ने जीवन को पूरी जिंदादिली के साथ जीने और हर क्षण को उत्सव की तरह मनाने का शानदार संदेश दिया।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत संभागीय आवासीय विद्यालय में भ्रमण




**रीवा।** शासकीय सदाशिव माधवराव गोलवलकर महाविद्यालय का कॉलेज चलो अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम संभागीय आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। अभियान के प्रभारी डॉ आशीष पांडेय ने बताया कि इसी कड़ी में आवासीय विद्यालय परिसर के छात्रों को कॉलेजों की गतिविधियों एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं से परिचित कराया गया। विभाग की योजना गांव की बेटी योजना, मेधावी योजना, हॉस्टल व्यवस्था, उच्च शिक्षा में नए खुलते रोजगार से संबंधित जानकारी छात्रों को दी गई। डॉ सुप्रिया तिवारी, डॉ शिवेंद्र शुक्ला, डॉ विश्वजीत तिवारी ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय प्राचार्य डॉ निशी पांडेय ने भी छात्राओं को पेन डायरी देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की एवं महाविद्यालय से आए शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया।

## हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी व डीपीएसई के प्रवेश पत्र जारी

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) परीक्षा वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। प्रवेश पत्र एमपीबीएसई डॉट एमपी ऑनलाइन डॉट जीओव्ही डॉट इन से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## रसोईया संघ की बैठक आगामी 12 फरवरी को

**जागरण, रीवा।** राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट के तत्वावधान में आगामी 12 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे गंगेव जनपद की समस्त रसोईयाओं की बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लालमणि एवं साथीगण उपसिथत रहेंगे। संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी जोधा प्रसाद पटेल ने बताया कि एमडीएम योजना के अंतर्गत प्राथमिक एवं मिडिल विद्यालयों में कार्यरत रसोईया को अपने हक की लड़ाई लड़ना है।

# पेंशन के लिए लड़ते-लड़ते भगवान को प्यारा हो गया सेवानिवृत्त कर्मचारी

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने नहीं दी पेंशन

**जागरण, रीवा**

स्वास्थ्य विभाग का एक कर्मचारी सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान प्राप्त करने के लिए लड़ते-लड़ते भगवान को प्यारा हो गया है और अब उनकी विधवा एक-एक पैसे के लिए मोहताज है। उन्हें पेंशन प्रदान करने के लिए हाईकोर्ट द्वारा विभाग को निर्देशित किया गया इसके बाद भी विभाग द्वारा उन्हें भुगतान नहीं किया गया। गौरतलब है कि रामायण प्रसाद तिवारी फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के पद से 31 जनवरी 2016 को सेवानिवृत्त होकर पेंशन प्राप्त करने हेतु समस्त दस्तावेजों सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा के कार्यालय में जमा किया। श्री तिवारी को यह कहकर कि आपकी एडहाक पर की गयी नियुक्ति को अभी तक नियमित नहीं किया गया हैं, इसलिए पेंशन की पात्रता नहीं हैं। संचालनालय को नियमित नियुक्ति हेतु पत्र लिखा गया है। श्री तिवारी के समकक्ष एडहाक पर नियुक्त सभी कर्मचारियों को जो सेवानिवृत्त हुए उन्हें सेवा निवृत्ति का लाभ प्रदान किया गया। श्री तिवारी के द्वारा बार-बार आवेदन एवं कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद भी जब पेंशन निराकृत नहीं हुई तो उन्होंने उच्च न्यायालय जबलपुर में पिटीशन दायर कर दिया। उच्च न्यायालय ने रिट पिटिशन कमांक 20651/2021 में अपने पारित निर्णय 3 जनवरी 24 को निर्देश दिया कि पिटीशनर रामायण तिवारी पेंशन का हकदार है। उसे सेवानिवृत्त दिनांक 31 जुलाई 16 से उसके सम्पूर्ण स्वत्वों की गणना करके 06 प्रतिशत व्याज की दर से 2 महीने के अंदर भुगतान किया जायें। 2 महीने के अंदर भुगतान न करने पर 9 प्रतिशत ब्याज सहित पूरा राशि का भुगतान करना पड़ेगा। श्री तिवारी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को न्यायालय की मूल प्रति सौंप कर पेंशन निराकरण करने का निवेदन किया गया। किन्तु स्वास्थ्य विभाग ने उच्च न्यायालय के निर्णय को भी ठेंगा दिखा दिया। श्री तिवारी इसी बीच गंभीर बीमारी से पीड़ित होकर चिकित्सा के लिए इंदौर गये। पैसे के अभाव में उनकी समुचित चिकित्सा नहीं हो पाई और उनकी मौत हो गई।

पूर्व कर्मचारी नेता सत्यनारायण तिवारी ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग की इस प्रकार की घोर लापरवाही एवं उच्च न्यायालय के इतने तल्ख निर्णय के बाद भी पेंशन, ग्रेज्युटी, समर्पित अवकाश आदि का भुगतान आज तक नहीं किया गया। अपने ही कमाई का पैसा उनकी चिकित्सा में काम नहीं आया और वह स्वर्ग सिधार हो गये। उनकी विधवा एक-एक पैसे के लिए मोहताज है। उन्होने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मांग की है कि स्वर्गीय श्री तिवारी के स्वत्वों का शीघ्र भुगतान किया जाये, और जिस व्यक्ति की लापरवाही से उनके पेंशन का निराकरण नहीं हुआ हैं उन्हे कठोर दण्ड दिया जायें। यदि एक माह के अंदर उनके समस्त स्वत्वों का भुगतान नही किया गया तो अवमानना याचिका दायर की जायेगी।

# सीटू ने निकाला शहर में मशाल जुलूश




**जागरण, रीवा।** मप्र उच्च न्यायालय द्वारा श्रमिकों की न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी के आदेश जारी कर दिए जाने के बावजूद सरकार व श्रम विभाग द्वारा किसी भी तरह का आदेश न निकाले जाने पर सीटू जिला समिति द्वारा संगठन के प्रांतीय आह्वान पर मशाल जलाकर नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल आदेश जारी करने की मांग की। विदित हो कि सीटू लगातार न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर मैदानी एवं कानूनी लड़ाई मप्र सरकार के खिलाफ लड़ रहा है। मप्र सरकार द्वारा 2019 में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण कर बढ़ी हुई दरें घोषित की जानी थी, किन्तु शासन द्वारा अप्रैल 2024 में न्यूनतम वेतन की बढ़ी हुई दरों को लागू करने का आदेश जारी किया। इस आदेश के खिलाफ उद्योगपतियों के समूह द्वारा काईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर कर स्थगन आदेश ने लिया गया। सीटू ने हाईकोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ते हुए स्थगन आदेश को न केवल खारिज करवाया बल्कि विभिन्न आंदोलनों एवं ज्ञापन देने की कार्रवाईयों के माध्यम से मप्र सरकार के श्रम विभाग से मांग की कि मप्र में कार्यरत 25 लाख मजदूरों को न केवल न्यूनतम वेतन की बढ़ी हुई दरों से, बल्कि अप्रैल 2024 से आज दिनांक तक एरियर्स का भी भुगतान किया जाए। 3 दिसंबर 2024 को उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद मप्र सरकार के श्रम विभाग द्वारा शासकीय कार्यालयों में कार्यरत विभिन्न निजी उद्योगों में कार्यरत मजदूरों को बढ़ी हुई दरों से वेतन का भुगतान किए जाने एवं पिछले बकाया परियर्स का भुगतान किए जाने संबंधित आदेश जारी नहीं किया जा रहा। सीटू जिला महासचिव कामरेड सौरभ मिश्रा ने बताया कि 27 जनवरी को पूरे प्रदेश के मजदूर मशाल जुलूश निकालकर अपना विरोध व आक्रोश प्रदर्शित कर रहे हैं। मांगे पूर्ण न होने पर आगामी फरवरी माह में पूरे मप्र के मजदूर इंदौर कूच कर एवं श्रम आयुक्त कार्यालय के समक्ष डेरा डालो, घेरा डालो के नारे के साथ विरोध प्रकट करेंगे। मशाल जुलूश में प्रदेश उपाध्यक्ष किशोरी वर्मा, सहायक महासचिव विनय शंकर मुफलिस, अमित सोहगौरा, आबे हयात खान, गौरव रणदेव, संजय तिवारी, आंगनवाड़ी महासचिव रामवती सिंह सहित सीटू के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## द रायल किंडल ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने बांधा शमां

### गणतंत्र दिवस पर हुए विविध आयोजन




**रीवा।** द रायल किंडल ग्लोबल स्कूल, स्थित परिसर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन पटेल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, साथ ही सभी उपस्थित छात्र और छात्रओ संग शिक्षको द्वारा राष्ट्र गान गाकर देश के 76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना प्रकट की गयी। प्रधानाचार्या ने विद्यालय के नौनिहालों को भारत के संविधान के महत्व और अनिवार्यता को समझाया। इस अवसर पर बच्चों ने देश भक्ति से सम्बन्धित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और परेड देखा। साथ ही बच्चों को बताया गया कि भारत ऐसा महान देश है जहाँ विभिन्न धर्म, संस्कृति, सभ्यताएँ अपने सम्पूर्ण स्वरूप में विकसित होकर वट वृक्ष की तरह निरन्तर विकसित हो रही हैं। गणतंत्र दिवस की बेला पर आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम की सार्थकता अपने आप में महत्वपूर्ण थी।

## गणतंत्र दिवसः दैनिक जागरण कार्यालय में फहराया तिरंगा, राष्ट्रगान का किया गायन



**जागरण, रीवा।** गणतंत्र दिवस की सुबह भारत माता, की जय संविधान अमर रहे के नारों के साथ गुंजयमान रही। पूरा शहर राष्ट्रभक्ति में डूबा दिखा, जागरण परिसर में भी राष्ट्रभक्तिमय महौल रहा। सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व दैनिक जागरण के संस्थापक गुरुदेव गुप्त की प्रतिमा पर माल्र्यापण किया गया। तत्पश्चात जागरण संस्थान के महाप्रबंधक सुखेंद्र सिंह एवं प्रभारी संपादक देवेन्द्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। संस्थान के सभी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सुखेंद्र सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व को विस्तार से बताया और लोगों को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया। प्रभारी संपादक देवेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतंत्र हैं और कहीं भी सभाएं कर सकते हैं। आजादी के पहले ऐसा नहीं था हम न ही एक साथ एकत्रित हो सकते थे और न ही हम सभाएं कर सकते थे। हम गणतंत्र दिवस की महत्ता को अच्छी तरह से समझते हैं क्योंकि इसके लिए लाखों वीरों ने कुर्बानियां दी हैं। हम गणतंत्र दिवस को इसी तरह अनवरत मनाते रहेंगे। संबोधन के बाद उपस्थित जनों को संस्थान की तरफ से स्वल्पाहार कराया गया। ध्वजारोहण समारोह में कार्मिक प्रबंधक दिलीप शुक्ला, प्रसार प्रबंधक प्रदीप मिश्रा, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी, अविनेश कुमार तिवारी, जयंत चटर्जी, विष्णु गौतम, शिवेश दुबे, रामचंद्र वर्मा, राजेश तिवारीसंजय सेन, अमर पटेल,ऊषा पांडेय इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन में 6 कॉलेजों को मिला ए ग्रेड

**एडी रीवा के मार्गदर्शन में हुआ शिकायतों का त्वरित निराकरण**

**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग को सीएम हेल्पलाइन में प्रस्तुत एवं लंबित उच्च शिक्षा विभाग की शिकायतों के त्वरित निराकरण के चलते रीवा संभाग को ए ग्रेड दिया गया है। बता दें कि रीवा एवं शहडोल संभाग के 9 जिलों में 6 जिलों को ए ग्रेड, एक जिले को बी तथा दो जिलों को सी ग्रेड मिला है। जिलेवार ग्रेडिंग की बात करें तो एडी रीवा अंतर्गत रीवा, शहडोल, उमरिया, अनुपपुर, मैहर एवं सिंगरौली को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। जबकि सतना जिले को बी ग्रेड तथा मऊगंज एवं सीधी जिले को सी ग्रेड मिला है। बताया जा रहा है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि जब उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग रीवा को सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण के लिये ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। बता दें कि एडी डॉ.आरपी सिंह सीएम हेल्पलाइन शिकायतों व उनके निराकरण की समीक्षा लगातार करते हैं, इतना ही नहीं उनके द्वारा स्वयं कॉलेजों में पहुंचकर शिकायतों का निराकरण कराया जाता है, जिससे इस ग्रेडिंग में एडी के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एडी रीवा डॉ.आरपी सिंह ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किये जाने के कारण उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग रीवा को ए ग्रेड मिला है। संभाग के सभी जिलों का प्रदर्शन आगामी दिनों में अपेक्षित रहे, प्रयास जारी रहेगा।

## छात्रावासों में व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के दिए निर्देश

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में संचालित छात्रावासों में शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की सुनिश्चितता के साथ ही व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं। जिला संयोजक के समस्त अनुसूचित जाति-जनजातीय बालक, बालिका, आश्रम व छात्रावासों के अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि छात्रावास एवं परिसर की नियमित साफ सफाई रखी जाये, भोजन की गुणवत्ता का ध्यान दिया जाये तथा दोनों टाइम नाश्ता एवं सब्जी बदल कर दी जाये। सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से विशेष भोजन दिया जाय।

## आईटीआई कॉलेज में छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

### महाविद्यालय में प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

**रीवा।** शासकीय आईटीआई महाविद्यालय में मंगलवार को छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं से क्षुब्ध होकर छात्रों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि आईटीआई एक रोजगार परक पाठ्यक्रम है, जिसमें नियमित प्रायोगिक कक्षाओं का प्रावधान है लेकिन संस्थान में नियमित प्रायोगिक कक्षाएं नहीं लग रहीं। इसके अलावा, संस्था परिसर एवं छात्रावास में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्र आये दिन बीमार हो रहे हैं। ऐसे ही, छात्रावास में साफ-सफाई नियमित नहीं हो रही एवं अन्य अव्यवस्थाएं हैं। छात्रों ने बताया कि संस्था परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त गार्ड की व्यवस्था नहीं है, जिससे आये दिन छात्र किसी घटना को लेकर सशंकित रहते हैं। छात्रों ने 15 दिन में समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा है। ऐसा न होने पर पुनः उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान छात्र अरूणेंद्र सिंह, अमन सिंह सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# भाजपा की सरकार बनने पर रीवा बना शांति का टापूः उप मुख्यमंत्री

### शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है। लोग अब विकास की बातें करते हैं तथा अपने जनप्रतिनिधियों से निःसंकोच विकास कार्यों की मांग करते है जो यह दर्शाता है कि लोकतंत्र अब परिपक्व हो रहा है। श्री शुक्ल शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नामानंद सिंह शोषण व अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाते थे तथा लोगों की मदद के लिये हमेशा आगे आ जाते थे। वह अपनी सहजता व सौम्यता के लिये भी जाने जाते थे। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्षों पूर्व रीवा में अराजकता का वातावरण था। लोग सुरक्षित नहीं थे। मगर हमारी सरकार के आने के बाद रीवा व मध्य प्रदेश शांति का टापू बन गया है। लोग विकास की चर्चा करते हैं तथा अपने गली, मोहल्ले, कालोनी व शहर में विकास कार्यों के लिये जनप्रतिनिधियों से निःसंकोच अपनी मांगे रखते हैं। क्योकि जनता से चुने हुए व्यक्ति जनता के लिये ही कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने शहीद रामानंद सिंह एवं स्व. शिवेन्द्र सिंह को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए आश्वस्त किया कि बरा मोहल्ले का नाम शहीद रामानंद सिंह के नाम पर तथा रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल के मार्ग का नाम स्व. शिवेन्द्र सिंह के नाम पर कराये जाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद सतना गणेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व सांसद देवराज सिंह एवं बुद्धसेन पटेल, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, माया सिंह, डॉ अजय सिंह, राम सिंह, रश्मि सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल, बुद्धसेन पटेल, पूर्व विधायक रामपुर बघेलान रामलखन सिंह पटेल, राम सिंह, रोहणी प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सतना रश्मि सिंह, विहान अस्पताल संचालिका इंजी. कल्पना पटेल, एड. इन्द्रमणि सिंह ने भी अपने-अपने विचार रखे। स्वागत भाषण परिषद उपाध्यक्ष उमेश पटेल ने दिया। इस दौरान राकेश रतन सिंह पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, बृजेन्द्र पटेल, राजकुमार पटेल, दिनेश डायमण्ड, संजीव पटेल, श्यामनारायण पटेल, राजेन्द्र सिंह, जयप्रकाश, बिल्लू बरा, पुष्पेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, राणा प्रताप सिंह, नीरज पटेल, विपिन पटेल, दिग्विजय सिंह, अमिता सिंह, ज्योति सिंह, रामवति सिंह, विभा पटेल, अनिल पटेल, विजय पटेल, सुधाकर पटेल, पप्पू कनौजिया, प्रकाश सोनी, तेज प्रताप सिंह, राजेश सिंह, संतोष सिंह, रामप्रकाश, शिवशरण आदिवासी, रामाधीन कोरी, समयलाल साकेत, वालेन्द्र शेखर पटेल, सरपंच सुरेन्द्र प्रसाद पटेल, अशोक सिंह, अशोक पटेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में जनसमुदाय द्वारा भोजन ग्रहण किया गया। संचालन दीपक सिंह ने किया, आभार परिषद संरक्षक एड. रामजी पटेल ने माना।

## महाकुंभ में रीवा के कलाकारों ने किया हनुमान लीला का मंचन



**रीवा।** प्रयागराज के महाकुंभ में सेक्टर-7 स्थित मध्यप्रदेश मंडपम में रंगमंच का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। रीवा के रंग उत्सव नाट्य समिति के कलाकारों ने हनुमान लीला का तीन दिनों तक मंचन किया। यह आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 30 से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की भीड़ में उत्साह देखने को मिला। इस नाटक का निर्देशन अंकित मिश्रा ने किया। इस मंचन कार्यक्रम में कलाकार अमृता सिंह, आरती कुशवाहा, ग्लोरी जायसवाल, खुशी मिश्रा, कोमल पांडेय, प्रिया मिश्रा, आदर्श दीक्षित, रोहित सेन, साहिल दहिया, दीपक पटेल, रोहित तिवारी, ऋतिक मिश्रा, प्रभाकर विश्वकर्मा, अनस मंसूरी, विशेष मिश्रा, गौरव सिंह, राहुल पटेल, लक्की कुशवाहा, सरला तिवारी, सत्यम् विश्वकर्मा, सिद्धार्थ प्रजापति और सागर तिवारी ने सहभागिता निभाई।

## जीईसी के छात्रों ने ऐतिहासिक धरोहर में चलाया स्वच्छता अभियान




**जागरण, रीवा।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के छात्रों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुढ़ चौराहा स्थित रानी अजब कुंवरि की बाबड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया। महाविद्यालय में गठित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एसएफडी इकाई के छात्रों ने राज्य संरक्षित स्मारक में सफाई कार्य किया। इस ऐतिहासिक धरोहर का निर्माण वर्ष 1966 से 70 के बीच में हुआ था। जहां छात्रों ने सफाई की, जिससे उस ऐतिहासिक धरोहर की सुंदरता बनी रहे। इस मौके पर महाकौशल प्रांत के ओम गुप्ता, जिला खेलो भारत संयोजक मुदित सिंह गहरवार, मयंक सिंह चंदेल, शिवानी सेन, अस्तित्व सिंह, सेजल, शिवेंद्र सिंह, यशवर्धन, प्रवीण प्रजापति, युवराज सिंह, आयुष विश्वकर्मा, विपिन त्रिपाठी, राधा रजक सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

## छत्रसाल पांडेय जबलपुर में सम्मानित



**रीवा।** कृषि महाविद्यालय में कार्यरत प्रयोगशाला तकनीकी सहायक छत्रसाल पांडेय को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि जबलपुर में उनके द्वारा पिछले बत्तीस वर्षों में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए कुलपति डॉ. पीके मिश्रा द्वारा मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर कुलसचिव डॉ. एके जैन एवं डॉ. अमित शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता भी उपस्थित रहे। पांडेय को कृषि महाविद्यालय रीवा में अधिष्ठाता डॉ. एसके त्रिपाठी एवं प्राध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. एके पांडेय प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## महाकुंभ यात्रियों का चाकघाट बार्डर में उमड़ा सैलाब

### कमिश्नर और प्रभारी आईजी ने लिया तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का जायजा



**जागरण, रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ का मुख्य स्नान मौनी अमावस्या 29 जनवरी को है। इसके बाद एक अन्य मुख्य स्नान 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर होगा। इसके कारण रीवा से प्रयागराज मार्ग पर वाहनों की कतार लगी हुई है। प्रयागराज मार्ग पर सोहागी से चाकघाट बार्डर तक यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद तथा प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण करके तीर्थयात्रियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। यातायात व्यवस्था बहाल रखने तथा यात्रियों के ठहरने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कमिश्नर ने रैनबसेरे का निरीक्षण करते हुए यात्रियों से सुविधाओं की जानकारी ली। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए कमिश्नर ने एसडीएम त्योंथर तथा सीएमओ को मण्डी प्रांगण में तत्काल यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था करने एवं दो बारात घरों में अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि दूर-दूर से आए यात्री प्रयागराज में पुण्य स्नान का लाभ ले सकें तथा किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वाहनों की अधिक संख्या होने पर बीच-बीच में 30-40 मिनट के लिए सीमा बंद की जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों से सतत सम्पर्क में रहकर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करें। लाउड स्पीकर के माध्यम से मेला क्षेत्र में भीड़ की स्थिति तथा जाम के कारण वाहनों को रोकने के संबंध में लगातार सूचनाएं प्रसारित करें जिससे यात्री परेशान न हों। कमिश्नर ने रैन बसेरे में बनाये गये मेडिकल कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएमओ तथा चिकित्सा कर्मियों से उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् संजीव शुक्ला ने उपचार सुविधाओं की जानकारी दी। कमिश्नर ने कहा कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त गद्दे, रजाई तथा अलाव की व्यवस्था करें। मेडिकल टीम 24 घंटे तैनात रहे। नगर पंचायत यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन की भी व्यवस्था करे। पेयजल की आपूर्ति, साफ-सफाई तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक कर्मचारी तत्काल तैनात करें। प्रभारी आईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर वाहनों की बहुत बड़ी संख्या है। उत्तर प्रदेश पुलिस से सतत संपर्क रखकर यातायात को यथासंभव सुगम बनाएं। आवश्यक होने पर चाकघाट, सोहागी, गढ़, गंगेव और मनगवां में भी वाहनों को रोंके। रात में भी रैन बसेरों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। यात्रियों को समय-समय पर मेला क्षेत्र के संबंध में आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराएं।

### कमिश्नर ने रैनबसेरे में तीर्थयात्रियों के साथ गाया भजन

कमिश्नर ने रैन बसेरा में ठहरे यात्रियों से संवाद किया। महाराष्ट्र से 55 यात्रियों का समूह गंगा स्नान के लिए जाते हुए रैन बसेरे में ठहरा हुआ है। यात्रियों का दल भजन गाकर यात्रा की थकान दूर कर रहे थे। कमिश्नर श्री जामोद ने भी यात्रियों के साथ मिलकर आत्मीयता के साथ झांझ बजाकर तीथयात्रियों के भजन के आनंद को दुगुना किया।

### पुलिस चेक पोस्ट तथा टोल प्लाजा का किया निरीक्षण

अधिकारियों ने सोहागी घाट में किए जा रहे सड़क सुधार के कार्य का अवलोकन किया। टोल प्लाजा में तैनात एंबुलेंस और क्रेन व्यवस्थित पाई गईं। एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेण्डर, उपचारकर्मी तथा पर्याप्त दवाएं उपलब्ध पाई गईं। कमिश्नर तथा प्रभारी आईजी ने हनुमना बार्डर का भी भ्रमण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के समय एसडीएम त्योंथर संजय जैन, नगर परिषद अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल, संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी उमेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल, एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा, सीएमओ चाकघाट संजय सिंह, सीईओ त्योंथर राहुल पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे।

## उपमुख्यमंत्री को भेंट किया उपनयन



**रीवा।** गणतन्त्र दिवस के मौके पर गत दिवस मप्र के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल उपनयन पत्रिका के उपसम्पादक रमाकान्त तिवारी के चोरहटा स्थित आवास पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उनके साथ रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्यामनारायण शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीता अध्यक्ष, श्रीकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## गवर्नमेंट स्कूल क्र 2 में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रीवा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में गणतंत्र दिवस मनाया गया। गुढ़ चौराहा स्थित गवर्नमेंट स्कूल क्रमांक 2 में प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। एनसीसी के बच्चों ने प्राचार्य को सालामी दी। छात्रों ने परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष शुक्ला ने किया। इस दौरान शिक्षकों में इंदू त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह, अहसान खान, राकेश दुबे, उमेश दुबे, जेपी सर, किरण तिवारी, पुष्पा त्रिपाठी, प्रीति तिवारी, बबीता दुबे, जटाशंकर त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, अंजुला शुक्ला, राजू वर्गिस, जया चहार, सुलोचना पाण्डेय, भावना खरे, गीता तिवारी, राजीव गौतम, अजय दुबे आदि सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मनोरमा पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन




**रीवा।** मनोरमा पब्लिक स्कूल वार्ड 10 कान्हा पार्क अरुण नगर,अनंतपुर रीवा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। 76 वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर सिविल एलएण्डटी प्राइवेट लिमिटेड मुंबई संजीव कुमार रहे। अध्यक्षता रीजनल ऑफिसर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड एसपी झा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर एनएचएआई दिलीप पुरी और बोर्ड डायरेक्टर शशिकांत दुबे व सतीश दुबे बोर्ड डायरेक्टर रहे। स्कूल के छात्रों द्वारा बहुत ही सुन्दर मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, लोक नृत्य, नाटक, सुमधुर गीतों का गायन, मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में स्कूल संगीत शिक्षक जीपी मिश्रा, शिक्षक अजय तिवारी, शिक्षक सजल मिश्रा, ब्रजेन्द्र सर व शिक्षिकाओं में पूनम शुक्ला, प्रियंका द्विवेदी, तृप्ति सिंह, रबिता सिंह, नीलम अवस्थी, आंचल सिंह, अनीता तिवारी, कर्मचारी सुरेश कुशवाहा एवं उषा कुशवाहा का अभूतपूर्व योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)**
**दुकान हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा में आवंटित दुकान क्र0 एस- 07 के मूल आवंटी श्री अजय चन्द्र शुक्ला (अजय शुक्ला) पिता स्व. श्री चन्द्रमणि शुक्ला, पता - स्वर्ण गंगा दुर्गा नगर पड़रा वार्ड क्र. 03, तहसील हुजूर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित दुकान क्र0 एस 07 दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी, निवासी- सिटी कोतवाली के पास, खलगा रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 21.01.2025 को आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त दुकान को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं उक्त दुकान का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 80852

---

**म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)**
**दुकान हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा में आवंटित दुकान क्र0 एस- 06 के मूल आवंटी श्री अजय चन्द्र शुक्ला (अजय शुक्ला) पिता स्व. श्री चन्द्रमणि शुक्ला, पता - स्वर्ण गंगा दुर्गा नगर पड़रा वार्ड क्र. 03, तहसील हुजूर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित दुकान क्र0 एस 06 दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी, निवासी- सिटी कोतवाली के पास, खलगा रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 21.01.2025 को आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त दुकान को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं उक्त दुकान का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 80851

---

**म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)**
**दुकान हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा में आवंटित दुकान क्र0 एस- 05 के मूल आवंटी श्री अजय चन्द्र शुक्ला (अजय शुक्ला) पिता स्व. श्री चन्द्रमणि शुक्ला, पता - स्वर्ण गंगा दुर्गा नगर पड़रा वार्ड क्र. 03, तहसील हुजूर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित दुकान क्र0 एस 05 दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी, निवासी- सिटी कोतवाली के पास, खलगा रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 21.01.2025 को आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त दुकान को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं उक्त दुकान का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 80850

---

**म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)**
**भवन लीज नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा में आवंटित एम.आई.जी. प्रथम भवन क्रमांक- 124 श्रीमती सुनैना देवी पति श्री धनंजय सिंह को आवंटित है। जिनकी मृत्यु दिनांक 10.12.2024 को हो गई है, एवं अनुबंध के नामजदगी में श्री दिग्विजय सिंह पिता श्री धनंजय सिंह का नाम दर्ज है। उक्त भवन के लीज नामान्तरण हेतु श्री दिग्विजय सिंह पिता श्री धनंजय सिंह के द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 23.01.2025 को आवेदन पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर एम.आई.जी. प्रथम भवन क्रमांक 124 पद्मधर कालोनी रीवा का लीज / भवन नामान्तरण अपने नाम किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त भवन स्थानांतरण में यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेगा एवं भवन का लीज नामान्तरण श्री दिग्विजय सिंह पिता श्री धनंजय सिंह के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 80853

---

**म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)**
**दुकान हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा में आवंटित दुकान क्र0 एस- 04 के मूल आवंटी श्री अजय चन्द्र शुक्ला (अजय शुक्ला) पिता स्व. श्री चन्द्रमणि शुक्ला, पता - स्वर्ण गंगा दुर्गा नगर पड़रा वार्ड क्र. 03, तहसील हुजूर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित दुकान क्र0 एस 04 दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी, निवासी- सिटी कोतवाली के पास, खलगा रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 21.01.2025 को आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त दुकान को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं उक्त दुकान का हस्तानान्तरण श्रीमती रोशनी सोनी पति श्री कौशल सोनी के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 80849

---

**नोटिस हर आम व खास**

संजय कुमार भार्गव तनय विजय राज भार्गव निवासी बरौं तहसील सेमरिया हाल निवास निराला नगर रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. की निवासी हूँ। मेरे द्वारा अपनी पत्नी प्रभा भार्गव के नाम से आराजी क्र0 126/4/7 रकवा 0.014 हे. पूरा यानी साइज 30X50 = 1500 वर्गफिट स्थित नगर निगम वार्ड क्र. 9 मौजा अनंतपुर पटवारी हल्का अनंतपुर तह. हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. को दिनांक 13-05-2022 को जरिए ई विक्रय पत्र क्र. MP328492022A1500818 को क्रय किया था मेरे द्वारा रजिस्ट्री दिनांक 13-05-2022 को उपपंजीयक कार्यालय रीवा मे मूल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 19-03-2014 ग्रन्थ क्र. 8735 फोलियो 5 पेज 91 से 95 सीरियन क्र. 11729 एवं मूल ऋण पुस्तिका विक्रेता श्रीमती अर्चना सिंह पति बृजेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नं0 9 अनंतपुर रीवा तह. हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. से प्राप्त कर ली थी। उक्त मूल विक्रय पत्र एवं ऋण पुस्तिका दिनांक 27-01-2025 को समय लगभग 12 बजे दोपहर मै अपने घर निराला नगर से जनता कालेज के पास फोटो काफी कराने गया उसी बीच मेरी उक्त मूल लिंक विक्रय पत्र ऋण पुस्तिका कही गुम गयी जो काफी तलाश करने के बाद अभी तक नही मिली। मैं भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिटी रीवा से हाउस लोन प्राप्त करना चाहती है यदि किसी वित्तीय शाखा / बैंक या किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति प्रमाण पत्र सहित 15 दिवस के अन्दर भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिटी मे दर्ज करा सकता है इसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय
संजय भार्गव पिता विजयराज भार्गव
निवासी बरौं तहसील सेमरिया
हाल निवास निराला नगर रीवा
तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 80659

---

**पश्चिम मध्य रेल**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
**खुली निविदा**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करता है। **ई-निविदा सूचना क्रमांकः** जबल/एस.एंड टी./निर्माण/निविदा/संकेत/134, दिनांक 24.01.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के सतना - रीवा सेक्शन के दोहरीकरण के संबंध में तुर्की, बागाहई रोड - हिनौता चरण - II (3 स्टेशन) पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में इनडोर और आउटडोर सिगलिंग उपकरण, पॉवर सप्लाई उपकरण और संबंधित कार्यों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,10,01,404.77. **कार्यालय का पताः** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण/जबलपुर (प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, जबलपुर)। **बयाना राशिः** ₹ 2,55,000/-. **समापन अवधिः** 8 माह। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** समय 15.00 बजे, 25.02.2025. उपरोक्त निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा उक्त वेबसाइट से केवल ऑनलाईन आवेदन ही की जा सकती है।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

---

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 25/06 दिनांक : 24.01.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 63245470 | इलास्टिक रेल क्लिप्स एमके-3 एज पर आरडीएसओ ड्राइंग न. T-3701. | 1,97,350 नं | 03-MAR-25 |
| 2 | 6324RC22 | दिस इज टेंडर टू इंटर इनटू रेट कॉन्टैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ अनकोटेड स्ट्रैस रिलीव्ड हाई टेन्साइल स्टील वायर स्ट्रैन्ड्स ऑफ 3 एमएम एक्स प्लाई एज पर आईएसः 6006-1983. | 350 एमटी. | 05-MAR-25 |
| 3 | 64255002 | क्युमिन्स इंजन | 01 नग | 24.02.2025 |

**नोट :** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **170/25 (D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

---

**नाम सुधार सूचना**

मै नरेश कछवाहा उम्र-47 वर्ष पिता श्री बाबूलाल कछवाहा पेशा थोक व्यापार निवासी वार्ड नंबर 21, धोबिया टंकी साहू मोहल्ला रीवा थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा म.प्र. का हूं व निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि आधार नंबर-2649 9915 1868 है। मेरी बेटी का सही नाम आशी कछवाहा व नाम की स्पेलिंग AASHI KACHHWAHA दर्ज है जो सही व सत्य है और आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न कर रहा हूं।अतः मेरी बेटी का नाम आशी कछवाहा की जगह रैन्सी कछवाहा लिखा है जो गलत है। जिसे सुधार कर सही नाम आशी कछवाहा व नाम की स्पेलिंग AASHI KACHHWAHA लिखा जाय जो सही एवं सत्य है। रैन्सी कछवाहा व आशी कछवाहा एक ही व्यक्ति का नाम है जिसे सुधारकर आशी कछवाहा व नाम की स्पेलिंग AASHI KACHHWAHA लिखा जाय।

RN- 80660 — नरेश कछवाहा

---

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी0ई0- झांसी डब्लू-72 — **दिनांक** -27.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारख्याना / झांसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** झांसी (आर0सी0एन0 के) - वर्षा के जल का संचयन एवं उससे संबंधित कार्य।
**अनुमानित लागत :** ₹ एक करोड सोलह लाख उनतालीस हजार चार सौ चौतीस रूपए तिरानवे पैसे मात्र।
**अमानत राशि :** ₹ 208200.00 — **निविदा प्रपत्र कर मूल्य ₹ :** कुछ नहीं
**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 24.02.2025 15:00 बजे
**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन / अवधि की तिथिः** 09 माह
पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **174/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 431/ई-टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2024 — रीवा दिनांक 27.01.2025

**//निविदा सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत स्थित रानी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेके पर किए जाने हेतु ऑन लाईन निविदायें लम्प- सम दर पर आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई-टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निविदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_383665_2 27.01.2025 [SECOND CALL] 312/21.11.2024 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत स्थित रानी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेके पर किये जाने बावत्। | 35 माह ₹ 4975300/- | ₹ 5000/- ₹497530/- | 11.02.2025 18:00 बजे तक। |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सहायक आयुक्त वित्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

---

**Office of The C.E.O. & Dean**
**Shyam Shah Medical College, Rewa (M.P.)**

Phone No. 07662-241655 — Email- deanmcrewa@rediffmail.com
Website- www.ssmcrewa.ac.in

D.No 2220 /Estt./Gazz./M.C./Advt./2025 — Rewa, Dated: 27-01-2025

**//ADVERTISEMENT//**

Under the rules of the "Madhya Pradesh Super Speciality Hospital Chikitsa Adarsh Seva Niyam-2018" and "Madhya Pradesh Swasashi Chikitsa Mahavidyalaya Chikisakiya Seva Adarsh Niyam-2018", Super Speciality Hospital, Rewa associated with S.S. Medical College, Rewa (M.P.), Invites applications for various vacant posts of teaching cadre through direct recruitment. The details are as follows:-

| S. No. | Subject | Professor | | | | Associate Professor | | | | Assistant Professor | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | ST | SC | UR | OBC | ST | SC | UR | OBC | ST | SC |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1. | Anaesthesia | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - |
| 2. | Anaesthesia (CVTS) | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - |
| 3. | Anaesthesia (Neurosurgery) | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - |
| 4. | Neurology | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | 1(1F) | 1 | 1 | 1 |
| 5. | Neurosurgery | 1 | 1 | 1 | - | - | 1 | 1 | - | - | 2 | 1 | 1 |
| 6. | Electrophysiology Cardiology | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - |
| 7. | Paediatric Cardiology | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - |
| 8. | Intervational Cardiology | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | 1 | - |
| 9. | Nephrology | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 10. | Urology | 1 | 1 | 1 | - | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - |
| 11. | Neonatoloy | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | 3(1F) | 1 | 1 | 1 |
| 12. | Cardiac Surgery | 1 | 1 | 1 | - | - | 1 | 1 | - | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 13. | Radiodiagnosis | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - |
| | Total | 10 | 6 | 6 | - | 8 | 6 | 6 | - | 13 | 12 | 8 | 5 |

| | |
|---|---|
| Last date for Submission of Application Form | 25.02.2025, till 05:00 PM |
| Address to send Application Form | Office of C.E.O. & Dean, Shyam Shah Medical College, Near Dhobiya Tanki, Jail Road, Rewa (M.P.), 486001. |

- Application fee as DD in favour of "CEO & Dean SSMC Rewa" payable at Rewa for UR Candidates in Rs. 1000/- and Rs. 750/- for reserved category candidates.
- Information of regarding interview dates shall be communicated 07 days prior to the candidates.

**For details of advertisement, application form and selection process keep in touch with www.ssmcrewa.ac.in**

G-22327/25

(Dr. Sunil Agrawal)
C.E.O. & DEAN
S. S. Medical College, Rewa (M.P.)

---

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा**
दूरभाष (फोन) 07662-254720, E-Mail_ID-seresrewa@mp.gov.in
**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 11/2024-25**

क्रमांक 63 /ग्रा.यां.से./2025 — रीवा, दिनांक 23/01/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी. नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख) | एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगरौली | 2025_RES_397978 | सामुदायिक भवन निर्माण देवसर जिला सिंगरौली। | 01 | 34.69 | 11.04.2022 प्रथम |
| 2 | सिंगरौली | 2025_RES_397980 | माध्यमिक स्कूल लांघाडोल का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत लंघाडोल जिला सिंगरौली। | 01 | 107.50 | 11.04.2022 प्रथम |
| 3 | सतना | 2025_RES_397981 | कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी जिला मैहर का भवन निर्माण। | 01 | 21.09 | 11.04.2022 प्रथम |
| 4 | सतना | 2025_RES_397982 | जिला चिकित्सालय (पॉलीक्लनिक) भवन निर्माण मैहर। | 01 | 22.87 | 11.04.2022 प्रथम |
| 5 | सतना | 2025_RES_397983 | नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य ककलपुर। | 01 | 30.86 | 11.04.2022 प्रथम |
| 6 | सतना | 2025_RES_397984 | नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य पैपखरा। | 01 | 30.86 | 11.04.2022 प्रथम |
| 7 | सतना | 2025_RES_397985 | नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य श्यामनगर। | 01 | 30.86 | 11.04.2022 प्रथम |
| | | | कुल योग :- | | 278.73 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 28.01.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 11.02.2025 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

G-22282/25

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

---

**म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
जहांगीराबाद, भोपाल

क्र./यॉं.शा./1371/2024 — भोपाल, दिनांक 28.01.2025

**निविदा सूचना (प्रथम अल्पावधि आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा विपणन संघ के स्वय के लिए बाउंड्रीवॉल/चेनलिंक फेंसिंग निर्माण कार्य एवं विधायक निधि अंतर्गत शेड निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से **E-Tender** प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं दिनांक 11.02.2025 को शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि रु. में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2034 | Construction of Krishak Vishram Shed (Farmer Shed) (20'X40' ft) In the Storage Campus of Markfed At Chorhata, Rewa (Near Gurukul School) Distt.-Rewa Under MLA Fund Scheme. | 4,92,827.00 |
| 2 | 2035 | Construction work of Krishak Vishram Shed (20'X40' ft) (Farmer Shed) at Storage Campus of Markfed at Dunda Seoni (Kabir ward) Seoni Distt.-Seoni Under MLA Fund Scheme. | 4,92,827.00 |

**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/118540/2025 — मुख्य अभियन्ता (सि.)

---

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**बेचना है**

29×35 का प्लाट जिसमें 4 कमरे एवं किचन 3 लैटबाथ, बोर सप्लाई नल कनेक्शन सहित पोर्च मकान शीघ्र बेचना है।
पता-राइस मील के सामने कैलाशपुरी, अनन्तपुर रीवा मो. 8982143608
आर-80817(11/2)

**फ्लैट बेचना है**

2BHK का फ्लैट बेचना है, सेकंड फ्लोर भंडारी काम्पलेक्स द्वारिका नगर रीवा इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।
मो. 6260562331, 9644880088
आर-80657(28/1)

**पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग**

साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज। 28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग- सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिड़चिड़ाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।
डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव
9827355156
पता - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदड़िया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।
आर-80809(6/2)

# दो वर्ष के पाठ्यक्रम को पूरा होने में लग गए चार वर्ष, अब पाँच माह से रिजल्ट का इंतजार

## वर्ष 2021-22 के पैरामेडिकल कोर्स का मामला, डीएमएलटी के छात्र हो रहे परेशान

**जागरण, रीवा।** मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी से संबद्ध विभिन्न पैरामेडिकल कॉलेजों के छात्र-छात्राएँ भविष्य को लेकर चिंतित हैं। डीएमएलटी के सत्र 2021-22 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की अंतिम वर्ष की परीक्षा का परिणाम अब तक नहीं आया है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि 2 वर्ष का पाठ्यक्रम 4 वर्ष से अधिक का हो गया। परीक्षाएँ गत वर्ष सितंबर माह में हुई थीं, लेकिन अब 5 माह बीतने को हैं और रिजल्ट न आने से छात्र-छात्राएँ मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। स्टूडेंट्स का कहना है कि अन्य पाठ्यक्रमों को लेकर विवि प्रबंधन गंभीर है, लेकिन डीएमएलटी में सत्र 2021-22 को लेकर कोताही बरती जा रही है। पैरामेडिकल छात्रों की माने तो प्रदेशभर के सैकड़ों छात्र रिजल्ट न आने से प्रभावित हैं। प्रवेश लेने के बाद से अब 5 वर्ष होने को आए हैं, जबकि कोर्स 2 वर्ष का ही था। देरी के चलते छात्र छात्राएँ कई रोजगार से वंचित हैं और कई वैकेंसियों में बैठ नहीं पाए हैं। समय के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। इधर मामले को लेकर पैरामेडिकल कॉलेज संचालको का कहना है कि विवि प्रबंधन द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार किया जा रहा है। 15 फरवरी के पहले रिजल्ट घोषित हो जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक :** मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी सत्र 2024-25 में होम्यौपैथी संकाय के अंतर्गत अलग-अलग विषयों में 19 फैलोशिप सर्टिफिकेट कोर्स कराएगी। इसके अलावा एक सर्टिफिकेट कोर्स फिजियोथैरेपी फॉर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स में भी है। कोर्सेस को चलाने के लिए कॉलेजों को संबद्धता हासिल करनी होगीए जिसकी अंतिम तिथि विवि द्वारा 31 जनवरी रखी गई है। कॉलेजों को संबद्धता लेने के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। ऑनलाइन फॉर्म के साथ जीएसटी शुल्क भरने के निर्देश भी हैं। 19 फैलोशिप सर्टिफिकेट कोर्सेस में डायबिटीज मैनेजमेंट, ऑबेसिटी मैनेजमेंट, गेरिएट्रिक केयर, लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर एंड वेलनेस, रियूमेटोलॉजिकल डिसऑर्डर, डर्मेटोलॉजी, गेस्ट्रो इन्टेसटिनल डिसऑर्डर, ऑप्थेल्मोलॉजिक डिसऑर्डर, नॉन कम्यूनिकेबल डिसीज, कम्यूनिकेबल डिसीज, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, गायनोकोलॉजिक डिसऑर्डर, फार्माकोविजिलेंस, होलिस्टिक केयर, कार्डियोपल्मोनरी, फिजियोथैरेपी फॉर गेरिएट्रिक केयर, कार्डियो पल्मोनरी केयर, ऑर्थोपेडिक रिहैब और योग व नैचुरोपैथी शामिल है।

# बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक दिया संदेश

## रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का मनाया गया वार्षिक उत्सव



**जागरण, रीवा।** रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि रामगोपाल, विभा पटेल, डीईओ सुदामालाल गुप्ता रहे। इस भव्य समारोह में, उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। अपने संबोधन में राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि शिक्षा, बच्चों के भविष्य और राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे ज्ञान और कौशल का समुचित उपयोग कर समाज और देश की उन्नति में योगदान दें। साथ ही, उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे मिलकर बच्चों की पूरी क्षमता को निखारने में योगदान दें। रामगोपाल, विभा पटेल, डीईओ सुदामा लाल गुप्ता, डीपीसी श्री दीपांकर ने भी अपने संबोधनों में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को प्रेरित करने की बात कही। इस समारोह में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषणों और पुरस्कार वितरण के द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों और कार्यों का शानदार प्रदर्शन किया गया।

# एक फरवरी को मनाई जायेगी अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ कल्पना चावला की 23वीं पुण्यतिथि

**जागरण, रीवा।** आगामी 1 फरवरी को भारत की प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ कल्पना चावला की 23वीं पुण्यतिथि मनाई जायेगी। इस मौके पर कल्पना कल्याण समिति द्वारा शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला होंगे। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष बीपी सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में दी। वार्ता में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम की प्रमुख अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विशिष्ट अतिथि देवराज सिंह, सैनिक स्कूल प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल भी शामिल होंगे। इस



अवसर पर समिति की पत्रिका ककस की उड़ान का विमोचन भी होगा। साथ ही, महाविद्यालय में एयरोनॉटिकल टेक्नालॉजी में डिप्लोमा ब्रांच खोलने की मांग भी उठाई जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दिनांक को महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## सेंट्रल एकेडमी में मनाया गया गणतंत्र दिवस




**रीवा।** सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके पाठक ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्राचार्य ने विद्यालय में पधारे हुए समस्त अभिभावकों, छात्रों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक मूल्यों एवं नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया, तथा आधुनिक उपकरणों का सकारात्मक उपयोग करने का सुझाव दिया। विद्यालय के दोनों पालियों के छात्र/छात्राओं ने मंत्रमुग्ध करने वाले अभिनय गीत प्रस्तुत किये। ``जननी जन्मभूमिश्च् गरीयसी'' की भावना से ओतप्रोत देवांशिका पाण्डेय, देवांश द्विवेदी, नन्दिका मिश्रा एवं अक्षत द्विवेदी का भाषण सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्रों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। समापन करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना मिश्रा ने कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, तथा विद्यालय के कार्यक्रम में सहयोग हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

## टीडी ग्रुप लक्ष्मणपुर में गणतंत्र दिवस मनाया गया




**रीवा।** टीडी ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूसन लक्ष्मणपुर लौआ में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम संस्थापक डॉ. रजनीश सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात संस्थान के सभागार में संस्थान की डायरेक्टर डॉ. संगीता सिंह की अध्यक्षता में सभी संकायों के छात्र-छात्राओं द्वारा साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक व प्रेरणादायक प्रस्तुति दी गई। संस्थापक डॉ. रजनीश सिंह ने गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें व बधाई दी, साथ ही देश के चतुर्मुखी विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षा संकाय के प्राचार्य डॉ. जय सिंह, संस्था के एडमिन डॉ. सुरेश वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान शिक्षा संकाय, नर्सिंग विभाग एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन मोना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. उमा श्रीवास्तव, रश्मी गौतम, पूजा शाह, छाया वर्मा, रोशनी दाहिया, अरूणा त्रिपाठी, पूनम तिवारी, संजय सिंह, नितेश सिंह, अभिषेक द्विवेदी, अर्चना कुशवाहा, आकाश सिंह, अखिलेश सिंह, भरत लाल आदि उपस्थित रहे।

## डॉ अभिषेक मिश्रा बने विंध्य के पहले मैक्सिलो फेशियल प्लास्टिक सर्जन




**जागरण, रीवा।** संभाग में जबड़े में सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक मिश्रा ने फेशियल प्लास्टिक सर्जरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया एवं राइनोप्लास्टी सोसायटी ऑफ इंडिया से एक वर्ष की नाक की प्लास्टिक सर्जरी की फैलोशिप पूर्ण कर के विंध्य के प्रथम मैक्सिलो फेशियल प्लास्टिक सर्जन बन गए हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि नई दिल्ली में हुए इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने एक्सीडेंट में टूटी हुई नाक की सही तरह की सर्जरी, एवं नाक से संबंधित कॉस्मेटिक प्लास्टिक सर्जरी सीखी जिसने टेढ़ी-मेढ़ी नाक की सर्जरी डिवायटेड सेप्टल करेक्शन इत्यादि है। डॉ. अभिषेक मिश्रा ने विगत 7 वर्ष में 1800 से ज्यादा जबड़े के फ्रेक्चर के ऑपरेशन पूरे रीवा संभाग में किए हैं, अब नाक की प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा भी सरलता से रीवा वासियों को यहीं उपलब्ध कराई जाएगी।

## किड्ज वर्ल्ड में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**रीवा।** किड्ज वर्ल्ड विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आकाशवाणी रीवा की बघेली लोकगीत गायिका मणिमाला सिंह रहीं, जिन्होंनें ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विद्यालय संचालक मीनू मदान एवं दीपक मदान ने छात्रों को गणतंत्र दिवस के बारे में रोचक जानकारी दी। तत्पश्चात छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान प्राचार्य जगत भानु पाल, समन्वयक रचना पाण्डेय, छात्र शिवा शुक्ला, अथर्व तिवारी सहित अन्य शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे।

**गांधी उ.मा. विद्यालय में हुआ आयोजन :** रतहरा स्थित गांधी उ.मा. विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ चंद्रिका प्रसाद चंद्र रहे, जिन्होंने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अंत में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डॉ अमोल प्रसाद मिश्रा बटरोही समेत विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

रीवा 29 जनवरी 2025 माघ कृष्ण15 संवत 2081

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त




**॥गीता॥**

**इंद्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।**
**मनसस्तु परा बुद्धियों बुद्धेः परतस्तु तः।।**

**भावार्थ** : इंद्रियों को (स्थूल शरीर से) पर (श्रेष्ठ, संबल, प्रकाशक व्यापक व सूक्ष्म) कहते हैं। इंद्रियों से पर मन है। मन से भी पर बुद्धि है और जो बुद्धि से भी पर है, वह (काम) है।

# सत्तापक्ष के दबदबे से दूर हों संसदीय समितियां

संसदीय समितियों से अपेक्षा की जाती है कि जिन विधेयकों पर सदन में सहमति न बन पाए, उन पर कानूनी दृष्टि से विचार-विमर्श कर सुझाव पेश करें। ऐसा इसीलिए होता है कि संसदीय समितियों की निष्पक्षता पर सबको भरोसा होता है। संवैधानिक भावना यह है कि संसदीय समितियों को सत्तापक्ष के दबदबे से दूर रखा जाए, ताकि विषयों पर तार्किक और निष्पक्ष ढंग से विचार हो सके। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह संयुक्त संसदीय समितियों में हंगामे देखे गए हैं, उससे उनकी प्रासंगिकता पर ही सवाल उठने लगे हैं। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति में एक बार फिर हंगामा हुआ और उसके अध्यक्ष ने दस विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। अंततः विपक्ष का एक भी सुझाव माने बगैर सत्ता पक्ष के सांसदों के सभी सुझावों को मंजूरी दे दी गई। विपक्षी सांसदों का आरोप था कि अध्यक्ष सरकार के इशारों पर काम कर रहे हैं और वे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं देना चाहते। इसकी लिखित शिकायत भी उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को भेजी है। दरअसल, सरकार ने वक्फ कानूनों में संशोधन का विधेयक तैयार किया है। इस संशोधन को लेकर मुस्लिम धर्मगुरुओं, नेताओं और विपक्ष ने आशंका जाहिर की थी कि सरकार नए संशोधन कानून के जरिए वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। इसलिए सदन में बिना बहस के ही सरकार ने उस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विचार के लिए भेज दिया था। संसदीय समिति में अध्यक्ष सत्तापक्ष का होता है, तो विवाद की गुंजाइश बनी ही रहती है। वक्फ कानून वैसे भी संवेदनशील विषय है, इस पर राजनीतिक नफे-नुकसान के मद्देनजर विचार रखे जाएंगे, तो उनके निष्पक्ष रहने का दावा नहीं किया जा सकता। इन समितियों को भी राजनीतिक रस्साकशी का मंच बना दिया गया है। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। अध्यक्ष और विपक्षी दलों को भी आपसी सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए, वरना संयुक्त संसदीय समितियां एक दिखावा भर बन कर रह जाएंगी।

**संसदीय समितियों के गठन को लेकर पहले भी खासा विवाद उठा था। समितियों के अध्यक्ष पद पर सत्तापक्ष काबिज हो गया था। संयुक्त संसदीय समिति में हर दल के लोग रखे ही इसलिए जाते हैं, कि वहां किसी विवादित विषय पर हर कोण से विचार-विमर्श हो सके और एक सर्वमान्य कानून बनाया जा सके।**

प्रसंगवश

## मध्य वर्ग को केंद्र में रख कर हो रही चुनावी लड़ाई

दिल्ली में राजनीति और चुनाव 'जातीय' कम होते हैं। इस बार चुनाव 'वर्ग' पर आधारित होता जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि चुनाव में आर्थिक मुद्दों की गूंज है। पहली बार ही किसी राजनीतिक दल ने 'मध्य-वर्ग' पर विशेष घोषणा-पत्र जारी किया है। यह काम भी केजरीवाल की आम आदमी पार्टी




(आप) ने किया है। अभी तक चुनाव में आर्थिक मुद्दों के संदर्भ में 'मुफ्त की रेवडियों' का शोर था। एक सामाजिक और विशेषज्ञ पक्ष इसे 'रेवड़ी' मानने को तैयार नहीं है। उसका मानना है कि जनता का पैसा जनता के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है, वंचित और गरीब तबके की मदद की जा रही है, तो इसमें गलत, अनैतिक और अर्थव्यवस्था-विरोधी क्या है? दूसरा पक्ष इसे सरेआम 'रिश्वतखोरी' करार देता है, क्योंकि मतदाता को कुछ नकदी, मुफ्त का लालच देकर उसका वोट हासिल किया जा रहा है, लेकिन एक वर्ग ऐसा है, जो देश के आर्थिक संसाधनों की 'रीढ़' है, लेकिन चुनावों में अभी तक उपेक्षित रहा है। उस वर्ग में डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी, सरकारी पेंशनभोगी, बैंकर, एक खास वर्ग के पत्रकार, अध्यापक, प्रोफेसर आदि ऐसे पेशेवर लोग आते हैं, जो आयकर और अन्य करों के रूप में देश को 'खजाना' मुहैया कराते हैं। औसतन 100 रुपए कमाते हैं, तो 30 फीसदी कर चुकाना पड़ता है। आयकर देने वाला यह वर्ग आबादी का मात्र 4-5 फीसदी ही है। कुछ और लोग भी हैं, जो परोक्ष रूप से करदाता हैं और देश की अर्थव्यवस्था के संचालक हैं। वैसे जीएसटी और कुछ उपकर ऐसे हैं, जो देश की करीब 65 फीसदी आबादी को चुकाने ही पड़ते हैं। इनमें आम आदमी भी शामिल है, लेकिन मध्य-वर्ग ऐसा है, जिसे निचोड़ा जाता रहा है, लेकिन बदले में वह 'रेवड़ियों' की अपेक्षा भी नहीं करता। वह मुफ्तखोरी का पक्षधर नहीं है। अरबपति उद्योगपतियों का एक खास वर्ग है, जिसे किसी भी पार्टी की सत्ता पाल-पोस कर रखती है। इस वर्ग के 14.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज बैंकों को 'बट्टे खाते' (राइट ऑफ) में डालने ही पड़ते हैं। एक अरबपति को 6500 करोड़ रुपए का कर्ज मिला, लेकिन जब यह मामला आपस में सैटल किया गया, तो अरबपति को 1500 करोड़ रुपए का ही भुगतान करना पड़ा। देश में 400-500 'औद्योगिक मित्र' ऐसे हैं, जिनके 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज सरकार ने माफ करा दिया। बेशक यह वर्ग भी मतदाता है, लेकिन यह वर्ग सरकारें संचालित करता है। सरकार से सिर्फ इतनी अपेक्षा रखता है कि वह उसके मोटे कर्जों को 'बट्टे खाते' में डलवाती रहे अथवा हजारों करोड़ रुपए के कर्ज के बदले उसे कुछ सौ करोड़ रुपए ही चुकता करने पड़ें। मध्य-वर्ग में भी अपर, अर्द्ध अपर, मिडिल और लोअर वर्ग हैं। उनका मूल्यांकन उनके वेतन के आधार पर किया जाता है, क्योंकि आयकर भी उसी के अनुसार तय होता है। मध्य-वर्ग ऐसा है, जो गेहूं के साथ घुन की तरह पिसता रहा है। हालांकि यह वर्ग परिभाषित नहीं है, लेकिन माना जाता है कि दिल्ली में करीब 67 फीसदी आबादी मध्य-वर्ग के दायरे में आती है। देश में औसतन 31 फीसदी मध्य-वर्ग माना जाता है। बहरहाल यह मुद्दा दिल्ली के चुनाव की दिशा और दशा मोड़ भी सकता है।

**पहली बार किसी दल ने 'मध्य-वर्ग' पर विशेष घोषणा-पत्र जारी किया है। यह वर्ग देश के आर्थिक संसाधनों की 'रीढ़' है, लेकिन चुनावों में अभी तक उपेक्षित रहा है। उस वर्ग में डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी, सरकारी पेंशनभोगी, बैंकर, एक खास वर्ग के पत्रकार, अध्यापक, प्रोफेसर आदि ऐसे पेशेवर लोग आते हैं, जो आयकर और अन्य करों के रूप में देश को 'खजाना' मुहैया कराते हैं।**

## निवेश लाने के लिए विश्व की तिजोरी का इस्तेमाल

राष्ट्रीय

**मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, विदेशी पूंजी को लुभाने वाले सबसे सक्रिय मुख्यमंत्रियों में से एक थे। शायद ही कोई मुख्यमंत्री होगा, जिसने अपने राज्य को बाजार के रूप में पेश करके मित्रवत सरकारों को लुभाया न हो। वर्ष 2014 के बाद से राज्यों के मुख्यमंत्री निवेश को आकर्षित करने के लिए लगातार विश्व की तिजोरी का इस्तेमाल कर रहे हैं।**

**- प्रभु चावला -**

नेटवर्क अब भारतीय राजनीतिक वर्ग की कुल संपत्ति है। अधिकाधिक लाभ प्राप्त करना केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों का सबसे लोकप्रिय जुनून है। प्रत्येक वर्ष की शुरुआत नेताओं द्वारा स्विट्जरलैंड के अत्यधिक महंगे स्की शहर दावोस की ओर बढ़ने से होती है, जहां अरबपति पैसों के जरिये देशों की नीति तय करने के लिए इकट्ठा होते हैं। हमारे राजनेता राजनीतिक पहचान के आधार पर विभाजित हो सकते हैं, परंतु वे विकास के नाम पर अपने राज्यों के लिए विदेशी धन प्राप्त करने के नाम पर एकजुट रहते हैं।

पिछले सप्ताह, पांच केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों को, 100 से अधिक बाबुओं के साथ विश्व आर्थिक मंच जैसे लाभकारी मंच पर वैश्विक दिग्गजों के साथ बातचीत करते हुए, आर्थिक लाभ के लिए पैरवी करते हुए देखा गया था। इन यात्राओं की लागत लगभग 50 लाख रुपये प्रति व्यक्ति थी। दावोस उनका एकमात्र पड़ाव नहीं है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से, वे, उनके मंत्री और भाजपा के मुख्यमंत्री, अन्य दलों के अपने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी समकक्षों के साथ, निवेश को आकर्षित करने के लिए लगातार विश्व की तिजोरी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

यहां कुछ हालिया भ्रमणों पर एक नजर डालते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में चार बार दावोस जाने वाले देवेंद्र फडणवीस का ज्यूरिख हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत द्वारा स्वागत किया गया, उन्होंने अपने चौथे दिन का जश्न एक्स पर एक शानदार पोस्ट के साथ मनाया– 'यह 22 जनवरी है, एक बहुत ही ऐतिहासिक दिन। एक दिन में 6.25 लाख करोड़ रुपये का एमओयू (समझौता ज्ञापन), पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र की विकास क्षमता में अटूट विश्वास को दर्शाते हैं।' पिछले वर्ष, उनके पूर्ववर्ती एकनाथ शिंदे ने स्की रिजॉर्ट की अपनी पहली यात्रा को लेकर दावा किया था कि 3,53,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये थे। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने स्वास्थ्य तकनीक और वित्तीय सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए 2022 में डब्ल्यूइएफ में भाग लिया था। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, नवंबर 2024 में अपनी पहली विदेशी यात्रा के दौरान



इंग्लैंड और जर्मनी गये थे। अपने सात दिवसीय व्यस्त दौरे के दौरान विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों से 78,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव मिलने का दावा किया। फिलहाल वे जापान की यात्रा पर हैं, जाहिर है वहां भी पर्याप्त विदेशी निवेश को आकर्षित करके ही आएंगे।

तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी तो मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के चार महीने बाद से ही निवेश की तलाश में विश्व भ्रमण करने लगे हैं। यूरोप के उनके नवीनतम प्रवास में दावोस भी शामिल था। उन्होंने 40,000 करोड़ रुपये के नये निवेश सौदों पर हस्ताक्षर किये। इससे पहले जनवरी में, रेड्डी की टीम ने 31,500 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त करते हुए अपना पहला आधिकारिक अमेरिकी दौरा पूरा किया था। इसके बाद रेड्डी दक्षिण कोरिया चले गये, जहां कंपनियों ने 4,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आमतौर पर विदेशी दौरे से बचती हैं। हालांकि, मार्च 2024 में उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी की तलाश में स्पेन का दौरा किया था। मई 2024 में वह निवेशकों के साथ बातचीत के लिए दुबई गयी थीं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अप्रैल 2024 में जापान गये थे। उनकी यह यात्रा वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट को बढ़ावा देने और स्मार्ट शहरों में जापानी निवेश को आकर्षित करने के लिए थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे कार्यकाल के दौरान रक्षा, बुनियादी ढांचे और शिक्षा में संभावित निवेश का पता लगाने के लिए मार्च 2024 में ब्रिटेन का दौरा किया था। मई 2024 में संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की थी। ओडिशा के मुख्यमंत्री, मोहन चरण माझी अपने कार्यकाल के एक वर्ष से भी कम समय में सिंगापुर गये, उन्होंने बंदरगाह से जुड़े औद्योगिक विकास के लिए निधियों की भी मांग की।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, नवंबर 2024 में अपनी पहली विदेशी यात्रा के दौरान इंग्लैंड और जर्मनी गये थे। विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों से 78,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव मिलने का दावा किया। फिलहाल वे जापान की यात्रा पर हैं, जाहिर है वहां भी पर्याप्त विदेशी निवेश को आकर्षित करके ही आएंगे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अगस्त 2024 में अमेरिका में 17 दिन बिताये वापसी पर घोषणा की कि विभिन्न अमेरिकी संस्थाओं के साथ 7,618 करोड़ रुपये के 19 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 2024 में जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और ब्रिटेन का दौरा किया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, इस महीने टोक्यो और सियोल में थे, जिसका लक्ष्य असम समिट के लिए निवेश को लुभाना है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, जो 1995 से लगातार दावोस जाते रहे हैं, शिखर सम्मेलन में उनकी हाइ–प्रोफाइल उपस्थिति इस वर्ष भी आकर्षण का केंद्र थी। मुख्यमंत्रियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रयास ज्यादातर भाजपा शासित राज्यों से थे, जिनका मिशन मोदीप्लोमेसी और मोदीनॉमिक्स को बढ़ावा देना था। अनुमान के अनुसार, विभिन्न मुख्यमंत्रियों ने दावा किया है कि पिछले 10 वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये हैं। पर उस राशि का कितना हिस्सा राज्यों को मिला, यह अटकल का विषय है। ऐसे में केंद्र और राज्य दोनों को सार्वजनिक खर्च पर की गयी सभी यात्राओं के परिणामों का पूरा हिसाब–किताब करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

सामयिक

## स्वाभिमान की रक्षा की अमर गाथा है चंदेरी का जौहर

**(29 जनवरी, चंदेरी जौहर दिवस पर विशेष)**

**स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा करने के संकल्प और संघर्ष विश्व इतिहास में अनूठे हैं। मध्यकालीन मुगल आक्रांताओं से अपनी अस्मिता बचाने के लिए सिंच, ग्वालियर, रणथंभौर, चित्तौड़, चंदेरी सहित अन्य कई स्थानों पर वीरांगना नारियों ने जौहर कर आत्मोत्सर्ग किया। इनमें चंदेरी का जौहर सबसे बड़ा जौहर रहा।**



**- हितानंद शर्मा -**

यह हजार वर्षों के सतत संघर्ष की शौर्यगाथा है। अपने स्वत्व, स्वाभिमान और सतीत्व की रक्षा के इस संघर्ष में स्त्रियों ने भी सदैव त्याग और बलिदान का मार्ग चुना। पहले अपने परिवार के पुरुषों का संबल बन कर विजय की कामना के साथ उनके भाल पर तिलक का युद्ध क्षेत्र में भेजा दुर्भाग्य से यदि विजयश्री न मिली तो किले में ही स्वयं की अस्मिता की हर कीमत पर रक्षा की। भारत की महान बेटियों ने अग्नि की भस्म बन जाना स्वीकार किया लेकिन अपनी मृत देह को भी शत्रु को स्पर्श नहीं करने दिया। जौहर की ऐतिहासिक घटनाओं के ये उदाहरण केवल भारत में ही मिलते हैं। चंदेरी वर्तमान में अशोकनगर जिले में स्थित एक नगर है। इसी चंदेरी के दुर्ग में राजपूताने की 16 से अधिक वीरांगनाओं ने एक साथ अग्निकुंड में आत्मदाह कर मृत्यु को स्वीकार किया। मालवा की राजधानी रहे चंदेरी का मजबूत दुर्ग आज भी राजा मेदिनी राय के पराक्रम और वीरता की गाथा कहता है। इसी वर्ग के खूनी दरवाजे में 1600 से अधिक वीरांगना नारियों के बलिदान की करुण किन्तु महान बलिदान की कथा भी लिखी है।

496 वर्ष बीत गए हैं। यह इतिहास के उस कालखंड की पराक्रमी राजा मेदिनी राय और रानी मणिमाला की वीरता और शौर्य के साथ करुणा से भरी गाथा है। चंदेरी में तब राजा मेदिनी राय का शासन था। उनकी रानी मणिमाला भी उन्हीं की तरह स्वाभिमानी थी। चंदेरी सामरिक, व्यापारिक और मालवा में प्रवेश की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण था। विध्वंसक विस्तारवादी नीति के साथ आक्रांता बाबर मालवा पर अपनी कुदृष्टि डाल चुका था। वह दिसंबर 1527 में अपनी सेना लेकर चंदेरी की ओर बढ़ा। उसने



इस युद्ध को जेहाद घोषित किया। 20 जनवरी 1528 को उसने राजा मेदिनी राय को एक पत्र भेजा जिसमें आत्मसमर्पण कर मुगल राज्य की अधीनता स्वीकार करने का प्रस्ताव था। बदले में शमशाबाद की जागीर देने का भी प्रस्ताव था।

राजा मेदिनी राय स्वाभिमानी राजा थे, उन्होंने अधीनता का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। शत्रु बिल्कुल निकट आ गया था यह देख उन्होंने युद्ध की तैयारी और तेज कर दी। नेवाड़ के राणा सांगा इसके पूर्व में 16 मार्च 1927 को बाबर के विरुद्ध राजपूत शक्ति की ओर खानवा के युद्ध में पराजय देख चुके थे, राजा गेदिनी राय भी इस युद्ध में बीरता से लड़े थे। खानवा के युद्ध में राजपूत शक्ति कमजोर पड़ जाने से राणा सांगा की ओर से भी सहायता निलना संभव नहीं हो रहा था। पराजय लगभग तय थी फिर भी वीर मेदिनीराय ने झुकने के स्थान पर युद्ध का विकल्प चुना। एक वीर योद्धा युद्ध लड़ कर विजय प्राप्त करने या वीरगति को प्राप्त हो जाने के लिए सदैव उन्मुख रहता है। युद्ध की घोषणा कर दी गई।

27 जनवरी को सूर्य उदय होते ही युद्ध शुरू हुआ। तीसरे दिन 29 जनवरी को भीषण और निर्णायक युद्ध हुआ। पराक्रम से लड़ते हुए राजा मेदिनीराय वीरगति को प्राप्त हुए। राजा की मृत्यु और बाबर के महल की ओर आने की सूचना जैसे ही रानी मणिमाला के पास पंहुची तो उन्होंने 1600 क्षत्राणियों और अपने सतीत्व की रक्षा हेतु जौहर का निर्णय लिया। महल के अंदर बनाए गए जौहर कुंड में प्रज्जवलित अग्नि में एक–एक कर सभी क्षत्राणियों ने स्वयं की आहुति दे दी। अग्नि की लपटें कई कोस दूर तक दिखाई दे रही थी। जब यह दृश्य महल में आए जर्बर बाबर ने देखा तो वह भी कांप गया। उसके साथ आई चौथी बीबी दिलावर बेगम वहीं बेहोश होकर गिर गयी। इस प्रकार इन महान नारियों ने अपने स्वाभिमान और सतीत्व की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। यह भारत की नारियों का अपनी अस्मिता और सतीत्व की रक्षा के लिए किए गए आत्मोत्सर्ग का ऐसा उदाहरण है जिसकी दूसरी मिसाल विश्व इतिहास में नहीं मिलती। इसी जौहर की स्मृति में किले में एक स्मारक बनाया गया है और प्रतिवर्ष इन वीरांगनाओं को श्रद्धांजली देने आयोजन होते हैं। ऐसे ही अनगिनत बलिदानों की बुनियाद पर आज भारतीय समाज सुखी और स्वतंत्र जीवन जी रहा है। चंदेरी का यह जौहर वास्तव में देश के स्वाभिमान के लिए प्रेरणा है।

**( लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री हैं। )**

## SUDOKU 27

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | 2 | | 4 |
| 8 | | 5 | | | | | | |
| | 9 | | | 3 | 5 | | | 8 |
| 7 | 8 | | 4 | 6 | | | 2 | |
| | | | 7 | | 2 | | | |
| | 2 | | | 1 | 3 | | 4 | 7 |
| 6 | | | 3 | 4 | | | 1 | |
| | | | | | | 4 | | 2 |
| 4 | | 7 | | | | | | 3 |

## SOLUTIONS 26

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 5 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृषभ** : मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। परिवार का साथ रहेगा।

**मिथुन** : मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में भी संतुलन बनाए रखें। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** : प्रसन्नता रहेगी और आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत के प्रति सचेत रहें।

**सिंह** : मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** : मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** : किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**धनु** : आत्मसंयत रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** :–अशांति महसूस होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। सप्ताह के प्रारंभ में संतान की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ** : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**मीन** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 29 जनवरी2025 दिन बुधवार माघ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मकर राशि में चंद्रमाकर राशि में बुध मकर राशि में मंगल मिथुन राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मकर राशि का नक्षत्र उत्तराषाढ़ा का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा प्रातः 10.30 मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा दोपहर 4.30 बजे मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा रात्रि 10.30 बजे मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा। **योग :** सिद्धि। **करण :** नाग।

**चौघड़िया,** बुधवार

सुबह 6.00 से 7.30........................................ लाभ
सुबह 7.30 से 9.00........................................ अमृत
सुबह 9.00 से 10.30........................................ काल
सुबह 10.30 से 12.00........................................ शुभ
दोपहर 12.00 से 1.30........................................ रोग
दोपहर 1.30 से 3.00........................................उद्वेग
दोपहर 3.00 से 4.30........................................चर
शाम 4.30 से 6.00........................................लाभ

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | उत्तराषाढ़ा | चतुर्थ | तांबा | सिंह | जी |
| प्रातः 10.30 | श्रवण | प्रथम | तांबा | मकर | खी |
| दोपहर 4:30 | श्रवण | द्वितीय | तांबा | मकर | खु |
| रात्रि 10.30 | श्रवण | तृतीय | तांबा | मकर | खे |

**राहुकाल :** दोप 12 से 1.30 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** उत्तर पूरब दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का समय :** शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र :** ऊं श्री विष्णवे च विद्महे वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।।

**पं. अरविंद तिवारी**

जीवन दर्शन

## सीखने की इच्छा ही आगे बढ़ाती है

आखिरी वक्त में एक व्यापारी को चिंता हुई कि कौन उसके इतने बड़े कारोबार को संभालेगा। उसने चारों बेटों को बुलाया और एक-एक रुपये देते हुए कहा, 'इससे कुछ ऐसा खरीदो जिससे पूरा कमरा भर जाए।' चारों बेटे निकल पड़े बाजार में, लेकिन एक रुपये में क्या मोल लाते! एक ने रुई खरीदी और दूसरे ने घास। दोनों ने खूब मोलभाव किया था, लेकिन फिर भी इतना नहीं ले पाए जिससे कमरा भर उठे। दो भाइयों की नाकामी से तीसरे को लगा कि एक रुपये में ऐसी कोई चीज खरीदी ही नहीं जा सकती, तो उसने प्रयास करना ही छोड़ दिया। लेकिन, चौथे को भरोसा था कि जब पिता ने कहा है, तो कुछ होता जरूर होगा ऐसा। आखिर में वह एक दीया ले आया। उसे जलाते ही पूरा कमरा रोशनी से भर उठा। एक जलते हुए दीपक से भी जीवन का ज्ञान लिया जा सकता है। किससे सीखें ये सवाल मन में जरूर आता है। यह कहानी तब की है जब बिजली नहीं हुआ करती थी। आज बिजली है और अंधेरा दूर करने के लिए कई तरह की लाइटें, लेकिन दीये की जगह कोई नहीं ले सकता। उसकी टिमटिमाती लौ रोशनी के साथ उम्मीद भी भरती है और खुशी भी। जब खुद पर फोकस करने का चलन बढ़ चला है, तब दीया बिल्कुल किसी पुराने जमाने के बुजुर्ग की तरह लगता है, जिसे अपनी कोई फिक्र ही नहीं। वह अपने को खपा रहा है दूसरों के लिए। वह बताता है कि देने से बरकत होती है। जब दीये से दीया जलता है, तो उनकी रोशनियों के घेरे आपस में मिलकर और चमकदार बन जाते हैं। इस देने में बस नफा ही है, किसी का नुकसान नहीं।

**एक जलते हुए दीपक से भी जीवन का ज्ञान लिया जा सकता है। आज अंधेरा दूर करने के लिए कई तरह की लाइटें, लेकिन दीये की जगह कोई नहीं ले सकता। उसकी टिमटिमाती लौ रोशनी के साथ उम्मीद भी भरती है। दीया बिल्कुल किसी पुराने जमाने के बुजुर्ग की तरह लगता है।**

**स्वामी मुकुंदानंद**

## संक्षिप्त खबरें

### गणतंत्र दिवस पर डाक सेवा ने निकाली वाहन रैली



**जागरण, भोपाल।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को डाक विभाग के द्वारा नगर में वाहन रैली का आयोजन किया। विभाग के वाहन सेवा मेल मोटर्स भोपाल द्वारा निकाली गई रैली को मुख्य पोस्टमास्टर मप्र परिमंडल विनीत माथुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं और देश प्रेम की भावना को जन जन तक पहुंचाने के उदेश्य से जीपीओ से शुरु यह रैली लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड, रेतघाट, पालीटेक्निक चौराहा, रंगमहल चौराहा, सेंट्रल टीटी नगर डाकघर से होते हुए वापस जीपीओ कार्यालय में आकर संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम के इस अवसर पर विभाग के कर्मचारी परिवार सहित उपस्थित रहे। इस अवसर छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य पोस्टमास्टर मप्र परिमंडल विनीत माथुर ने कहा कि डाक वाहन सेवा डाकघर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके योगदान को नकारा नहीं जा सकता। साथ ही उन्होंने कहा कि हम आज के युग की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं लेकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर पवन कुमार डालमिया, निदेशक (मुख्यालय), एसके नेमा सहायक निदेशक मेल्स, एनके श्रीवास्तव सहायक निदेशक परिमंडल कार्यालय भोपाल, अभिषेक चौबे सहायक अधीक्षक डाक वाहन सेवा, पीके सिसोदिया वरिष्ठ डाकपाल भोपाल जीपीओ सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आरक्षक भर्ती मामले में गृह सचिव व डीजीपी दें स्पष्टीकरण: हाईकोर्ट



**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस आरक्षक भर्ती 2016-17 में जिलेवार आरक्षण लागू किये जाने को चुनौती देने वाले मामले में प्रदेश के गृह सचिव व डीजीपी को स्पष्ट जवाब देने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मामले में स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया तो वे कार्यवाही के लिये तैयार रहें, हालांकि विस्तृत आदेश प्रतीक्षित है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि मामला छठवीं बटालियन जबलपुर में पदस्थ हल्के भाई व अन्य की ओर से दायर किया है। इसमें कहा गया है कि मप्र पुलिस आरक्षक भर्ती 2016-17 के लिए गृह विभाग ने 14 हजार 283 पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया था। इसमें अनारक्षित वर्ग के लिए 8432, एससी के लिए 1917, एसटी के लिए 2521 और ओबीसी वर्ग के लिए 1411 पदों को आरक्षित किया गया था। आरोप है कि ओबीसी के 889 पदों पर नियुक्तियां नहीं की गईं। भर्ती में जिला स्तर पर आरक्षण के रोस्टर को लागू नहीं किया। इतना ही नहीं जिला बल व विशेष सशस्त्र बल के खाली पदों का भी विवरण नहीं दिया गया।

### पटवारी चयन परीक्षा में तृतीय काउंसलिंग को चुनौती

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में पटवारी चयन परीक्षा-2022 की तृतीय काउंसिलिंग को कटघरे में रखते हुए चुनौती दी गई है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले में संशोधन कर काउंसिलिंग में नियुक्त सभी पटवारियों को पक्षकार बनाने के निर्देश दिये है। मामला जबलपुर के प्रयागराज दुबे की ओर से दायर किया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला, विनीत टेहेनगुरिया पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पटवारी चयन परीक्षा-2022 में तृतीय काउंसलिंग को याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। आवेदक का कहना है कि पटवारी चयन परीक्षा के नियम में यह विहित किया गया है कि यदि द्वितीय काउंसलिंग के बाद भी पटवारी के पद रिक्त रहते हैं, तो पुनः काउंसलिंग न कर शेष पद अगली भर्ती से भरे जायेंगे, किन्तु उक्त नियम का उल्लंघन कर तृतीय काउंसलिंग शेष पदों को भरने के लिए आयोजित की गई है। जिससे भविष्य में याचिकाकर्ता के लिए व अन्य अभ्यार्थियों के लिये पद अपेक्षाकृत सीमित हो जाएंगे।

### महू में कांग्रेस नेताओं के बयान पर सिंधिया ने किया पलटवार

**विसं, भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने महू में कांग्रेस नेताओं के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नफरत की राजनीति फैला रही है। रेवंत का बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान नहीं, बल्कि देश के गरीबों और आदिवासियों का अपमान है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नफरत की राजनीति फैला रही है। उन्होंने आजादी के पहले राज परिवारों की भूमिका पर दिए गए बयान पर कहा कि यह राहुल की संकीर्ण सोच उजागर करता है। राज परिवारों ने वर्षों पहले भारत में समानता और समावेश की नींव रखी थी।

# मध्यप्रदेश में जातिगत जनगणना को लेकर घर-घर जाएगी कांग्रेस

## महू में राहुल गांधी के बयान के बाद जीतू पटवारी ने लिया निर्णय

**विशेष संवाददाता भोपाल।** महू मे राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस प्रदेशभर में जातिगत जनगणना को लेकर मुहिम चलाएगी। इसके लिए कांग्रेसी घर-घर जाकर लोगों को बताएंगे कि आखिर जातिगत जनगणना क्यों जरूरी है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने पिछले एक साल से जातिगत जनगणना का राग छेड़ रखा है। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी का तो मानना है कि जब तक जातिगत जनगणना नहीं होगी तब तक ओबीसी और दलित वर्ग को न्याय मिलने वाला नहीं है। राहुल गांधी और उनके दूसरे नेताओं ने महू की सभा में जातिगत जनगणना का गणित बताया तो प्रदेश के नेताओं राज्य के लोगों को इसे समझाने का फैसला कर लिया है। बताया गया है कि कांग्रेस जल्द ही इसे मुहिम का रूप देकर कार्यकर्ता मैदान पर उतरेंगे। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ऐलान कर दिया है कि सरकार कराए या ना कराए वो तो जातिगत जनगणना कराकर ही मानेंगे। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने फैसला लिया है कि कांग्रेस पार्टी घर-घर जाकर जातिगत गणना कराएगी और देश में एक उदाहरण पेश करेगी। इसे कांग्रेस प्राइवेट सेक्टर से जनगणना कराएगी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना आर्थिक सर्वे और गरीब की पहचान खजाने का अधिकार गरीब को मिले इसके लिए जरूरी है।



### अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं पर गिरेगी गाज

**भोपाल।** कांग्रेस जल्द ही एनएसयूआई के उन कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्यवाही कर सकती है, जिन्होंने महू में आयोजित सभा के दौरान जमकर नारेबाजी की थी। गौरतलब है कि महू में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जय बापू जय भीम जय संविधान सभा के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी कर रहे थे। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थे। इस पर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। खबर है कि हंगामा करने वाले कार्यकर्ताओं को जल्द नेतृत्व के सामने तलब किया जाएगा। इसमें प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे को भी बुलाया गया है। दरअसल इस दौरान आशुतोष चौक से भी सभा में मौजूद रहे और वह इन कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाए। जानकारी के अनुसार जल्द ही अनुशासनहीनता मामले में कार्रवाई की जा सकती है। बताया गया है कि कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता झंडे लेकर मंच के सामने खड़े हो गए, जिससे व्यवस्था बिगड़ने लगी। इसके लिए नेताओं द्वारा बार-बार उन्हें शांति बनाए रखने और झंडे नीचे करने की हिदायत दी गई। यहां तक कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी मंच से अपील की, लेकिन कार्यकर्ता किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। इस पर नाराज हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि अरे आप लोग सुनो एनएसयूआई के लड़कों तुरंत झंडा नीचे करो। आप क्या कर रहे हैं? आप अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की बात नहीं सुन रहे, पूर्व अध्यक्ष की बात नहीं सुन रहे। आप किस पार्टी के हो? चौकसे कहां पर हैं? ये क्या तरीका है, मीटिंग बिगाड़ने आए हो तुम लोग। सिंह ने कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी कि कार्यक्रम की गरिमा को बनाए रखें लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने और झंडा लहराते हुए नारेबाजी करते रहे।

### बीजेपी ने कसा तंज

जीतू पटवारी के एलान पर बीजेपी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं में राहुल गांधी के सामने नंबर बढ़वाने की होड़ मची है। इसके लिए वो कुछ भी अनर्गल बयान देते रहते हैं। भाजपा ये भी सवाल उठा रही है कि जीतू पटवारी अगर जातीय जनगणना करा भी लेते हैं तो इसकी विश्सनीयता और वैधानिकता क्या होगी। इस रिपोर्ट का पटवारी करेंगे क्या। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस आजादी के पहले से जातिगत जनगणना की विरोधी रही है। महात्मा गांधी ने जातीय विभाजन के विरोध में आमरण अनशन किया था। बापू जातिगत आरक्षण के पक्ष में नहीं थे। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 27 जून 1961 को मुख्यमंत्रियों को लिखा था जिसमें नेहरू ने जातिगत आरक्षण और विशेष विशेषाधिकारों को घातक बताया था।

## मुख्यमंत्री के जापान दौरे का दूसरा दिन

# आज आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की होगी पहल

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे। भारत की जापान के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की पहल होगी। यह दिन प्रदेश में निवेश, व्यापार और औद्योगिक सहयोग को नई ऊंचाई देने के लिए समर्पित रहेगा।

### परिवहन और अधोसंरचना में सहयोग पर चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहली बैठक ईस्ट जापान रेलवे कंपनी और केइदानरेन की दक्षिण एशिया समिति के अध्यक्ष यूजी फुकासावा के साथ होगी। यह बैठक टोक्यो के इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। इसमें रेलवे और परिवहन क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।

**व्यापारिक अवसरों पर संवाद**

मुख्यमंत्री जेईटीआरओ (जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष श्री सुसुमु काटाओका से मिलेंगे। यह बैठक जेईटीआरओ के मुख्यालय, आर्क मोरी बिल्डिंग, मिनाटो-कु, टोक्यो में होगी। बातचीत का मुख्य उद्देश्य मप्र में व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए अवसर तलाशना और जापान से व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाना रहेगा।

**खाद्य और पेय उद्योग में संभावनाएं**

मुख्यमंत्री सुंतोरी इंडिया के अध्यक्ष ताकायुकी सन्नो से इम्पीरियल होटल में मुलाकात करेंगे। बैठक में खाद्य और पेय उद्योग में निवेश और सहयोग पर चर्चा की जाएगी।

**टायर उद्योग में निवेश**

दोपहर में मुख्यमंत्री ब्रिजस्टोन मुख्यालय, क्योबाशी, चुओ-कु, टोक्यो में ब्रिजस्टोन के अधिकारियों से मिलेंगे। बैठक का उद्देश्य ऑटोमोबाइल और टायर उद्योग में तकनीकी साझेदारी और निवेश की संभावनाओं को विस्तार देना होगा।

**जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के साथ रणनीतिक वार्ता**

मुख्यमंत्री जेआईसीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शोहेई हारा से मुलाकात करेंगे। बैठक में जल प्रबंधन, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं और अधोसंरचना विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

**टेक्सटाइल और रिटेल सेक्टर**

अपराह्न में मुख्यमंत्री फास्ट रिटेलिंग कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ श्रतदाशी यानाई से मिलेंगे। वार्ता का केंद्र मप्र को टेक्सटाइल और रिटेल उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना होगा।

**फर्नीचर और होम डेकोर उद्योग**

मुख्यमंत्री निटोरी होल्डिंग्स के अध्यक्ष श्री तोशीयूकी शिराई से मुलाकात करेंगे। यह बैठक इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी और फर्नीचर उद्योग में सहयोग के नए अवसर तलाशने पर केंद्रित होगी।

**प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद**

सायंकाल में मुख्यमंत्री टोक्यो के इम्पीरियल होटल में प्रवासी भारतीय समुदाय और मप्र के मित्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, निवेश अवसरों और नीतियों पर प्रकाश डालेंगे।

## हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रतिः राज्यमंत्री

**जागरण, भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है। परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद और विधानसभा क्षेत्र की जनता का विश्वास ही है कि हम लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को वार्ड-63 में 1 करोड़ 19 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। राज्यमंत्री ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल पिपलानी, भेल में साइंस पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि विज्ञान पार्क बनने से बच्चों की साइंस क्षमता बढ़ेगी, बच्चों की जिज्ञासा शांत होगी और नई टेक्नोलाजी से समृद्ध होने का अवसर भी मिलेगा। वार्ड-63 के चांदमारी झुग्गी बस्ती में 9 लाख 66 हजार की लागत से सड़क, आरसीसी नाली और पाइप कल्वर्ट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए पीने के पानी की सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। 50 क्वार्टर झुग्गी बस्ती में सीसी सड़क व आर सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 9 लाख 98 हजार रुपए है। 60 क्वार्टर व 100 क्वार्टर झुग्गी बस्ती, शिवनगर झुग्गी बस्ती पिपलानी में सीसी सड़क निर्माण कार्य क्रमशः 20 लाख और 21 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।

# फरवरी के अंत में शुरू हो सकता है निशातपुरा रेलवे स्टेशन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी का चौथा रेलवे स्टेशन निशातपुरा के रूप में जल्द शुरू हो सकता है। इसके संकेत मंगलवार को सांसद आलोक शर्मा ने दिए। वह मंगलवार की सुबह निशातपुरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव से मुलाकात कर स्टेशन के शुभारंभ का समय मांगेंगे, शर्मा ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि फरवरी माह के अंत तक निशातपुरा रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगा। उन्होंने यहां पर नवनिर्मित प्लेटफार्म, पैदल पार पुल, यात्री सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट, रैंप, यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

- सांसद आलोक शर्मा पहुंचे निरीक्षण करने
- रास्ता नहीं मिलने पर दो जगह पूछा




### पहुंच मार्ग कठिन, गोदाम हटाने के दिए निर्देश

जब सांसद शर्मा निशातपुरा स्टेशन पर पहुंचे तो उन्हें दो जगह पूंछना पड़ा कि स्टेशन कहां हैं। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन पर सेंट्रल वेयरहाउस की गोदाम को हटाकर एंट्री गेट सुगम बनाएं। जिससे यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा सुलभ हो सके। सांसद शर्मा ने मालवा एक्सप्रेस और सोमनाथ वेरावल एक्सप्रेस को निशातपुरा स्टेशन से संचालित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इससे भोपाल स्टेशन और रानी कमलापति स्टेशन पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। सांसद शर्मा ने निरीक्षण के दौरान पार्किंग की व्यवस्था और सौंदर्यीकरण करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। सांसद आलोक शर्मा के साथ भ्रमण के दौरान डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी, एडीआरएम, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक सौरभ कटारिया सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया प्रदर्शन



महू में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के महाकुंभ को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा नेताओं ने मंगलवार को राजधानी में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान खरगे का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया गया।

# तीसरे आरोपी शरद ने भी किया सरेंडर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सोमवार को सौरभ अपने अधिवक्ता के साथ विशेष लोकायुक्त अदालत में पेश हुआ था और उसने सरेंडर के लिए आवेदन दिया था। इस मामले में अदालत ने केस डायरी तलब करते हुए अगले दिन मंगलवार को मामले की सुनवाई तय की थी। सौरभ को भी मंगलवार को ही कोर्ट में मौजूद रहने को कहा था। हालांकि मंगलवार को सौरभ को कोर्ट आने से पहले ही लोकायुक्त पुलिस ने कोर्ट के बाहर से अपनी हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे लोकायुक्त पुलिस के भोपाल स्थित दफ्तर ले जाया गया। इस बीच सौरभ के अधिवक्ता ने एक आवेदन कोर्ट में दिया, जिसमें सौरभ को इस तरह से हिरासत मे लिए जाने को नियम विरुद्ध बताते हुए अदालत से कार्रवाई की मांग की गई। इसी बीच सौरभ के सहयोगी चेतन गौर को भी लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया। सौरभ के एक अन्य सहयोगी शरद जायसवाल ने भी मंगलवार को ही लोकायुक्त थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर के मुताबिक सौरभ की लोकेशन भोपाल के कोलार इलाके से मिली थी, इसके बाद उसे अरेस्ट किया गया।

### कोर्ट रूम में मां ने पूछा खाना खाया या नहीं

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सौरभ नीली जींस और हरे रंग की हुडी पहने हुआ था। उसके बाल और दाड़ी बढ़ी हुई थी। सौरभ और चेतन कठघरे में खड़े होकर सिर झुकाकर अदालत में जज के सामने वकीलों के तर्क सुनते रहे। सुनवाई के दौरान सौरभ की मां भी मौजूद थीं। जब न्यायालय में जिरह खत्म हुई और न्यायाधीश अपने चैंबर में फैसला लिखवा रहे थे, तब सौरभ और चेतन कठघरे में रखी कुर्सियों पर सिर झुकाकर बैठ गए। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस के चार कर्मचारी दोनों को घेरे रहे। उसी समय सामने बैंच पर बैठी सौरभ की मां उठकर उसके पास गईं। मां को देख सौरभ के चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहट आई। मां ने सौरभ से पूछा कि दिन में जो खाना भेजा था वह खाया या नहीं। सौरभ ने सिर हिलाकर हां में जवाब दिया। इस पर सौरभ की मां ने कहा कि रात को भी खाना भेजूंगी।

**40 दिनों से था फरार**

बता दें कि लोकायुक्त पुलिस ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों पर 19 दिसंबर को छापे मारे थे। इस छापे के अगले दिन आयकर विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमों को रातीबड़ इलाके में खड़ी इनोवा कार से 52 किलो सोना और 10 करोड़ की नगदी मिली थी। यह कार सौरभ के सहयोगी चेतन गौर के नाम पर रजिस्टर्ड थी। इसमें बरामद नगदी और सोना भी सौरभ का ही बताया गया था। इसके अलावा शरद जायसवाल का नाम भी छापों के दौरान सौरभ के सहयोगी के रूप में सामने आया था। लोकायुक्त और आयकर बाद ईडी ने भी सौरभ के भोपाल समेत ग्वालियर और पुणे में स्थित ठिकानों पर छापे मारे। लोकायुक्त, आयकर और ईडी छापों के बाद सौरभ के पास देस-विदेश में लगभग 300 करोड़ की संपत्ति होने की बात सामने आई थी। इसके बाद से सौरभ फरार था। उसके दुबई में होने की भी खबरें आने के बाद ईडी ने भी उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था। ईडी, लोकायुक्त और आयकर मिलकर उसे लगभग 40 दिनों से खोज रहे थे, लेकिन सौरभ सोमवार को अदालत पहुंचा।

## आदेश | बंदोबस्त और खसरे का करना होगा मिलान, देनी होगी अतिक्रमण की जानकारी

# वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का राजस्व अधिकारी 5 दिन में करेंगे सत्यापन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पूरे प्रदेश में मौजूद वक्फ बोर्ड की 14986 संपत्तियों की जानकारी राजस्व विभाग को 5 दिन के अंदर शासन को देनी होगी। इसको लेकर अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अशोक वर्णवाल सभी संभाग आयुक्त और जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर वक्फ संपत्तियों का सत्यापन करने को कह चुके हैं। अब राजस्व विभाग को 5 दिन के अंदर इन सभी संपत्तियों का सत्यापन करके जानकारी शासन को देनी होगी। इसके अलावा यह भी बताना होगा कि वर्तमान में इन संपत्तियों पर किसका कब्जा है और अतिक्रमण की जानकारी भी शासन को देनी होगी। वक्फ बोर्ड के अनुसार वर्तमान में उनकी 90 फीसदी से ज्यादा संपत्ति पर अवैध कब्जा हो चुका है। इसकी जानकारी उन्होंने पहले ही भारत सरकार की ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी (जेपीसी) को दे दी है।

### क्या है पूरा मामला

पूरे प्रदेश में वक्फ की 14986 संपत्तियां हैं, जिसमें से 90 फीसदी से अधिक पर या तो नेताओं ने झुग्गियां बनवा दी हैं या दुकानें बनाकर किराए की वसूली हो रही है। मप्र सरकार को इन संपत्तियों का फिजिकल वेरिफिकेशन कराना है और जानकारी केंद्र को देनी है। बता दें कि संपत्तियों को लेकर पिछले वर्ष 26 दिसंबर को जेपीसी की दिल्ली में बैठक हुई थी। जिसमें पूरे देश की वक्फ संपत्तियों की जानकारी 15 बिंदुओं के आधार पर मांगी गई थी। इसी के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौजूद वक्फ संपत्तियों की जानकारी भी मांगी गई है। इन संपत्तियों में दो तरह की जानकारी मौजूद है, जिनमें मौजूदा संपत्ति के साथ निष्क्रांत संपत्ति (विभाजन के दौरान पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति) की जानकारी भी राजस्व अधिकारियों को जुटाना है। यह जानकारी कलेक्टरों को राजस्व अमले के सहयोग से पोर्टल पर अपडेट करना होगी।

### बोर्ड ने 45 दिन पहले दी जानकारी

बोर्ड ने करीब 45 दिन पहले वक्फ से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर वक्फ रजिस्टर, सर्वे सूची और राजपत्र अधिसूचना से मिलाकर ऑनलाइन दर्ज कर दी है। अब राजस्व अमले को इस जानकारी का फिजिकल वेरिफिकेशन करना है। वहीं शासन ने राजस्व अमले से इस प्रॉपर्टी के नामांतरण, अतिक्रमण, हस्तांतरण, अलगाव विक्रय की जानकारी मांगी है। साथ ही निष्क्रांत संपत्ति, पट्टा संपत्ति, किराए पर दी संपत्ति और शासकीय संपत्ति से जुड़ी जानकारी भी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए तहसील स्तर पर आईडी पासवर्ड जारी किए गए हैं। वहीं वक्फ के पदाधिकारियों के अनुसार वर्तमान में वक्फ और राजस्व रिकॉर्ड में अंतर है। 40 साल पहले के रिकॉर्ड में खसरे के दूसरे नंबर हैं। बंदोबस्त के बाद यह नंबर बदल गए हैं। अब राजस्व को इन रिकॉर्ड का मिलान करना होगा।

"हमारे द्वारा करीब 45 दिन पूर्व जेपीसी को वक्फ से जुड़ी संपत्तियों की जानकारी दी गई है। हमने करीब 13 बिंदुओं पर जानकारी दी है। 2 बिंदुओं पर राजस्व विभाग को जानकारी देना है।

**- सनव्वर पटेल,**
अध्यक्ष, मप्र वक्फ बोर्ड

"वक्फ जमीन के भौतिक सत्यापन का काम होना चाहिए, क्योंकि वह प्रॉपर्टी भी वक्फ की बता दी जाती है जिसपर वक्फ का कोई अधिकार नहीं है। विभाजन के बाद जो लोग पाकिस्तान चले गए। उनकी संपत्ति भी वक्फ की बता दी गई। भोपाल के बैरागढ़ में 100 एकड़ की प्रॉपर्टी को उन्होंने वक्फ की प्रॉपर्टी बताना शुरू कर दिया।

**-रामेश्वर शर्मा**, विधायक हुजूर

## पेज एक की खबरों का शेष

### अनुत्तरित सवाल...

तब भी इसकी जानकारी जांच एजेंसियों को न होना गंभीर प्रश्न खड़े करता है।
क्या हमारे प्रदेश और देश की पुलिस और जांच एजेंसियां इस हद तक अक्षम हैं...और यदि नहीं, तो क्या उन पर सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी न करने का दबाव था। ये कुछ अनुत्तरित सवाल हैं जिनका जवाब मिलना इसलिए आवश्यक है ताकि हमारी पुलिस और जांच एजेंसियों से लोगों का रहा-सहा भरोसा भी न उठे।

### सीएम ने जापान में ...

और निवेश-अनुकूल माहौल की सराहना की और राज्य के साथ साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

**भारतीय राजदूत जॉर्ज ने की मुलाकातः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से 28 जनवरी को जापान की राजधानी टोक्यो में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने मुलाकात की। दोनों ने भारत-जापान के बीच मजबूत और ऐतिहासिक रिश्तों पर चर्चा की। दोनों ने भविष्य में मप्र-जापान के रिश्तों को प्रगाढ़ करने को लेकर चर्चा हुई। जिससे मध्यप्रदेश और जापान के बीच व्यापार-अर्थव्यवस्था का गठबंधन और सशक्त हो सके। मुख्यमंत्री मंगलवार की सुबह ही जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां पर प्रवासी भारतीयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रवासी भारतीयों ने उन्हें तिलक लगाकर साफा बांधा और उन्हें पारंपरिक तलवार भी भेंट की।

### आरोपी को वॉट्सऐप...

ने वॉट्सऐप, ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड से आरोपी को नोटिस या वारंट भेजने पर रोक लगा दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि वॉट्एसऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे गए नोटिस बीएनएसएस के तय मानकों को पूरा नहीं करते। एडवोकेट लूथरा ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में दिए गए फैसले की नजीर भी दी। इस फैसले में शीर्ष अदालत ने पुलिस को बिना सीआरपीसी के सेक्शन 41-ए का पालन किए एक शख्स को गिरफ्तार करने से रोक दिया था। इस व्यक्ति ने ऐसा जुर्म किया था, जिसमें उसे सात साल तक की सजा हो सकती थी।




**मौनी अमावस्या के लिए उमड़ा जन सैलाब**

# महाकुंभ में मंगलवार को रिकॉर्ड 4.64 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे

**प्रयागराज, जेएनएन ।** महाकुंभ में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। हर तरफ सिर्फ सिर ही सिर दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज की सड़कों से लेकर गलियां तक फुल हैं। भीड़ को संभालने प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है, लेकिन आने वाली भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ दे रही है। ऐसा ही शास्त्री ब्रिज पर देखने को मिला। यहां भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और पुल से डायरेक्ट नीचे उतरकर मेले के अंदर चले गए। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी पैर रखने तक की जगह नहीं है। सिर्फ 2 घंटे में (शाम 4 से 6 बजे के बीच) 70 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई है। वहीं, महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। आज प्रयागराज की आबादी साढ़े 4 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। मंगलवार को देर शाम तक 4.64 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 5.34 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है। आज सुबह एडीजी जोन भानु भास्कर और कमिश्नर ने सभी विभागों के अफसरों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। इसमें डीएम, सीआरपीफ, आईटीबीपी, पुलिस, रेलवे आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हाईअलर्ट जारी किया गया है। 13 जनवरी से अब तक कुल 14.76 करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फिल्म देवा पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**नई दिल्ली, जेएनएन।** शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म देवा 31 जनवरी को रिलीज होने वाली है। रिलीज से चंद दिनों पहले ही सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन पर आपत्ति जताई है। सेंसर बोर्ड ने कई सीन में बदलाव की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म देवा के मेकर्स से फिल्म के उस सीन को हटाने को कहा है, जिसमें शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े का लंबा लिप लॉक है। बोर्ड ने इसे 6 सेकंड में करने का सुझाव दिया है। मेकर्स से एक्टर्स द्वारा किए गए गलत, अश्लील इशारों को भी हटाने की मांग की है। कुछ सीन में अपशब्दों का भी इस्तेमाल था, लेकिन बोर्ड ने इनमें बदलाव की मांग की है।

### अवैध प्रवासियों को फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट: सोमैया




**जालना।** दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के रहने का मुद्दा अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि महाराष्ट्र में भी इस मामले ने जोर पकड़ लिया है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्याओं को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। सोमैया ने कहा, सीएम देवेंद्र फडणवीस, जो गृह विभाग भी संभालते हैं, ने इन गलत कामों का पर्दाफाश करने के बाद सख्त कदम उठाए हैं। मुंबई के पूर्व बीजेपी सांसद ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया, पिछले छह महीनों में, 2.14 लाख बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं ने महाराष्ट्र में जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और स्कूल प्रमाण पत्र एक घोटाले के तहत जारी किए जा रहे हैं। 1.13 लाख जन्म प्रमाण पत्र संदिग्ध परिस्थितियों में इन विदेशी नागरिकों को जारी किए गए।

## राष्ट्रपति ने दी भारत, चीन और ब्राजील को चेतावनी

# अमेरिकी लोगों की जगह दूसरे देशों पर लगाएंगे टैक्सः ट्रंप

### टैरिफ को लेकर बोले-अब केवल अमेरिका फर्स्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को भारत, चीन और ब्राजील पर टैरिफ को लेकर निशाना साधा है। ट्रंप ने तीनों देशों को जबरदस्त टैरिफ-निर्माता करार दिया और कहा कि उनकी सरकार तीनों को अब और मनमानी नहीं करने देगी। ट्रंप ने घोषणा की कि हम ऐसा अब और नहीं होने देंगे, क्योंकि हम अमेरिका को प्राथमिकता देंगे। दरअसल, फ्लोरिडा रिट्रीट में हाउस रिपब्लिकन से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, तीनों देश तेजी से प्रभावशाली होते जा रहे ब्रिक्स ब्लॉक के संस्थापक सदस्य हैं और केवल अपने हित देख रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि अपने सर्वोत्तम हितों के लिए तीनों देश हमें नुकसान पहुंचाना चाह रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि हम बाहरी देशों और उन लोगों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं, जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, उनका मतलब हमें नुकसान पहुंचाना है, लेकिन वे मूलरूप से अपने देश को अच्छा बनाना चाहते हैं।

#### कहा-अमेरिका में संयंत्र लगाएं विदेशी कंपनियां

ट्रंप ने कहा, भारत-चीन या ब्राजील जैसे विदेशी देशों की कंपनियां उच्च टैरिफ से बचना चाहती हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही संयंत्र बनाना होगा। उन्होंने रिपब्लिकंस को स्टील, एल्युमीनियम, तांबा, अमेरिकी सेना द्वारा आवश्यक सामग्रियों पर टैरिफ लगाने की योजना के बारे में भी बताया। ट्रंप ने कहा, हमें उत्पादन वापस लाना होगा... एक समय था, जब हम एक दिन में एक जहाज बनाते थे।

### ट्रंप पर कार्रवाई करने वाले 12 अफसरों की छुट्टी

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी न्याय विभाग से 12 से ज्यादा अधिकारियों की छुट्टी कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ये अधिकारी ट्रंप के खिलाफ 2020 में चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश के आरोपों की जांच में शामिल थे। इन अधिकारियों ने पूर्व स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ के साथ मिलकर ट्रंप के खिलाफ कार्रवाई की थी। न्याय विभाग के प्रवक्ता ने बयान जारी कर जानकारी दी। बयान में कहा गया कि कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल जेम्स मैकहेनरी ने ट्रंप के खिलाफ जांच में शामिल होने की वजह से अधिकारियों को निकाला है। पूर्व स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ ने ट्रंप के खिलाफ 2 जांच शुरू की थी। दोनों मामलों में ट्रंप के खिलाफ के महाभियोग लाया गया। पहला मामला 2020 में राष्ट्रपति चुनावों को अवैध रूप से पलटने की कोशिश से जुड़ा था।

# क्या बड़ी अल्पसंख्यक आबादी स्वीकार करेगी कि उनके पूर्वज राम थे: योगी

### मुख्यमंत्री योगी बोले-समय के अनुसार वक्फ कानून में हो रहा बदलाव

**लखनऊ, जेएनएन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडोनेशिया, जो दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, वहां के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर है और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर



पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे? मुख्यमंत्री योगी लखनऊ के ताज होटल में एक निजी कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे। योगी ने भारत के अल्पसंख्यकों, बिजली चोरी, वक्फ कानून, तुष्टिकरण की राजनीति और कुंभ की तैयारियों जैसे विषयों पर खुलकर बात की। योगी ने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे। समय की जरूरत अनुसार वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा।

### दिल्ली दंगों के आरोपी को चुनाव प्रचार के लिए पैरोल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को मंगलवार को दिल्ली चुनाव प्रचार के लिए 6 दिन की सशर्त कस्टडी पैरोल दी है। ताहिर इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से मुस्तफाबाद सीट से कैंडिडेट हैं। ताहिर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, चुनाव में 4 दिन बचे हैं, हमें चुनाव प्रचार के लिए जल्द अंतरिम जमानत दी जाए। ताहिर दिल्ली दंगों के आरोप में 4 साल 9 महीने से जेल में बंद हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। चुनाव प्रचार 3 फरवरी की शाम को खत्म हो जाएगा। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, हुसैन को 29 जनवरी से 3 फरवरी तक दिन के समय (जेल मैनुअल के अनुसार 12 घंटे के लिए) चुनाव प्रचार के लिए रिहा किया जाएगा।

# कर्तव्य पथ पर 'महाकुंभ' लोगों की पहली पसंद

### यूपी की झांकी को मिले सर्वाधिक 40 फीसदी वोट

**लखनऊ, जेएनएन।** नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर महाकुंभ लोगों की पहली पसंद रही। गणतंत्र दिवस पर निकली यूपी की झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया। 40 फीसदी वोट के साथ यूपी पहले, 35 फीसदी वोट के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर रहा। यूपी की झांकी इस बार महाकुंभ पर थी। यूपी की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित महाकुंभ 2025-स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास को प्रदर्शित कर रही थी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना, पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुंभ के दिव्य स्वरूप को दर्शा रही थी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है।




#### किसे कितना वोट

| | |
|---|---|
| यूपी 40 फीसदी | (25007) |
| गुजरात-35 फीसदी | (21714) |
| हरियाणा- 5 फीसदी | (2975) |
| बिहार- 3 फीसदी | (1969) |
| आंध्र प्रदेश-2 फीसदी | (1467) |

# यूसीसी लागू, उत्तराखंड में नए युग का आरंभः धामी

### सीएम बोले- यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य

**हरिद्वार, जेएनएन।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी आवास पर एक कार्यक्रम में यूसीसी के कार्यान्वयन की औपचारिक घोषणा के साथ सरकारी अधिसूचना जारी की। धामी ने कहा, बीजेपी सरकार को राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए जनादेश मिला है। यूसीसी को समाज में समानता स्थापित करने के लिए लागू किया गया है। संविधान निर्माताओं के लंबे समय से प्रतीक्षित स्वप्न को पूरा करने पर भावुक धामी ने कहा, यूसीसी ने उत्तराखंड में सभी धर्मों की महिलाओं सहित सभी नागरिकों के लिए समान संवैधानिक और नागरिक अधिकार सुनिश्चित किए हैं। उन्होंने कहा, 2022 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उन्होंने लोगों से वादा किया था कि राज्य में यूसीसी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समान



नागरिक संहिता का उद्देश्य जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कानूनी भेदभाव को समाप्त करना, सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा हलाला, तीन तलाक और इद्दत जैसी प्रथाओं पर रोक लगाना है। धामी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यूसीसी किसी भी धर्म या संप्रदाय के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य सामाजिक बुराइयों को मिटाना और समानता स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन के बाद अब सभी धर्मों के पुरुषों के लिए विवाह की कानूनी आयु 21 वर्ष तथा महिलाओं के लिए 18 वर्ष है तथा राज्य में बहुविवाह प्रतिबंधित है। यूसीसी बेटियों के लिए समान संपत्ति अधिकारों की गारंटी भी देता है और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है। धामी ने कहा कि यूसीसी के तहत लिव-इन रिलेशनशिप को भी पंजीकृत किया जाएगा और इससे युवाओं और उनके अभिभावकों को सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उत्तराखंड में 27 जनवरी को प्रतिवर्ष समान नागरिक संहिता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

#### शादी का कराया पंजीयन

धामी शनिवार को यूसीसी पोर्टल पर अपनी शादी का पंजीकरण कराकर पोर्टल के पहले आधिकारिक उपयोगकर्ता बन गए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समारोह में उन्हें विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र सौंपा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नए कानून के तहत विवाह पंजीकृत कराने वाले पांच आवेदकों को प्रमाण-पत्र भी सौंपे। यूसीसी पोर्टल पर शादी का पंजीकरण कराने वाली अंजलि वर्मा ने बताया कि पोर्टल बहुत उपयोगकर्ता अनुकूल और सरल है। उन्होंने कहा कि सभी को विवाह यूसीसी पोर्टल पर पंजीकृत कराना चाहिए।

# मौनी अमावस्या पर कलर कोडेड आश्रय स्थलों से प्लेटफार्म पहुंचेंगे तीर्थ यात्री

### प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशनों पर भी बने हैं आश्रय स्थल

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के लिए देश भर से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब 10 करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान करेंगे। इस दौरान प्रयागराज रेल मंडल ने श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित यात्रा और स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष क्राउड मैनेजमेंट प्लान तैयार किया है। तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशन के अनुसार दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थलों के जरिए प्लेटफार्म पर पहुंचाया जाएगा। सभी आश्रय स्थलों में खानपान के स्टाल, उद्घोषणा और पूछताछ काउंटर, प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल एवं सार्वजानिक शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

#### आवागमन सुगम बनाने व्यवस्था की लागू

प्रयागराज क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने कलर कोडिंग व्यवस्था को लागू की गई है। प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, नैनी जंक्शन एवं सूबेदारगंज स्टेशनों से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशन पर भेजने लाल, नीले, पीले एवं हरे रंग के यात्री आश्रय बनाए गए हैं । कलर कोडिंग व्यवस्था से यात्रियों को आसानी से दिशावार उचित प्लेटफॉर्म से सही ट्रेनों में सरलतापूर्वक भेजा जाएगा। प्रयागराज जंक्शन से लखनऊ और वाराणसी की ओर जाने वाले यात्री लाल रंग के आश्रय स्थलों में रोके जाएंगे। जबकि मानिकपुर, सतना और झांसी के लिए पीले रंग और कानपुर जाने वाले यात्री हरे व पं. दीनदयाल उपाध्याय की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को नीले रंग के आश्रय स्थलों में उद्घोषणा कर उनकी ट्रेन के हिसाब से प्लेटफार्म पर भेजा जाएगा, ताकि स्टेशन परिसर में बिना अफरा-तफरी यात्री सुगमता से सही ट्रेन में पहुंच सकें।

#### प्रयागराज रेल मंडल ने कलर टिकट किए जारी

नैनी जंक्शन, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशनों पर भी कलर कोडेडे आश्रय स्थलों का निर्माण किया गया है। इस महाकुंभ में पहली बार प्रयागराज रेल मंडल ने दिशावार कलर टिकट भी जारी किए हैं। इसके अलावा रेलवे प्रशासन ने भीड़ के अतिरिक्त दबाव के प्रबंधन के लिए खुसरोबाग में एक लाख लोंगो की क्षमता का होल्डिंग एरिया भी बनाया है। साथ ही सिविल प्रशासन विभिन्न प्रतिबंधों के साथ तय मार्गों से ही तीर्थयात्रियों का आवागमन करा रहा है, ताकि भगदड़ की स्थिति न बनने पाए।

# हरियाणा सरकार ने सौ दिन में पूरे किए 18 संकल्प

### घोषणा पत्र के छह एजेंडों पर काम जारी सीएम ने जारी किया रोडमैप

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने जन सेवा का दायित्व संभालते ही पहले 100 दिनों में तिगुणी गति से कार्य करते हुए 18 संकल्प पूरे कर लिए हैं और 6 संकल्पों पर कार्य तेजी से जारी है। साथ ही, 50 अन्य संकल्पों को पूरा करने की प्रशासनिक व वित्तीय अनुमोदन की प्रक्रियाएं भी जारी हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर मीडिया को संबोधित किया। सीएम ने आगामी वर्षों में प्रदेश में विकास कार्यों का रोडमैप साझा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर पूरे प्रदेश में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक शहर बनाएगी। नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए 25,000 मेगावॉट का उत्पादन करेंगे, जिसका उपयोग हरियाणा और एनसीआर के विभिन्न औद्योगिक केंद्रों को बिजली देने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, पानीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम में रासायनिक व औद्योगिक कचरे की समस्या के समाधान के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। नारनौल, महेंद्रगढ़ में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। सीएम ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले विधानसभा सत्र में ही किसानों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने 3 और महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल किया है। पहले भू- मालिकों और काश्तकारों के बीच में जमीन के कब्जे तथा मुआवजे इत्यादि को लेकर विवाद होते रहते थे। शामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज पट्टेदारों को उस भूमि का मालिकाना हक दिया है।



#### किसानों के खातों में 368 करोड़ की बोनस राशि जारी

मुख्यमंत्री सैनी ने सिंगल क्लिक से किसानों के बैंक खातों में 368 करोड़ की बोनस राशि जारी की है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, श्रुति चौधरी और डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्डा उपस्थित थे।

#### पूरा करेंगे दो लाख नौकरियों का लक्ष्य: सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि जनता ने वर्तमान सरकार को पांच साल के लिए चुना है और हम आने वाले समय में 2 लाख सरकारी नौकरियां युवाओं को मेरिट के आधार पर बिना खर्ची-बिना पर्ची देंगे। उन्होंने कहा की हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीईटी परीक्षा आयोजित करने की तैयारी है। अभी छात्रों की परीक्षा चल रही थी, इसके बाद सीईटी परीक्षा जल्द ही करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रदेश सरकार ने 1,75,000 की सरकारी नौकरियां देने के अलावा 1,20,000 युवाओं की नौकरी को सुरक्षित करने का काम भी किया है और आने वाले समय में 2 लाख सरकारी नौकरी के टारगेट को भी पूरा करेंगे।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

75,901

+535

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Bajaj Finance | 7,706.80 | 4.26% |
| Axis Bank | 993.85 | 3.77% |
| Shriram Finance | 541.80 | 3.61% |
| Bajaj Finserv | 1,788.05 | 3.35% |
| HDFC Bank | 1,684.30 | 2.49% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Sun Pharma | 1,693.10 | -4.55% |
| Britannia | 5,018.20 | -2.23% |
| Hindalco | 568.30 | -2.22% |
| Grasim | 2,399.80 | -1.90% |
| Bharat Elec | 252.70 | -1.79% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 86.53 |
| € यूरो | 90.31 |
| ¥ येन | 05.56 |
| £ पौंड | 107.72 |

# चीन के एआई मॉडल डीपसीक की एंट्री से एनवीडिया की वैल्यू 51 लाख करोड़ गिरी

## अमेरिका के इतिहास में एक दिन में आई किसी कंपनी में सबसे बड़ी गिरावट




**वॉशिंगटन, जेएनएन।** चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल डीपसीक की एंट्री से सोमवार को अमेरिकी टेक कंपनी एनवीडिया की वैल्यू करीब 600 अरब डॉलर (51.31 लाख करोड़ रुपए) गिर गई। ये अमेरिका के इतिहास में किसी कंपनी में एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है।

शेयरों में आई 17 प्रतिशत की गिरावट के बाद एनवीडिया की वैल्यू 2.90 ट्रिलियन डॉलर (करीब 251 लाख करोड़ रुपए) रह गई है। पहले ये 302 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीनी स्टार्टअप डीपसीक को लेकर चेतावनी देते हुए कहा- ये अमेरिका की टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के लिए वेक अप कॉल है, यानी अलर्ट होने का समय है। टेक कंपनी एनवीडिया का शेयर 142.62 डॉलर से गिरकर 118.58 डॉलर पर आ गया है। एनवीडिया के शेयर में गिरावट का असर अमेरिकन शेयर इंडेक्स नैस्डैक पर भी दिखा। सोमवार को इसमें 3.07 प्रतिशत की गिरावट रही और नैस्डेक 612.47 अंक टूटकर 19,341.83 पर आ गया। दूसरे अमेरिकन इंडेक्स एस एंड पी 500 के टेक सेक्टर में 5.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सितंबर 2020 के बाद यह इंडेक्स में सबसे बड़ी गिरावट है।

एनवीडिया के सीईओ की संपत्ति 1 दिन में 1.79 लाख करोड़ घटी एनवीडिया के शेयर गिरने से कंपनी के सीईओ जेनसेन हुआंग को 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर (1.79 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ। फोर्ब्स के अनुसार हुआंग की संपत्ति 124.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर (10.76 लाख करोड़ रुपए) से घटकर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (8.97 लाख करोड़ रुपए ) रह गई। वे रियल टाइम अरबपतियों की सूची में 10वें स्थान से 17वें स्थान पर आ गए।

चीनी एआई मॉडल अमेरिकी कंपनियों से बेहद सस्ता डीपसीक पूरी तरह फ्री और ओपन सोर्स एआई मॉडल है। इसके अलावा चीन का मॉडल बेहद कम लागत में तैयार हुआ है, जबकि अमेरिका की एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों ने बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट करके एआई मॉडल तैयार किए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि डीपसीक कंपनी ने अपना एआई मॉडल सिर्फ 48.45 करोड़ रुपए में डेवलप किया था।

### डीपसीक ने एप स्टोर पर चैटजीपीटी को पीछे छोड़ा

चीन के डीपसीक एप को कंपनी की वेबसाइट से और एपल के एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एआई कोडिंग और मैथ्स जैसे जटिल टास्क में बेहद सटीक नतीजे दे रहा है। अमेरिका में एपल ऐप स्टोर से डाउनलोडिंग के मामले में यह पहली पोजिशन पर है। इसने दोनों ही जगह ओपन एआई के ChatGPT को पीछे छोड़ दिया है।

### चीनी एआई मॉडल से सावधान रहें कंपनियां : ट्रम्प

ट्रम्प ने कहा है कि कंपनियां चीनी एआई मॉडल से सावधान रहें अमेरिकन मार्केट में सोमवार को हुए घटनाक्रम के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा में रिपब्लिकन कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा कि डीपसीक एआई हमारी इंडस्ट्री के लिए चेतावनी है। यह लड़ाई जीतने के लिए इस तरफ पूरा फोकस करना होगा। हालांकि ट्रम्प ने यह भी कहा कि यह झटका सिलिकॉन वैली के लिए पॉजिटिव भी हो सकता है क्योंकि इससे उसे कम कीमत में इनोवेशन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# जनवरी 2025 में शेयरों में सबसे अधिक गिरावट आई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली से बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। शेयरों में गिरावट के लिहाज से जनवरी 2025 अभी तक का सबसे खराब महीना साबित होता दिख रहा है। इस दौरान बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध शेयरों में से 2,461 के भाव में गिरावट आई है। इसने मार्च 2024 में गिरावट के दौर को भी पीछे छोड़ दिया है, जब 2,334 शेयर नुकसान में रहे थे। इस महीने लाभ और नुकसान में रहने वाले शेयरों का अनुपात 0.82 रहा, जो फरवरी 2023 के 0.81 से मामूली ऊपर है। कोविड महामारी की वजह से मार्च 2020 के दौरान लाभ और नुकसान में रहने वाले शेयरों का अनुपात 0.72 रहा था। जनवरी 2025 में गिरावट वाले शेयरों की संख्या पिछले दो साल में गिरने वाले शेयरों के औसत 2,043 से 20 फीसदी ज्यादा है। व्यापक तौर पर देखें तो बीएसई 500 सूचकांक इस महीने 6.5 फीसदी गिरा है और इसका प्रदर्शन मार्च 2020 के बाद सबसे खराब रह सकता है। मार्च 2020 में सूचकांक में 24 फीसदी की गिरावट आई थी। बाजार में व्यापक गिरावट से संकेत मिलता है कि छोटे निवेशकों का हौसला कमजोर पड़ा है। आम तौर पर शीर्ष 500 से इतर कंपनियों के शेयरों में खुदरा निवेशकों की बदौलत तेजी आती है। अल्फानीति फिनटेक के सह-संस्थापक और निदेशक यूआर भट्ट ने कहा, 'बाजार में हालिया तेज गिरावट से खुदरा निवेशकों का भरोसा डगमगाया है जिससे बिकवाली बढ़ी है। हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी निवेशकों के साथ ही खुदरा निवेशक भी बड़ी बिकवाली कर रहे हैं।' बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 33 लाख करोड़ रुपये घटकर 409 लाख करोड़ रुपये रह गया है। मार्च 2020 में बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा 33.4 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई थी। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 71,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। अक्टूबर 2024 के बाद किसी महीने में विदेशी निवेशकों की यह दूसरी सबसे बड़ी बिकवाली है।



### डालर की मजबूती से अमेरिकी बाजार में रही तेजी

अमेरिका में बॉन्ड यील्ड बढ़ने और डॉलर में मजबूती के कारण शेयर बाजार में इस महीने बिकवाली बढ़ी है। इसके साथ ही डॉनल्ड ट्रंप की अगुआई में अमेरिका में कॉरपोरेट कर में कटौती की उम्मीद से वहां के बाजार भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे भारत जैसे महंगे बाजार में निवेश का आकर्षण फीका पड़ गया है। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों की आय वृद्धि धीमी रहने से भी बाजार में गिरावट को बल मिला है। बीएनपी पारिबा में भारत इक्विटी रिसर्च के प्रमुख कुणाल वोरा ने कहा, 'वित्त वर्ष 2021 के बाद से सालाना मजबूत आय वृद्धि के बाद वित्त वर्ष 2025 में आय वृद्धि 4 से 5 फीसदी रहने की उम्मीद है।'

# आरबीआई के बूस्टर डोज का असर शेयर बाजार में थमा गिरावट का तूफान




**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले कुछ दिनों से जारी गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को शानदार तेजी के साथ बंद हुआ। इसकी वजह आरबीआई से मिले सकारात्मक संकेत हैं। दरअसल, आरबीआई ने बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कुछ उपायों का एलान किया है। इससे फरवरी में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद भी बढ़ गई है।

### क्या ब्याज दरों में कटौती करेगा आरबीआई?

निफ्टी 50 0.56 फीसदी बढ़कर 22,957.25 पर पहुंच गया, जबकि बीएसई सेंसेक्स 0.71 फीसदी बढ़कर 75,901.41 पर पहुंच गया। फाइनेंस सेक्टर के शेयरों 1.9 फीसदी और बैंकिंग शेयरों में 1.7 फीसदी की वृद्धि हुई। आरबीआई के लिक्विडिटी बढ़ाने के उपायों की बात करें, तो इसमें बॉन्ड खरीद और डॉलर/रुपया स्वैप शामिल हैं। इसके बारे में एनालिस्टों और ट्रेडर्स का कहना है कि यह फरवरी में ब्याज दरों में कटौती का अहम संकेत हो सकता है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स में इन्वेस्टमेंट सर्विसेज के रिसर्च हेड नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि आरबीआई के उपायों से वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। लिक्विडिटी में ढील बैंकों और NBFC को क्रेडिट ग्रोथ और रेवेन्यू बढ़ाने में मदद मिलेगी। नोमुरा ने कहा कि आरबीआई से कदम से खासकर एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक को मदद मिलेगी, जिनके सामने लिक्विडिटी की समस्या थी। आज एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में क्रमशः 2.5 फीसदी और 3.8 फीसदी की वृद्धि हुई। बजाज फाइनेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज में क्रमशः 4.3 फीसदी और 3.7 फीसदी का उछाल आया। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस में भी 1.3 फीसदी की तेजी आई। ब्रोकरेज फर्म सिटी का कहना है कि सिटी ने आरबीआई के फैसले से तीनों को ज्यादा लाभ होगा। आरबीआई के बूस्टर डोज का असर ऑटो और रियल्टी स्टॉक पर दिखा। इनमें क्रमशः 1.3 फीसदी और 2.2 फीसदी की तेजी दिखी। वहीं, फार्मा इंडेक्स में 2.3 फीसदी की गिरावट आई। यह इंडेक्स दो सत्रों में 4.9 फीसदी गिर चुका है। अमेरिका ने विदेशी सहायता रोक दी है, जिससे एड्स दवा निर्माताओं पर बुरा असर पड़ सकता है। इसी फैक्टर का असर दवा कंपनियों के स्टॉक पर दिख रहा है। स्मॉल-कैप और मिड-कैप कमजोर तिमाही नतीजों और महंगे वैल्यूएशन के चलते 1.8 फीसदी और 0.5 फीसदी की गिरावट के साथ लगातार लड़खड़ाते रहे।

## जीएसटी के पुराने बकाए को खत्म करने का मौका




**नई दिल्ली।** आयकर की तरह सरकार जीएसटी संबंधित विवादों को भी खत्म करने का लगातार प्रयास कर रही है ताकि कारोबारियों को राहत मिल सके। इस प्रयास के तहत हाल ही में सरकार ने जीएसटी संबंधित सभी पुरानी डिमांड को खत्म करने का फैसला किया है। कारोबारियों को सिर्फ बकाए टैक्स का भुगतान करना होगा। सभी पुराने बकाए टैक्स भरने के लिए अगले साल 31 मार्च तक का समय दिया गया है। बकाए जीएसटी का भुगतान कर देने पर उन्हें टैक्स से जुड़े ब्याज और जुर्माने से पूरी तरह से छूट मिल जाएगी। जीएसटी विशेषज्ञ और चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) प्रवीण शर्मा ने बताया कि सरकार की इस स्कीम के तहत जीएसटी संबंधित कोई भी डिमांड अगर किसी कारोबारी को अपने पोर्टल पर दिख रहा है तो वह सिर्फ टैक्स की राशि को जमा कर जुर्माने व ब्याज दोनों से छूट पा सकता है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला



**जागरण,रीवा।** भाजपा युवा मोर्चा ने मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर सतातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए खरगे का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता व सांसद जनार्दन मिश्रा भी मौजूद रहे। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे बाजी की और कांग्रेस पर आरोप मढ़ा। दरअसल सोमवार को महू में बैठक दौरान कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा था कि यूपी में भाजपा की सरकार उन लोगों को महाकुभ में जाने को कह रही है जिनके घर खाने को भी नहीं है। लोग कर्ज लेकर जा रह हैं। इस बयान के भाजपा खपा है और पूरे प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। इस दौरान संभागीय मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ला, ब्रिजेद्र गौतम, विवेक पाडेय, संजीव शुक्ल सहित काफी संख्या में भाजपा और भाजयमों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय दोपहिया बाजार में शीर्ष स्थान पर नजर: होंडा मोटर

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि वह भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में शीर्ष पर पहुंचने की दिशा में बढ़ रही है और अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए स्कूटर एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समेत कई तरह के उत्पाद पेश करेगी। जापानी कंपनी ने वर्ष 2011 में अपने पूर्व साझेदार हीरो मोटोकॉर्प से नाता तोड़ लिया था। हीरो मोटोकॉर्प देश की अव्वल दोपहिया कंपनी है। होंडा मोटर ने कहा कि वह भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का भी प्रयास करेगी। कंपनी वर्ष 2028 में एक समर्पित इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन उत्पादन संयंत्र का संचालन शुरू करेगी। होंडा मोटर कंपनी के मोटरसाइकिल एवं बिजली उत्पाद परिचालन प्रमुख मिनोरू केटो ने तोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने भारत में सभी प्रकार के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उत्पाद पेश किए हैं। हमने भारत के सभी भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करने वाले 6,000 डीलरों और सर्विस नेटवर्क के साथ बिक्री में वृद्धि की है। अब हमारी नजर नंबर एक स्थान पर है। केटो ने कहा, हम भारतीय ग्राहकों की विविध जरूरतों और आय स्तर का ध्यान रखेंगे। हम नंबर एक स्थान पर मजबूती से डटे रहने के लिए ईवी, स्कूटर और मोटरसाइकिल सहित सभी उत्पादों के साथ मौजूद होंगे। होंडा अपनी पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के जरिये भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में मौजूद है। वर्ष 2011 में यह 26 वर्षों के बाद अपने पूर्ववर्ती संयुक्त उद्यम हीरो होंडा से बाहर निकल गई थी।



## परिवार को प्राथमिकता देते हैं भारत के 78% कर्मचारी : रिपोर्ट

**मुंबई, जेएनएन।** कार्य-जीवन संतुलन बनाने पर बहस और एलएंडटी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने की टिप्पणी के बीच एक सर्वेक्षण में शामिल 78 प्रतिशत कर्मचारियों ने परिवार को प्राथमिकता देने की बात कही।



वैश्विक स्तर पर नौकरियों की जानकारी देने वाली वेबसाइट इनडीड की 'फ्यूचर करियर रेजोल्यूशन' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय कर्मचारियों की प्राथमिकताओं में महत्वपूर्ण बदलाव आया है, जिसमें लगभग पांच में से चार (78 प्रतिशत) ने कहा कि वे 2025 में करियर में उन्नति के बजाय जीवनसाथी, बच्चों और माता-पिता के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देना चाहते हैं। इसमें कहा गया, कर्मचारी कम तनाव चाहते हैं और मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना चाहते हैं।

# भारतीय मानवाधिकार ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**रीवा।** गणतंत्र दिवस पर शहीद स्मारक जय स्तंभ चौक में भारतीय मानवाधिकार के प्रदेश कल्याण सचिव डॉ. रजनीशकांत मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमें प्रदेश के कृषि संरक्षण सुधाकर पाण्डेय एवं राजेन्द्र विश्वकर्मा प्रदेश कार्यक्रम सचिव एवं रीवा जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा द्वारा शहीदों को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में मानवाधिकार के नियमों को बताया, ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के उपरांत सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण करके सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश भल्ला, संजीव गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, श्याम, रामअवतार पटेल, रामभजन विश्वकर्मा, कृष्णा नामदेव, वैद्यनाथ नामदेव, दादू भाई, केशव प्रसाद, अनवर सिद्दीकी, अभिषेक मिश्रा, शुभम द्विवेदी, प्रवीण गुप्ता ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्बोधन करते हुए डॉ. रजनीशकांत मिश्रा ने कहा कि समाज में मानवाधिकार ने जो सभी को समानता का अधिकार दिया है वह सराहनीय है। जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा द्वारा सभी आंगतुकों व सदस्यों का आभार व्यक्त कर गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई दी।

# भक्त को बचपन में ही करनी चाहिए भक्ति : पं. राधा चरण





**जागरण, रीवा।** रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुर (उक्ठा) गांव में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के तीसरे कथावाचक पं. श्री राधा चरण शास्त्री ने ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया। वहीं भारी संख्या में कथा को श्रवण करने के लिए ग्रामवासी उपस्थित रहे। कथा में पं. श्री राधा चरण शास्त्री ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता माता-पिता का ही घर क्यों न हो। श्री शास्त्री जी ने सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरूचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी सगी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य व संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्त के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्त को बचपन में ही भक्ति करने की प्रेरणा देनी चाहिए। क्योंकि, बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायच्ति बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। प्रहलाद चरित्र की भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कथा पंडाल में पंडित हनुमान प्रसाद मिश्र, शौखीलाल मिश्र, रामजी मिश्र, सुमेश कुमार मिश्र, विनोद कुमार, आनंद कुमार सहित समस्त कंचनपुर ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**

**लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईंस, सीधी (म.प्र.)**

PHONE No. 07822-297539 E-mail:-piusidhi@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 02/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/364 रीवा, दिनांक:-16-01-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_397412_1 | जिला सीधी अन्तर्गत सीधी सिगरौली मार्ग के चौड़ीकरण हेतु पुर्नवास हेतु म.प्र. ई.पी.आई.सी. योजना एम.पी.आर.डी.सी. विभाग अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के भवनो का निर्माण कार्य सह जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 339.31 | 339310.00 | 15000 | 12 माह | हां |
| 1 | 2025_PWPIU_397423_1 | जिला सीधी के ब्लाक सिहावल मे हा.से.स्कूल. बघोर मे लैब भवन, 04 नग क्लास रूम एवं सीढी का निर्माण कार्य एवं ब्लाक चुरहट मे माध्यमिक शाला बालक का निर्माण कार्य सह जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 140.48 | 140480.00 | 12500 | 10 माह | हां |
| 1 | 2025_PWPIU_397425_1 | जिला सीधी अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यो मे बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु जोनल निविदा (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 49.99 | 50000.00 | 5000 | 12 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 20-01-2025 समय 10:00 से दिनांक 03-02-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-22264/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सीधी


# एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर यूपीएस का रीवा में भी कर्मचारियों ने किया विरोध

## संयुक्त मोर्चा ने सरकार की नई पेंशन स्कीम को लेकर की नारेबाजी

**रीवा।** केन्द्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम यूपीएस लागू की है। इसका कर्मचारियों ने विरोध किया है। मंगलवार को नेशनल मूव्हमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आह्वान पर सभी कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि वर्ष 2005 से ओपीएस को बंद कर नेशन पेंशन स्कीम लागू कर दिया गया है। एनपीएस शेयर मार्केट पर आधारित रही। इसमें कर्मचारियों को पेंशन के रूप में रिटायरमेंट के बादर सिर्फ हजार से दो हजार रुपए ही मिलने वाले थे। इसका पूरे देश में कर्मचारियों ने विरोध किया। इसके बाद केन्द्र सरकार ने ओपीएस की जगह यूपीएस लागू करने की बात कही। गजट नोटिफिकेशन गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी भी कर दिया गया लेकिन इससे भी कर्मचारी संतुष्ट नहीं है। सरकारी कर्मचारी भविष्य को लेकर चिंतित हैं। यही वजह है कि उनकी लड़ाई अभी भी ओपीएस को लेकर जारी है। मंगलवार को एएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधू के नेतृत्व में देशभर के साथ रीवा में भी यूपीएस के नोटिफिकेशन का सांकेतिक विरोध किया गया। रीवा में संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता डॉ सुनील तिवारी के नेतृत्व में यूपीएस के खिलाफ नारेबाजी कर सांकेतिक विरोध किया गया। यूपीएस गो बैक, पुरानी पेंशन बहाल करो के नारे लगाए गए। संयुक्त अध्यापक शिक्षक मोर्चा के प्रवक्ता डॉ सुनील तिवारी के नेतृत्व में सभी शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रांगण में एकत्र हुए थे। इसमें प्रमुख रूप से सुनील तिवारी के अलावा सुधांशु द्विवेदी, लोली तिवारी, हेमलाल चौरसिया, श्रीमती माया मिश्रा, प्रतिभा शुक्ला, सुचिता शर्मा, रेखा त्रिपाठी, रीना मिश्रा, पन्ना लाल नामदेव, विजय शर्मा, भागवत उपाध्याय, संजीव पाण्डेय, सुखनंदन प्रजापति, उदय तिवारी, ध्रुवेन्द्र सिंह, श्यामलाल साकेत, अमर सिंह, जीवन लाल, उमेश द्विवेदी, ममता द्विवेदी, मोहम्मद सलमान मंसूरी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### सलैया ग्राम पंचायत में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**आंचलिक डेस्क।** ग्राम पंचायत सलैया के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालक सलैया के प्रांगण में 76 वां गणतंत्रता दिवस प्रधानाध्यापक राम निरंजन मिश्रा, शिक्षक स्टाफ एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति में बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही साथ भूतपूर्व सैनिक एवं उपसरपंच संतोष कुमार तिवारी एवं भूतपूर्व सैनिक एवं पंच लालमणि प्रसाद तिवारी, ग्राम पंचायत सलैया के द्वारा 11 वयोवृद्ध महेश प्रसाद मिश्र, मिथिला प्रसाद तिवारी, भैया लाल तिवारी, छोटेलाल तिवारी, नर्मदा तिवारी, सुभाष पटेल, जानकी प्रसाद मिश्र, सुदामा प्रसाद द्विवेदी, भीमसेन पाण्डेय, ओझाई प्रजापति, बुद्धसेन कोल को साल एवं श्रीफल तथा 13 वयोवृद्ध को श्री फल से सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, मुन्नी लाल तिवारी, राजकुमार तिवारी, राकेश तिवारी एवं प्रीतम तिवारी के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने से एक सकारात्मक संदेश समाज में जायेगा।

### ऐश गौतम ने त्योंथर का बढ़ाया गौरव

**त्योंथर ब्यूरो।** कांग्रेस नेता कमांडो अरुण गौतम के 14 वर्षीय पुत्र ऐश गौतम काउंडर-14 इंडिया नेपाल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम गेंदबाज के रूप में चयनित हुए। उन्होंने सात मैच खेल कर अभी तक कुल 43 विकेट अपने नाम किया। इंडिया नेपाल चैम्पियनशिप में 04 ओवर गेंदबाजी कर कुल 16 रन दिया। एक मेडन ओवर के साथ कुल 04 विकेट हासिल कर भारत को जीत दिलाकर 02 गोल्ड मैडल के साथ मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द प्लेयर से नवाजे गए। त्योंथर में जश्न मनाया जा रहा है, तथा पूरे क्षेत्र की जनता लगातार बधाईयां दे रही है।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**नौवस्ता, नि.प्र.।** नौवस्ता क्षेत्र में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की बेला इकाई के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संजय गांधी चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्लांट के पदाधिकारी कर्मचारी और उनके परिवार के 40 से अधिक लोगों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया, विशेष बात यह रही कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के लिए रक्तदान में योगदान दिया भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ. एच.के. खान ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अल्ट्राटेक बेला सीमेंट कंपनी के इस प्रयास की सराहना की और कहा की ऐसे सामूहिक प्रयासों से समाज में रक्त की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी व्यक्ति जिसका वजन 45 किलो से ज्यादा हो व तीन माह में एक रक्तदान कर सकता है। अल्ट्राटेक बेला सीमेंट वर्क्स का यह रक्तदान शिविर न केवल एक सामाजिक सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को प्रेरित करने का प्रयास है।

### 132वेंकी उपकेंद्र अतरैला में किया गया ध्वजारोहण

**अतरैला नि.प्र.।** 132केवी उपकेंद्र अतरैला में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। केंद्र प्रभारी एस के पाण्डेय द्वारा ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर के.के द्विवेदी शिवमिलन कोरी राकेश मिश्रा गौरव पाठक अतुल द्विवेदी ऋतुराज पाण्डेय प्रकाश पाण्डेय रितिक दिक्षित मुदित दिक्षित राजू पाण्डेय दिलीप विश्वकर्मा माता वदन बर्मा उपस्थित रहे।

### शा. हाई स्कूल चौखण्डी में फहराया गया तिरंगा

**जवा ब्यूरो।** जवा विकास खण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल चौखण्डी में हर्षोल्लास के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य शशिभूषण सिंह, मुख्य अतिथि शांति कुमार द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार कुशवाहा ने किया। प्रभात फेरी उपरांत प्रभारी प्राचार्य शशिभूषण सिंह ने झंडारोहण किया साथ ही बालसभा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिए और राष्ट्रगीत गायन कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। तत्पश्चात प्राथमिक माध्यमिक के छात्रों को पराग एवं कला स्व सहायता समूह द्वारा विशेष भोज का आयोजन कर बच्चों को सुरुचिपूर्ण भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक पुष्पेन्द्र द्विवेदी, नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय, देवेंद्र कुमार मिश्रा, योगेंद्रप्रताप सिंह, सुमन द्विवेदी, बेलकली वर्मा, तबस्सुम बी सहित हरिश्चंद्र पासी, बाबूलाल चर्मकार, नसीम मोहम्मद सहित अन्य सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

### एमएस नीवा में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जवा ब्यूरो।** गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी माध्यमिक शाला नीवा में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया, विद्यालय के प्रधानाध्यापक समयलाल वर्मा द्वारा ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया गया, विद्यालय में ग्राम पंचायत नीवा के सरपंच अमरजीत कोल सचिव धानेन्द्र सिंह पीसीओ नागेश्वर जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे, विद्यालय से अर्धवार्षिकी सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दे कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक समयलाल वर्मा द्वारा गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया,कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक पवन कुमार मिश्र द्वारा किया गया तथा आभार चंदमा सिंह द्वारा व्यक्त किया गया। विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र सिंह, रणजीत कोल, रोशनी श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, एसएमसी के सभी सदस्य, समूह के सदस्य ग्रामपंचायत के सभी सदस्य पंचायत कर्मचारी ज्ञानेंद्र सिंह एवम ग्राम वासी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के बाद छात्रों एवं जरूरतमंद लोगों को रुचिकर पीएम पोषण का वितरण किया गया।

### ओंकारनाथ चौबे बने किसान एकता महासंघ के संभागीय अध्यक्ष

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** ओंकार नाथ चौबे को किसान एकता महासंघ रीवा संभाग का संभागीय अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। बधाई देने वालों में राम बहादुर शर्मा, राजेंद्र वर्मा, विनोद चतुर्वेदी, दुर्गा शंकर शर्मा, राजेंद्र पटेल, गोपाल द्विवेदी, अनिल चतुर्वेदी, स्वामीनाथ प्रसाद चतुर्वेदी, संजय मिश्रा, परिहार, नंदकुमार चतुर्वेदी, बाबूलाल आदिवासी, पप्पू खान, गुरु प्रसाद शर्मा, दिवाकर द्विवेदी, रमेश पटेल, खगेंद्र सिंह, सरोज सिंह, भोला सिंह चमड़िया एवं किसान एकता महासंघ के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है।

### शिव ज्योति स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लालगांव, नि.प्र.।** शिव ज्योति पूर्व माध्यमिक विद्यालय लाल गांव में गणतंत्र दिवस समारोह काफी हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सबसे पहले पूरे विद्यालय स्टाफ ने प्रभात फेरी निकाली जिसमें डीजे की धुन पर देशभक्ति के गीत बजाए जा रहे थे प्रभात फेरी के वापस विद्यालय लौटने पर प्रधानाध्यापक ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और महापुरुषों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शोभा जायसवाल ने की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मनमोहक गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर रंगारंग मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

### भूपेन्द्र विद्यालय रामपुर में किया गया ध्वजारोहण

**मऊगंज ब्यूरो।** भूपेन्द्र स्मृति विद्यालय रामपुर में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महेश सिंह पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उक्त अवसर पर बृजेन्द्र सिंह, राजबहादुर सिंह, रमेश सेन, आनंद कुशवाहा, रामखेलावन कुशवाहा धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम छात्रों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य आरती चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऊषा वर्मा द्वारा किया गया।

### पंडित भैया लाल शुक्ला का निधन



**हनुमना, नि.प्र.।** नगर हनुमना अमहा पंडितान वार्ड क्रमांक 2 के निवासी पत्रकार राजेश शुक्ला के पिताजी पंडित भैया लाल शुक्ला का 24 जनवरी को हो गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र धनेन्द्र शुक्ला ने दी। पंडित भैया लाल शुक्ला के निधन पर नगर के सामाजिक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## मऊगंज में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

# जागरुकता ही बचाव है : न्यायाधीश संजीव कटारे



**मऊगंज ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज द्वारा हनुमान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल वाईपास मऊगंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश संजीव कटारे रहे। शिविर में मऊगंज न्यायालय के मजिस्ट्रेट युवराज दीक्षित ने भी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई ।

जिला न्यायाधीश संजीव कटारे ने उपस्थित जन समुदाय, छात्र-छात्राओं ,शिक्षक, शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता ही बचाव का प्रमुख कारक है वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं जहां सामान्य लोगों के दिमाग काम नहीं करते वहां से इन साइबर ठगो का दिमाग काम करता है और बड़ी आसानी से लोगों को बेवकूफ बनाकर ठगी का शिकार बना देते हैं

### छोटे-छोटे झगड़ों से आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए

न्यायाधीश ने कहा कि आत्महत्या की घटनाएं इस क्षेत्र में ज्यादा दिखाई देती है जहां लोगों को सतर्क और सावधान के साथ साथ जागरुक करने की जरूरत है। लोग छोटे-छोटे विवादों में आत्महत्या जैसी घटनाएं कर जाते हैं जिससे उनके बच्चे अनाथ हो जाते हैं और बेसहारा होकर इधर-उधर भटकते रहते हैं । छोटे-छोटे झगड़ों से आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए वही जिला न्यायाधीश ने अन्य तमाम विषयों पर खुलकर छात्र-छात्राओं और वहां उपस्थित समुदाय के समक्ष अपनी बात रखें तथा बच्चों से आग्रह किया कि वह मन लगाकर खूब पढ़ाई करें जिससे आपका समाज का और देश का कल्याण हो सके। मजिस्ट्रेट युवराज दीक्षित ने कानून और अधिकारों की जानकारी देकर विधिक जागरूकता को बढ़ावा दिया तथा बच्चों से कहा कि यदि उनके साथ कोई घटना होती है तो वह अपने प्रथम गुरु माता-पिता को जानकारी जरूर दें और उसके बाद यदि वहां ना बता सके तो अपने शिक्षक से बताएं, अगर पुलिस मे भी उनकी सुनवाई नहीं होती तो वह न्यायालय के समक्ष भी आकर अपनी बात कह सकते हैं।

### लैंगिक अपराधों से बचाव के उपायों पर डाला प्रकाश

पुलिस विभाग से एसआई प्रज्ञा पटेल ने लैंगिक अपराधों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला और छात्रों को सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया ।सामाजिक जागरूकता का प्रभाव इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और लैंगिक अपराधों से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित हजारों लोगों ने विधिक जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित महसूस किया ।यह शिविर समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। आयोजन समिति ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# आनंद उत्सव : समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार किए वितरित



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल एवं आनंद विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश अनुसार 14 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 28 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन समारोह नगर परिषद नईगढ़ी के परिसर में किया गया।

### खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

आनंद उत्सव कार्यक्रम के आयोजन के दौरान खेलकूद कबड्डी, खो खो, बोरा रेस, नींबू दौड़, चम्मच दौड़, क्रिकेट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकगीत भजन कीर्तन आदि कार्यक्रमों में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कार्यक्रम के समापन में पुरस्कार वितरण किया गया। विभिन्न स्कूलों की भागीदारी रही जिसमें लोकमान्य तिलक विद्यालय महावीरपुर, डॉक्टर पन्नालाल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय हरदी खुर्द, डी पी एस पब्लिक स्कूल नईगढी, जीवन ज्योति कान्वेंट स्कूल नईगढ़ी, शासकीय बालक उत्कृष्ट विद्यालय नईगढ़ी, सी एम राइस विद्यालय, मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता उपाध्यक्ष विभा शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत त्रिपाठी एवं समस्त पार्षद गण बृजेंद्र गुप्ता महिला बाल विकास सुपरवाइजर सुमन शर्मा एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समस्त विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता, निकाय के कर्मचारी एवं प्रबुद्ध नागरिक गणों की उपस्थिति रही ।

# कांग्रेस ने हमेशा से सनातन का विरोध किया : डॉ राजेंद्र मिश्रा



**मऊगंज, नि.प्र.।** मऊगंज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में मऊगंज मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के सनातन विरोधी बयान के खिलाफ पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से सनातन संस्कृति का विरोध करती चली आई है और जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़े ने संगम में डुबकी लगाने को लेकर अनारगल प्रलाप किया है वह अत्यंत ही निंदनीय और दुखद है कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को तत्काल माफी मांगनी चाहिए। यह देश की जनता ऐसे सनातन विरोधियों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एस एस तिवारी जिलाउपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, प्रकाश तिवारी, जिला मंत्री अमरेंद्र सिंह, अशोक साकेत, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मुरलीधर द्विवेदी, मुन्द्रिका पटेल, विनोद कोल, नगर परिषद अध्यक्ष बृजबासी पटेल, युवा मोर्चा से प्रवीण सिंह, अंकित मिश्रा, प्रदीप केशरी, विकास तिवारी, माया गुप्ता, रामानंद द्विवेदी, अजय मिश्रा, राजाराम गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, रोहित शुक्ला, शिवांशु चतुर्वेदी विक्रांत तिवारी, बृजेश त्रिपाठी, संतोष तिवारी, पवन पटेल, शिवशंकर गौतम, हंसराज मिश्रा, सुनील पाल, उमेश सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नईगढ़ी नगर परिषद और प्रशासन की लापरवाही से

# दिव्यांग हितग्राहियों का हक अधर में, कलेक्टर से फरियाद

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही योजनाएं भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने दिव्यांगों की सुविधा के लिए ट्राई साइकिल योजना चलाई है, जिसके तहत जरूरतमंद दिव्यांगों को निःशुल्क ट्राई साइकिल दी जाती है। लेकिन इन योजनाओं का लाभ वास्तव में दिव्यांगों तक नहीं पहुंचने के अरोप लगाए गए हैं। शासन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं।

### दो दिव्यांगों ने बतायी अपनी व्यथा

ग्राम चकरहन टोला निवासी दिव्यांग **सूर्यभान कोल** (35), जो दोनों पैरों से विकलांग हैं, पिछले दो वर्षों से ट्राई साइकिल पाने के लिए नईगढ़ी के विभिन्न कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं। बावजूद इसके, उन्हें अब तक सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया। सूर्यभान ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन उसे दबाव में रद्द करवा दिया गया।

**सुरेश कुमार जायसवाल का दर्द :** नईगढ़ी के वार्ड क्रमांक 14 के निवासी सुरेश कुमार जायसवाल ने बताया कि उनकी पेंशन पिछले एक साल से बंद है। नगर परिषद कार्यालय में कई बार जाने पर भी उन्हें कोई मदद नहीं मिली। सुरेश ने आरोप लगाया कि जब वे सीएमओ से मिले, तो उन्हें कंप्यूटर ऑपरेटर गिरीश मिश्रा के पास भेज दिया गया, जिन्होंने टाल मटोल करके भगा दिया ।

**कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से मदद की गुहार :** दोनों दिव्यांगों ने मऊगंज के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को अपनी समस्याएं सुनाई और उन्हें ट्राई साइकिल और पेंशन दिलाने की गुहार लगाई। कलेक्टर को दिव्यांगों का मसीहा माना जाता है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है।



**दीपक गुप्ता और अशोक विश्वकर्मा ने किया विरोध :** सीएससी वीएलई और सामाजिक कार्यकर्ता दीपक गुप्ता ने पूरे मामले पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने प्रशासन पर भ्रष्टाचार और दिव्यांगों के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया। रीवा जिला अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भी कहा कि अगर पीड़ित दिव्यांगों को न्याय नहीं मिला तो वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे।

# गणतंत्र दिवस : आर्योदय स्कूल अतरैला में फहराया तिरंगा

### सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान संविधान की मूल भावना : सर्जेश पांडेय

**अतरैला नि.प्र.।** आर्योदय हायर सेकंडरी स्कूल मोहरा मोड़ अतरैला में गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय भव्य आयोजन हनुमान कथा समिति के संस्थापक भाजपा नेता सर्जेश पांडेय के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विरसा मुंडा महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष युवराज घनश्याम सिंह नें की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी डाक्टर अरूणेन्द्र शेषर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सालिकराम साहू, वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा, सरपंच रामभवन पांडेय,लक्ष्मण सोनी, उमाकांत द्विवेदी, डाक्टर रामनारायण तिवारी,देवदत्त तिवारी, दिनकर द्विवेदी,गुलाब गुप्ता रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सर्जेश पांडेय नें ध्वजारोहण और ध्वज वंदन करके किया। सामूहिक राष्ट्रगान और शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर अतिथियों नें आजादी के लिए प्राणोत्सर्ग करनें वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य राजपाल सिंह तोमर नें किया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं नें सनातन मय, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर समारोह को भव्यता दी। विद्यालय संचालक प्राचार्य राजपाल सिंह तोमर,



चंद्रकांत मिश्रा और सहयोगी स्टाफ नें अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का सफल संचालन सुरेंद्र तिवारी नें किया।

**संविधान हमारी गौरवशाली उपलब्धि :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि सर्जेश पांडे ने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने जिस संविधान का निर्माण किया उस संविधान के बल पर आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं । 395 अनुच्छेद, 12 अनुसूची और 145000 शब्दों वाला संविधान हमारा दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। देश के बुद्धिजीवियों, महामनीषियों और कानूनविदों से बनी संविधान सभा के 284 सदस्यों ने जिस संविधान का निर्माण किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अरूणेन्द्र शेखर मिश्रा ने कहा कि आज के दिन हमारे स्वतंत्रता सेनानी हमारे देवता हैं, संविधान हमारी गौरवशाली उपलब्धि है। अध्यक्ष युवराज घनश्याम सिंह नें कहा कि आज का दिन हमारा सबसे बड़ा त्योहार है,यह हमारे लिए उत्सव का दिन है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मोहित लाल वर्मा, एम.ए.अन्सारी, सी.के.ओझा, जय प्रकाश मांझी, मनीष कोरी, प्रदीप तिवारी, जितेंद्र कुशवाहा, शुभेच्छु मिश्र, संदीप रावत, कुलदीप सिंह,आर.के. यादव,लवलीन सिंह, यम.मिश्र,पुष्पा वर्मा,उर्मिला द्विवेदी,राशी तिवारी,भगत काका आदि विद्यालय के स्टाफ और अभिभावक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# व्यथित शिक्षक ने की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकृत करने की मांग

**मऊगंज ब्यूरो।** सरकारी मशीनरी की कार्यप्रणाली से व्यथित होकर शिक्षक मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी ''विश्वमित्र'' ने मुख्यमंत्री को कलेक्टर मऊगंज के माध्मम से पत्र प्रेषित कर स्वैक्छिक सेवानिवृत्त स्वीकृत करने की मांग की है। शिक्षक का आरोप है कि, युवा शहीद केदारनाथ की नगरी मऊगंज के जिले में शिक्षक के स्वत्वों के देयक में 50 प्रतिशत कमीशनी राशि लेते लोकायुक्त द्वारा पकड़े जाने के बावजूद भी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मऊगंज कार्यालय में अतिरिक्त प्रभार प्राप्त लिपिक राजाराम गुप्ता का निलंबन न कर दिन दूना रात चौगुना लूटने की खुली छूट देने से प्रशासन में अराजकता का दौर दिखाई देने लगा है। परिणामतः आसुरी भ्रष्टाचार के विरोधी शिक्षकों को अपने स्वत्वों के देयकों के लिये भारी जलीलता का सामना करने से शैक्षिक वातावरण कागजी स्वरूप ग्रहण करता जा रहा है। ऐसे प्रदूषित व अचंभित करने वाले वातावरण में शिक्षकीय कार्य करने की हमारी आत्मा अब गवाही नहीं दे रही है। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेश के मुखिया के नाते आपसे करबद्ध निवेदन है कि, शीघ्रातिशीघ्र प्रार्थी को स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति दिलाने की कृपा करें ताकि अमरबेल की तरह पनप रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ खुले रूप से संघर्ष कर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व मातृभूमि सुत का गिलहरी कर्तव्य निर्वहन कर आत्मशांति का अनुभव कर जगदीश्वर की अदालत में मुंह दिखाने काबिल रह सकूं।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण कार्यक्रम का हुआ भव्य समापन

**मऊगंज ब्यूरो।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत मनकहरी में भव्यता के साथ मुख्यमंत्री जन कल्याण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत नईगढी ममता कुंज बिहारी तिवारी रही। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कुसुम कली साकेत ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता आरोह फाउंडेशन नईगढ़ी, संतोष कुमार मिश्र, जनपद सदस्य देवकली पटेल, सविता कोल, फूलवती प्रजापति, उपस्थित रहे। पात्र हितग्राही संबंधी विभाग में आवेदन किया गया और उसका परीक्षण कर पात्रता श्रेणी में आने पर योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया।

### विद्यास्थली स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**गोविंदगढ़ ब्यूरो।** विद्यास्थली हायर सेकंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यास्थली स्कूल के डायरेक्टर आर के साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की चेयरपर्सन लक्ष्मी साहू थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल एच के खरे ने की। मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना के बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमे देशभक्ति से ओतप्रोत बच्चों ने अनेक प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रस्तुतियां इतनी मनमोहक थी की लोगो ने बच्चों की जमकर तारीफ की। देशभक्ति गाने, लोकगीत, भाषण और कविताओं के माध्यम से बच्चों ने एक सजीव चित्रण प्रस्तुत किया।

**इन्होंने किया संबोधित :** कार्यक्रम को मुख्य अतिथि आर के साहू ने संबोधित करते हुए कहा की जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए सारे बच्चे पढ़ाई में खूब मेहनत करे और अपने माता पिता और शिक्षकों का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी संबोधित किया।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल पूनम त्रिपाठी , व्यवस्थापिका और कॉर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ब्राम्हनेंदे त्रिपाठी, विद्यालय की डांस टीचर सुमन, मनीष सिंह परिहार, विश्वजीत सिंह, अभिषेक साहू, बृजेंद्र पाठक, निशा, कोमल तिवारी, वंदना पांडेय, स्तुति मिश्रा, श्रेया मिश्रा ,संजीव पटेल, नीलम सोनी,अर्चना मिश्रा , पुष्पलता साहू, माला सेन और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जय स्तंभ एवं क्योटी तिराहे का होगा सौंदर्यीकरण : संदीप सिंह

### नप सिरमौर में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**सिरमौर, नि.प्र.।** गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में नगर परिषद सिरमौर में अध्यक्ष संदीप सिंह द्वारा आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया । राष्ट्रगान सहित अमर शहीदो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । तत्पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में मुख्य अतिथि संदीप सिंह, अध्यक्षता डा. डी.पी.पांडेय (सेवा निवृत्त ब्लाक मेडिकल आफिसर), विशिष्ठ अतिथि विजय सोनी उपाध्यक्ष नप सिरमौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह, उपयंत्री प्रिया शुक्ला सहित पार्षदगणों के आतिथ्य में विशाल समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. डी पी पांडेय ने कहा की सिरमौर में वार्डो की गलियों का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर कर रखा जाय यह उनके प्रति श्रद्धांजलि होगी । साथ ही



सिरमौर में विकास के मार्ग प्रशस्त करे । जय स्तंभ चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम शिला पट्टी लेख कराने पर नप अध्यक्ष संदीप सिंह को बधाई दिया ।

**नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा :** गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह जी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा में नप उपाध्यक्ष विजय सोनी, डा डी पी पांडेय, बृजेश पांडेय, निज सचिव मनोज सोनी सहित सैकड़ों स्थानीय जन समुदाय सहित कर्मचारी हाथ में तिरंगा लेकर कार्यालय नगर परिषद सिरमौर से होते हुए डभौरा रोड,जय स्तंभ चौक से लेकर दीनदयाल पार्क तक पैदल यात्रा भारत माता की जय, वंदे मातरम , अमर शहीदों की जय घोष करते हुए किया गया।

**आनंद उत्सव में विजेताओं को मिला पुरस्कार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में मध्य प्रदेश शासन की गाइडलाइन अनुसार आनंद उत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें रस्सी खीच, कुर्सी दौड़, पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को नगर परिषद अध्यक्ष श्री संदीप सिंह जी द्वारा पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

## राष्ट्रीय खेल सिर्फ खेल स्पर्धा नहीं बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का मजबूत मंच : प्रधानमंत्री

# रंगारंग लेजर शो के बीच देवभूमि में 38वें नेशनल गेम्स का शुभारंभ

जेएनएन, देहरादून

देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी में मंगलवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों का विभिन्न लेजर शो के बीच आगाज हो गया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर स्थित राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने राष्ट्रीय खेलों की मशाल 'तेजस्विनी' सौंपी। वहीं, देश भर से आई 35 खिलाड़ी टीमों ने अपने ध्वजों के साथ मार्च पास्ट किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कोई देश खेल में आगे बढ़ता है, तो देश की साख भी बढ़ती है और प्रोफाइल भी बढ़ता है। यहां कई रिकॉर्ड टूटेंगे, नए रिकॉर्ड बनेंगे, लेकिन यह राष्ट्रीय खेल सिर्फ खेल स्पर्धा नहीं बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का मजबूत मंच भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्टेडियम पहुंचे थे। सर्दी के मौसम के बावजूद करीब 25000 दर्शक रंगारंग समारोह को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने 2022 (गुजरात) और 2023 (गोवा) में खेलों के पिछले दो सत्र का भी उद्घाटन किया था। इससे पहले सजी हुई गोल्फ कार्ट में स्टेडियम का चक्कर लगाने के बाद मोदी को पारंपरिक पहाड़ी टोपी, शॉल और खेलों के शुभंकर मौली और पदकों की प्रतिकृति वाला स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। 14 फरवरी तक यह खेल चलेंगे और देहरादून में मुख्य आयोजन स्थल सहित इस पहाड़ी राज्य के सात शहरों में स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।





# वरुण का पंजा बेकार, इंग्लैंड सीरीज में बरकरार

### तीसरे टी-20 में टीम इंडिया 26 रन से हारी, चौथा मैच 31 जनवरी को

### पांच मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे

जेएनएन, राजकोट

भारतीय टीम को अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में 26 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज में खुद को बरकरार रखा है। 172 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 146 रन पर ही रुक गई और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का पंजा भी बेकार चला गया। पांच मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। चौथा मुकाबला 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। इंग्लैंड के लिए पावरप्ले में जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड प्रभावी रहे, तो बीच के ओवरों में लेग स्पिनर आदिल रशीद ने दबाव बनाया। हार्दिक पंड्या ने सर्वाधिक 40 रन बनाए, लेकिन इसके लिए उन्होंने 35 गेंद खेल डाली। पहले दो मैच में आर्चर के सामने सहज होकर नहीं खेल सके संजू सैमसन छह गेंद में तीन रन बनाकर फिर इसी गेंदबाज का शिकार हुए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 14 गेंद में 25 रन बनाए, लेकिन ब्राइडन कार्स ने उन्हें पवेलियन भेजा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सात गेंद में 14 रन बनाए और वह वुड की गेंद पर गलत शॉट खेलकर एक बार फिर सस्ते में विकेट गंवा बैठे। फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा उस लय को कायम नहीं रख सके और रशीद की गेंद सीधे उनके स्टम्प पर लगी। इससे पहले वरुण चक्रवर्ती ने फिरकी का जादू बिखेरते हुए पांच विकेट लिए, जिसकी मदद से भारत ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 171 रन पर रोक दिया। बेन डकेट (51) के आक्रामक अर्धशतक के बाद इंग्लैंड की टीम ने लय खो दी और सपाट विकेट पर चक्रवर्ती ने उसे एक के बाद एक झटके दिए। एक समय इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 83 रन था, जो आठ विकेट पर 127 रन हो गया। लियाम लिविंगस्टोन ने 24 गेंद में 43 रन बनाकर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 46 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि चक्रवर्ती ने चार ओवर में 24 रन देकर पांच विकेट चटकाए। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया।



### 14 महीने बाद शमी मैदान पर

मोहम्मद शमी ने 14 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की। इससे पहले शमी ने नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल खेला था। अंतिम एकादश में एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के रूप में अर्शदीप सिंह की जगह लेने वाले शमी ने पहला ओवर डाला। उन्होंने 140 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया।

■ वरुण चक्रवर्ती ने टी-20 में दूसरी बार पारी के पांच विकेट लिए। इससे पहले उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में भारत के लिए पांच विकेट लिए थे। वह भुवनेश्वर और कुलदीप यादव के क्लब में शामिल हो गए। इन दोनों के नाम भी भारत के लिए टी-20 में दो बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

## स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड : 171/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट का. अभिषेक बो. हार्दिक | 5 | 7 | 1 | 0 |
| डकेट का. अभिषेक बो. अक्षर | 51 | 28 | 7 | 2 |
| बटलर का. सैमसन बो. वरुण | 24 | 22 | 1 | 1 |
| हैरी ब्रूक बो. बिश्नोई | 8 | 10 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का. ध्रुव बो. हार्दिक | 43 | 24 | 1 | 5 |
| स्मिथ का. ध्रुव बो. वरुण | 6 | 4 | 0 | 1 |
| जेमी ओवर्टन बो. वरुण | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कार्स का. तिलक बो. वरुण | 3 | 4 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर बो. वरुण | 0 | 2 | 0 | 0 |
| आदिल राशिद नाबाद | 10 | 9 | 1 | 0 |
| मार्क वुड नाबाद | 10 | 10 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 11, **कुल** : 20 ओवर में 9 विकेट पर 171 रन, **विकेट पतन** : 1-7, 2-83, 3-87, 4-108, 5-115, 6-115, 7-127, 8-127, 9-147, **गेंदबाजी** : शमी 3-0-25-0, हार्दिक 4-0-33-2, वॉशिंगटन सुंदर 1-0-15-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-24-5, रवि बिश्नोई 4-0-46-1, अक्षर पटेल 3-0-19-1, अभिषेक शर्मा 1-0-4-0.

**भारत : 146/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. राशिद बो. आर्चर | 3 | 6 | 0 | 0 |
| अभिषेक का. आर्चर बो. कार्स | 24 | 14 | 5 | 0 |
| सूर्यकुमार का. साल्ट बो. वुड | 14 | 7 | 1 | 1 |
| तिलक वर्मा बो. राशिद | 18 | 14 | 1 | 1 |
| हार्दिक का. बटलर बो. ओवर्टन | 40 | 35 | 1 | 2 |
| सुंदर का. बटलर बो. ओवर्टन | 6 | 15 | 0 | 0 |
| अक्षर का. राशिद बो. आर्चर | 15 | 16 | 2 | 0 |
| जुरेल का. साल्ट बो. कार्स | 2 | 4 | 0 | 0 |
| शमी का. ब्रूक बो. ओवर्टन | 6 | 4 | 0 | 1 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 5 | 4 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 12, **कुल** : 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन, **विकेट पतन** : 1-16, 2-31, 3-48, 4-68, 5-85, 6-123, 7-131, 8-140, 9-140, **गेंदबाजी** : जोफ्रा आर्चर 4-0-33-2, मार्क वुड 3-0-29-1, ब्राइडन कार्स 4-0-29-2, लिविंगस्टोन 1-0-11-0, आदिल राशिद 4-0-15-1, जेमी ओवर्टन 4-0-23-3.

# तृषा के शतक से टीम इंडिया ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

### प्लेयर ऑफ द मैच

**तृषा 110* रन व 3 विकेट**



110 रन
59 गेंद
13 चौके
04 छक्के

कुआलालंपुर, जेएनएन। सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया, जिससे भारत ने मंगलवार को स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम अब 31 जनवरी को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगी। तृषा महिला अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी भी बन गई हैं। इस सलामी बल्लेबाज ने 59 गेंद में नाबाद 110 रन की पारी खेली। तृषा पहले विकेट के लिए कमालिनी जी (51) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रुप एक के इस मैच से पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम ने 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए, सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिए, जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

## खेल एक नजर

### टेस्ट : गॉल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत की लय कायम रखने उतरेगा श्रीलंका

गॉल, जेएनएन। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 29 जनवरी से शुरू होने वाली है। सीरीज का पहला मैच गॉल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही फाइनल का टिकट कटा चुका है, जबकि श्रीलंका इस रेस से बाहर है। ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कमान स्टीव स्मिथ को सौंपी गई है। वहीं श्रीलंका की कप्तानी धनंजय डि सिल्वा करेंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 33 मुकाबले खेले गए हैं। 20 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है और श्रीलंका सिर्फ 5 मैच ही जीत पाई है। 8 मुकाबले ड्रॉ हुए हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आईसीसी सीईओ का पद छोड़ेंगे एलार्डिस


दुबई, जेएनएन। ऑस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस ने चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट से कुछ सप्ताह पहले मंगलवार को आईसीसी मुख्य कार्यकारी (सीईओ) के पद से हटने की घोषणा की। एलार्डिस 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया' से 2012 में आईसीसी में क्रिकेट महाप्रबंधक के तौर पर जुड़े थे। इस 57 साल के खेल प्रशासक को आठ महीने तक कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य करने के बाद नवंबर 2021 में सीईओ नियुक्त किया गया था। एलार्डिस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आईसीसी बोर्ड अब एलार्डिस के उत्तराधिकारी की खोज की प्रक्रिया शुरू करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान में होगा।

### भारतीय अंडर-20 महिला टीम तुर्किये में तीन मैत्री मैच खेलेगी

नई दिल्ली, जेएनएन। भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान जॉर्डन, हांगकांग और रूस के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में यह टीम वर्तमान में बेंगलुरु में अभ्यास कर रही है। टीम 19 फरवरी को जॉर्डन से भिड़ेगी, उसके बाद 22 फरवरी को हांगकांग से और 25 फरवरी को अंतिम मैत्री मैच में रूस का सामना करेगी। भारत की अंडर-20 महिला टीम को इस साल जुलाई में होने वाली सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप और अगस्त 2025 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालिफायर (2026) जैसे अहम टूर्नामेंटों में खेलना है।

# आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड पाने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला खिलाड़ी बनी एमेलिया

दुबई, जेएनएन। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर ने मंगलवार को प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया। केर को 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया। 24 साल की एमेलिया ने लॉरा वोलवार्ट, चामरी अटापट्टू और अनाबेल सदरलैंड जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर महिला क्रिकेट का शीर्ष सम्मान हासिल किया। पूरे साल के दौरान अमेलिया ने खेल के हर विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तरीय ऑलराउंडर के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन फील्डिंग ने न्यूजीलैंड को कई मौकों पर मुश्किल से उबारा जबकि लेग स्पिनर के रूप में उनके कौशल ने उन्हें दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया।



■ अमेलिया ना केवल राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी हैं, बल्कि किसी भी श्रेणी में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी भी हैं।

■ पहली बार 2017 में शुरू की गई राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी को अमेलिया से पहले सिर्फ तीन खिलाड़ियों को दिया गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट स्काइवर-ब्रंट शामिल हैं। इन तीनों ने दो-दो बार यह पुरस्कार जीता है।

# अल-हिलाल क्लब के लिए नहीं खेलेंगे नेमार

### अनुबंध खत्म, ब्राजील के नेमार ने क्लब के लिए खेले केवल सात मैच

रियो दि जिनेरियो, जेएनएन। सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले, जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्य करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार में से एक था, जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई, जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राजील के लिए खेल रहे थे।





# अभ्यास सत्र में दिखा कोहली का जोश और जुनून, दिल्ली की कप्तानी से किया इनकार

### बीसीसीआई मैच की लाइव स्ट्रीमिंग की कर रहा है तैयारी

नई दिल्ली, जेएनएन। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लंबे समय के बाद रणजी ट्रॉफी के अपने वापसी मैच में दिल्ली का नेतृत्व करने के प्रस्ताव को विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया है, क्योंकि वह चाहते हैं कि मौजूदा सत्र के आखिरी मैच नियमित कप्तान आयुष बडोनी टीम का नेतृत्व करना जारी रखें। भारतीय विकेटकीपर रिषभ पंत ने भी पिछले मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ इस टीम का नेतृत्व करने के मना कर दिया था। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक अधिकारी ने बताया, विराट से पूछा गया था कि क्या वह कप्तानी करना चाहेंगे? उन्होंने कहा कि वह चाहेंगे कि आयुष टीम का नेतृत्व जारी रखें। इस बीच कोहली की मौजूदगी से प्रशंसकों की भारी दिलचस्पी को देखते हुए बीसीसीआई और घरेलू प्रसारणकर्ता जियो सिनेमा ने मैच को लाइव-स्ट्रीम करने का फैसला किया है। मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम के गेट के सामने की भीड़ सामान्य से कुछ अधिक थी। ऐसा इसलिए भी था क्योंकि विराट कोहली लगभग 13 साल बाद दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी के अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले थे। उन्हें रेलवे के खिलाफ 30 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। सिर्फ मीडिया की भीड़ को ही अंदाजा लगाते हुए गेट पर खड़े सब इंस्पेक्टर ने अपने साथ में खड़े कॉन्स्टेबल से कहा कि अगर ऐसा है तो आगे आने वाले दिनों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ानी पड़ेगी।

### फुटबॉल खेलने के बाद दौड़ लगाई

कोहली तय समय के अनुसार सुबह अपनी काली पोर्श कार से 9.30 बजे स्टेडियम पहुंच चुके थे। उन्होंने अपने दिल्ली टीम के साथियों में सबसे बाद मैदान में प्रवेश किया और अभ्यास की तैयारियों में जुट गए। सर्किल फुटबॉल खेलने के बाद उन्होंने दौड़ लगाई, जिसमें दिल्ली के लगभग 20 खिलाड़ियों की झुंड में कोहली ने सबसे पीछे दौड़ना शुरू किया था, लेकिन मैदान के आधे चक्कर की दौड़ के बाद टीम का यह सबसे सीनियर खिलाड़ी अपने सभी जूनियर खिलाड़ियों में सबसे आगे था। इसके बाद उन्होंने टीम के 100 मीटर स्प्रिंट सत्र में भी हिस्सा लिया।

### रोहित, यशस्वी और श्रेयस टीम में नहीं

अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के चलते रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी में मुंबई का अंतिम मुकाबला नहीं खेल सकते हैं। 30 जनवरी से शुरू हो रहे अगले राउंड में विराट कोहली और केएल राहुल खेलने जा रहे हैं, जबकि मुंबई के ये तीनों खिलाड़ी पिछले राउंड में ही खेल चुके थे।

# बेसबॉल सिलेक्शन ट्रायल संपन्न



भोपाल, खेप्र। एलएनसीटी महाविद्यालय में आरजीपीवी राज्य स्तरीय बेसबॉल (महिला-पुरुष) के सिलेक्शन ट्रायल 2024-25 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आरजीपीवी के अंतर्गत आने वाले इंदौर, जबलपुर, सागर नोडल तथा भोपाल नोडल के अंतर्गत आने वाले एलएनसीटी, सागर, एसआईआरटी, बंसल, कॉर्पोरेट जेएनसीटी के 80 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शाहनवाज हुसैन, दीपक पटेल, अमित कुमार यादव, ध्रुव खन्ना, राज सोनी और कृष्णकांत पटेल ने निभाई। एलएनसीटी ग्रुप के स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 15 से 17 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल प्रतियोगिता में आरजीपीवी विश्वविद्यालय बेसबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## वॉकथॉन रैली 2 फरवरी को

रीवा। कैंसर रोग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वॉकथॉन रैली 2 फरवरी को आयोजित की गई है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। नेशनल हास्पिटल के संयोजकत्व में आयोजित रैली कलेक्ट्रेट रीवा परिसर से प्रातः 8 बजे आरंभ होकर अटल पार्क में समाप्त होगी।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

रीवा। आकस्मिकता योजनान्तर्गत अत्याचार से पीड़ित 80 व्यक्तियों को 64 लाख 50 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 53 पीड़ित हितग्राहियों को 39 लाख 75 हजार रूपये तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के पीड़ित 27 हितग्राहियों को 24 लाख 75 हजार रूपये की सहायता राशि आकस्मिकता योजना के तहत स्वीकृत की गई है।

# दलित सरपंच की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का प्रयास

### चाकघाट थाना क्षेत्र का मामला

**जागरण, रीवा।** चाकघाट थाना क्षेत्र में एक युवक पर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि उनकी 14 वर्ष की लड़की स्कूल से लंच टाइम में घर आई जहां से वह शौच क्रिया के लिए खेत तरफ गई हुई थी तभी गांव के ही एक युवक द्वारा लड़की को जबरन राई के खेत में खीच कर ले जाया गया और दुष्कर्म का प्रयास किया गया, जब लड़की ने शोर शराबा किया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता पंचायत सरपंच है और उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

# दबंगों ने रास्ता कर दिया बंद

### दिव्यांग दंपति ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार

रीवा। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के पैरों से विकलांग पति-पत्नी घुटने के बल चलते हुए अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित वृद्ध दंपत्ति का आरोप था कि वो करीब 9 वर्ष समस्याा के समाधार के लिए कार्यालयों का चक्कर लगा रहे है। लेकिन न्याय नहींमिल रहा। बताया गया कि दबंगों द्वारा शासकीय भूमि में कब्जा कर बंद किए गए रास्ते को खुलवाने के लिए वो कई साल से परेशान है। सेमरिया तहसील के ग्राम खड्डा निवासी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय दबंगों द्वारा उसके घर के सामने स्थित शासकीय भूमि में कब्जा कर रास्ते को बंद कर दिया गया है। पीड़ित के मुताबिक उसने तहसील न्यायालय में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर तहसील द्वारा कब्जे धारी को हटाने के भी निर्देश दिए जा चुके हैं, बावजूद इसके दबंगों द्वारा बंद किया गया रास्ता अब तक नहीं खुलवाया गया है।

# एनएच 30 में बढ़े सड़क हादसे

# प्रयागराज से लौट रही कार डिवाइडर से टकराई, महिला की मौत, तीन गंभीर

### कार सवार हुए दुर्घटना का शिकार



**जागरण रीवा**

मनगवां थाना क्षेत्र के प्रयागराज ओवर ब्रिज के पास बीती रात करीब दो बजे प्रयागराज से लौट रहे कार सवार सड़क हादसे का शिकार हो गए। अचानक अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए जहां संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन का उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार सवार प्रयागराज में गंगा स्नान करने के बाद पुणे जा रहे थे जो मनगवा के समीप सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना के संबंध में घायल महिला जामवती सिंह ने बताया कि वह अपने पति दुर्गेश सिंह ससुर आजाद सिंह और सास उषा सिंह साहित अपनी बच्ची के साथ धार्मिक स्थल का दर्शन करने के लिए निकले थे। बीती रात प्रयागराज में गंगा स्नान करने के बाद वह वापस पुणे जा रहे थे तभी मनगवां के समीप रात 2 बजे के कार डिवाइडर से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार में बैठे लोग शीशा तोड़कर बाहर जा गिरे । इस घटना में आजाद सिंह और उषा सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनमे ऊषा सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि घटना में घायल दुर्गेश सिंह को भी गंभीर चोट आई है। दुर्गेश की पत्नी जामवती सिंह ने बताया कि गाड़ी दुर्गेश सिंह चला रहे थे अचानक उन्हें झपकी आ गई और गाड़ी डिवाइडर से जा टकराई।

### एनएच में बने कट बन रहे दुर्घटना का कारण

एनएच 30 में वाहनों की रफ्तार काफी तेज रहती है, वहीं डिवाइडर के बीच जगह-जगह बने कट दुर्घटना का कारण बन रहे है। अचानक इन कट से वाहन मुड़ते है, जिसके चलते एनएच में तेज रफ्तार से चल रहे वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। गौरतलब है कि इस समय कुंभ मेला के चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक है, इसके बावजूद सुरक्षा की दुष्टि से जगह-जगह बने कट को जिम्मेदारों ने बंद करवाना उचित नहीं समझा जो दुर्घटना का कारण बन रहे है।

## अचानक सड़क पर आए डंपर से टकराई कार



**रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के यूमा कटरा के पास मंगलवार की शाम करीब 6.30 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। अचानक प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी कार सड़क पर आए डंपर से टकरा गई। घटना में कार सवार तीन लोग घायल हुए है। हादसे के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक टवेरा कार क्रमांक एम एच 25 आर 3864 से प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अचानक सड़क पर आए डंपर से टकरा गई। घटना में कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया साथ ही उसमे सवार तीन लोग घायल हुए है। हादसे में गणेश नारायण बोके पुत्र नारायण आत्मा राम बोके 49 वर्ष निवासी मंगलवारी चौक घास बाजार खड़गीपुरा थाना लकड़गंज नागपुर, मंजूड़ा बाईनारायण बोके पत्नी नारायण आत्माराम बोके 70 वर्ष , राधिका राधेश्याम श्री पाद पत्नी राधेश्याम निवासी लकड़गंज नागपुर घायल हुई जिन्हे उपचार के लिए पुलिस ने गंगेव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया वहीं गढ़ पुलिस ने डंपर क्रमांक एमपी 17 जी 2931 को जब्त कर कार्रवाई की है।

### घायलों से मिलने पहुंचे एसपी

प्रयागराज से कार से लौट रहे परिवार की मनगवां के पास हुए सड़क हादसे की जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। घटना में वृद्धा की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में चल रहे घायलों के उपचार के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली साथ ही उपचार में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# खेत में पानी लगाने के लिए निकले युवक पर जानलेवा हमला

### गुढ़ थाना क्षेत्र के ओढ़की गांव की घटना

**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ओढ़की गांव में घर से खेत में पानी लगाने के लिए निकले युवक पर बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। घायल युवक का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। घटना की सूचना परिजनों द्वारा गोविंदगढ़ पुलिस को दी गई है। बताया गया कि युवक के साथ तीन की संख्या में रहे आरोपियों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना के संबंध में गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ओढ़की निवासी सत्येंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि वह अपने चचेरे भाई शिवेंद्र के साथ खेत में पानी लगाने जा रहा था इसी दौरान थार जीप में सवार होकर आए तीन की संख्या में शातिर अपराधी पहुंचे और उसके चाचा के लड़के शिवेंद्र से गाली गलौज करने लगे। इसके बाद देखते ही देखते उसके ऊपर हमला बोल दिया इस दौरान सत्येंद्र से भी मारपीट की गई लेकिन आरोपियों के टारगेट में शिवेंद्र था जिसके साथ जमकर मारपीट की गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए वहीं सत्येंद्र द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने गोविंदगढ़ पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है।

# नशीली कफ सिरप का जखीरा बरामद तीन आरोपी सहित बाल अपचारी पकड़ाया

### कार में मिली थी खेप, किराए के कमरे में मिला स्टॉक




**जागरण, रीवा।** समान थाना क्षेत्र में रतहरा बाइपास के पास बीती रात पुलिस ने नशीली कफ सिरप का बड़ा जखीरा पकड़ा है। कार सहित किराए के कमरे से पुलिस ने 2 लाख 80 हजार रुपए की 1440 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों सहित एक बाल अपचारी को पकड़ा है। पूरी मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम में खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक ने कहां कि पकड़े गए आरोपियों से अवैध नशीली कफ सिरप की लिंक का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने मामले में एक आपचारी बालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दरअसल यह करवाई रीवा शहर की समान थाना पुलिस ने शहर के रतहरा बाईपास में की है। बताया गया कि आरोपी ज्यादा प्रॉफिट कमाने के चक्कर में नशे के कारोबार में शामिल हुए थे जो अब नशे की बड़ी खेप के साथ पकड़े गए है। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर सामान थाना पुलिस ने रतहरा के समीप एक सफेद रंग की आर्टिका कार को घेराबंदी कर पकड़ा था। मौके पर कार के भीतर रखी मिली नशे की खेप के बाद जब कार सवारों से पूछताछ की गई तो उनकी निशानदेही पर रतहरा में ही स्थित एक घर में नशे की अन्य बड़ी खेप रखी मिली। बताया गया कि आरोपियों ने नशे के कारोबार को संचालित करने के लिए किराए का मकान ले रखा था, जहां वह नशे की खेप को डंप कर फुटकर करोबारियों तक सप्लाई करते थे। फिलहाल पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 12 पेटी में 1440 शीशी नशीली कफ सिरप मिली है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए आकी गई है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने घटना में शामिल जिन दो आरोपियों को पकड़ा है, उनके खिलाफ पूर्व में आर्मस एक्ट व मारपीट के तहत मामला पंजीबद्ध था, वहीं अब आरोपी एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़े गए है। पकड़े गए दो आरोपी मूलतः लौर थाना क्षेत्र के है, जिनमे कमल नयन सिंह पिता अशलेंद्र सिंह 19 वर्ष निवासी उचेहरा बाराती थाना लौर व विकाश सिंह पिता अखिलेश्वर सिंह 18 वर्ष शामिल है, वहीं तीसरा आरोपी राहुल पटेल पिता पिता स्व.राजेंद्र पटेल निवासी ग्राम कैथा अमिलिया थाना गढ़ पकड़ा गया है। इसके साथ पुलिस ने मामले में एक अपचारी बालक को भी पकड़कर विधि विरुद्ध कार्रवाई की है। नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई में समान थाना प्रभारी विकास कपीस सहित पुलिस टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# बैंक का नहीं चुकाया लोन, 65 लाख पहुंचा बकाया, दुकान और मकान हुआ कुर्क



**जागरण, रीवा।** एक व्यापारी ने बैंक से 65 लाख रुपए का कर्ज लिया। ट्रेडिंग का कारोबार शुरू किया लेकिन बैंक की किस्त अदा नहीं की। बैंक ने पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में दुकान और मकान को कुर्क करने की कार्रवाई की। इसी तरह एक ग्राहक ने बैंक से मकान खरीदने के लिए कर्ज लिया था। मकान खरीदने के लिए कर्ज की राशि अदा नहीं की। बैंक ने पेमी फाइनेंसियल सर्विसेज के माध्यम से मकान को प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में कुर्क कर दिया है।

पेमी फाइनेंसियल सर्विसेज के संचालक श्री परिहार ने बताया कि रीवा निवासी राजेश बजाज ने कैपरी ग्लोबल फाइनेंस कंपनी से व्यापार के लिए 65 लाख रुपए का लोन लिया था।लोन लेने के बाद ग्राहक ने व्यापार तो बढ़ाया लेकिन बैंक का कर्ज अदा नहीं किया। एक भी किश्त नहीं जमा की थी। इसके बाद बैंक ने सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई की। बैंक से भी कई मर्तबा ग्राहक को नोटिस जारी किया गया था लेकिन ग्राहक ने राशि समय पर नहीं चुकाई। पेमी फाइनेंशियल सर्विसेज ने डिफाल्ट उपभोक्ता के खिलाफ जिला प्रशसन के पास अपील की। जिला प्रशासन ने कार्रवाई के आदेश जारी किए। इसके बाद मंगलवार को डिफाल्टर उपभोक्ता की का मकान और दुकान दोनों कुर्क कर दिया गया। इस दौरान तहसीलदार हुजूर के निर्देश पर राजस्व अमला से नायब नाजिर अंकुर, पटवारी धीरज, कोल बाबू एवं सिविल लाइन थाना का बल मौजूद रहा।

प्राधिकृत अधिकारी विशाल श्रीवास्तव, शिवराम सिंह, रवि बघेल भी मौजूद रहे। इसी तरह विंध्य विहार कालोनी में पंजाब नेशनल बैंक से मुनीश सोनी ने 5 लाख रुपए का लोन घर खरीदने के लिए लिया था। मुनीश सोनी ने घर तो लोन लेकर खरीद लिया लेकिन बैंक के लोन की एक भी किस्त जमा नहीं की। इसके बाद मंगलवार को मकान को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बैंक के प्राधिकृत अधिकारी व एडवोकेट सुभम पटेल, अमन सोनी, अवधलाल साकेत, पेमी फाइनेंसियल सर्विसेज से सीपी सिंह परिहार, जीतेन्द्र मिश्रा, सरकार सिंह, एडवोकेट रोहित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# 20 लाख कीमत के 151 मोबाइल बरामद

### पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को खोजकर फरियादियों को किया सुपुर्द



**जागरण, रीवा।** पुलिस ने मंगलवार को गुम हुए 151 मोबाइलों को खोज कर उन्हे शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द किया। गुम हुए मोबाइल की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह द्वारा मोबाइल घूमने की शिकायत दर्ज करने वाले लोगों को उनके घुमे हुए मोबाइल वापस लौटाए। एसपी विवेक सिंह ने बताया कि मोबाइल गुमने की रोजाना आने वाली शिकायतों के चलते टीम गठित कर लोगों के गुमे हुए मोबाइल को साइबर की मदद से खोजने का अभियान चलाया गया था, जिसके तहत अब तक 151 मोबाइल बरामद किए गए है, साथ ही अन्य गुम हुए मोबाईलों की भी खोज की जा रही है। एसपी ने कहा कि मोबाइल लोगों के लिए बेहद ही जरूरी उपकरण हो चुका है, जिसमें लोगों के दस्तावेज तक सुरक्षित रखे जाते हैं। ऐसे में मोबाइल गुमने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एसपी ने कहा कि लोगों की मोबाइल गुमने से आने वाली परेशानियों को देखते हुए मोबाइल खोजने का अभियान चलाकर गुमे हुए 151 मोबाइल बरामद कर आज वापस लौटाए गए हैं। फिलहाल मोबाइल मिलने के बाद लोगों के चेहरों में एक नई मुस्कान देखने को मिली है। वहीं जिन लोगों के मोबाइल अब तक नहीं मिले है वो भी पुलिस की ओर टकटकी लगाए बैठे है।

DnD Marriage Garen
For Booking Contact: 6260806864
पताः कोष्टा जिवला, रतहरा, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

TVS
सचमुच एक फायदेमंद साझेदारी
लैंडमार्क टीवीएस, रीवा इन स्थानों पर ऐड एवं एएसएसपी डीलरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
मऊगंज, गढ़, कटरा, गोविंदगढ़, डभौरा, सिरमौर, लालगांव, रायपुर कर्चुलियान, मनिकवार, शाहपुर, सानौरी (चाकघाट) देवतालाब
AD Point : Space Required - 1800 Sq.ft.
ASSP Point : Space Required - 1200 Sq.ft.
1- लैण्डमार्क TVS, युनिवर्सिटी रोड, निराला नगर के सामने, रीवा
2-होटल लैण्डमार्क, इलाहाबाद रोड, रतहरा, रीवा
संपर्क करें: गौरव प्रताप सिंह 9993599022

BAL BHARATI SCHOOL
Sirmour Chowk, Rewa (M.P.)
NURSERY ADMISSIONS
Academic Year 2025-26
Online registration for class Nursery will be held on Sunday, 09.02.2025 from 9.00 am.
Parents interested to admit their wards in Nursery Class should see the school notice board for detailed information or visit our website www.balbharatischool.in.
For admission to Nursery, age of the child must be between 3 years to 4 years as on 31.07.2025
For more details, the office can be contacted on
07662251111 or 7225981895
(only on working days)
Director

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
9302496943
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गायेल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू यादव
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श: हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं- इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर
समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

100 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
की तरफ से 19 जनवरी से लेकर 15 मार्च तक स्वास्थ्य सेवाओं में *विशेष छूट*
ओपन एवं लेप्रोस्कॉपी हिस्टेरेक्टॉमी (बच्चेदानी) के ऑपरेशन में 10% की *विशेष छूट*
Pap-smear टेस्ट में सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 50% तक की *विशेष छूट*
Pap-smear के बारे में आपको जानना चाहिए:- Pap-smear टेस्ट के माध्यम से हम महिलाओं में होने वाले घातक सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगा सकते हैं तथा उसके रोकथाम के लिए उचित परामर्श ले सकते हैं।
आयुष्मान योजना के अंतर्गत किडनी की पथरी तथा पित्त की थैली (गॉलब्लैडर) की पथरी का निःशुल्क इलाज
मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध
24/7 SERVICE
पता- पी.टी.एस. न्यू बस स्टैण्ड रोड, फ्लाई ओवर के बगल में, रीवा
फो.: 07662-469015, मो.: 7566908666

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com